न च अविद्यया बंधः इति श्रुत्यादिप्रसिद्धेर्नैवमिति वाच्यं दंडघटा-दिसमानयोगक्षेमत्वात्प्रसिद्धेः "एवं शुद्धौ ब्रह्मवादः सिद्धो भवति सन्मते।

अन्यस्याणोरपि प्राप्तौ मायापक्षो न किं भवेत् ॥

न भवेत् श्रुतितो हि प्रपंचस्य ब्रह्मतोच्यते तस्य नित्यत्वादा-विर्भावतिरोभावावुच्येते तौ च विद्यमानस्यैव वस्तुनः संभवतो नासतः। सतश्च नासत्वं। तथाच संसारस्याविद्याहेतुकत्वमेव श्रुतिर्वदति न प्रपंचवद्ब्रह्मरूपताम्। प्रपंचरूपेणाविर्भावमुक्त्वा यदविद्यया संसारमाह। विद्यया तद्भावं चाहातः प्रपंचभिन्नत्वमवश्यमूरीकार्यम्। तथा सत्यसत्यत्वमेव संपद्यते संसारस्य।

यच्चोक्तं दंडमुद्गरघटादि-समानयोगक्षेमत्व मविद्याविद्याकृतबंध-मोक्षयोरिति तत्राप्युच्यते स्यादेवं यदि प्रपंचमध्यपातित्वं स्यात्संसारस्य नचैवं कारणभेदात्। नहि यौक्तिकमदिं शास्त्र किंतु श्रौतमित्यास्ति-कैस्तथैव मंतव्यमिति

अस्य स्वरूपं ज्ञानपर्यंतमेव तिष्ठतीति वक्तुमाह ॥२६॥

व्रजभाषाटीका

अब कितनेक मतवादी जगत्कूँ मिथ्या कहकें भगवद्भक्तिको निवारण करेंहैं। अर्थात् जैसें स्वप्नके पदार्थनसों सेवा नहिं करसकेहैं ऐसेंही जगत्के पदार्थभी स्वप्नके पदार्थन्के समान झूठे हैं। इनसोंभी भगवत्सेवा नहिं होय सके हैं। ये उनको अभिप्राय है। कितनेक मतवादी जीवकूँ व्यापक बतायके भगवत्सेवासों विमुख करें हैं। अर्थात् जीव सर्व ठिकानें विद्यमान है और जीव है सोही ब्रह्म है तो जीव कौनकी सेवा करे! या रीतिसों मोह करावेंहैं, इन दोनों मतनकूं दूर करवे के लिये जडपदार्थ तथा जीवको यथार्थ स्वरूप वर्णन करें हैं।

तहां सांख्य, पातञ्जल तथा वेदशास्त्रकर्ता जगत्कूं प्रकृतिसों बन्यो मानें हैं। और गौतम, कणाद, जैमिनि ऋषि जगत्कूं परमाणुको बन्यो मानें हैं। तथा मायावादी जगत्कूं विवर्त्तरूप मानें हैं, जैसे शुक्तिका रजतको विवर्त है वेसे। अर्थात् जैसे छीपमें चांदीको धोका होजायहै तब छीपही चांदी दीखेहै ऐसेही अनादि वासनासों जीवकों शुद्धब्रह्ममें जगत्को धोका होरह्यो है तासों शुद्ध-ब्रह्मही जगत्रूपसों भासमान होवे हैं। तथा कणाद, गौतम, जैमिनि, या जगत्के प्रति अदृष्टकूं निमित्त मानेंहैं। सांख्यवादी या जगत् के प्रति स्वभावकूं निमित्त मानें हैं। मायावादी वासनाकूं या जगत्के प्रति निमित्त मानें हैं और बौद्धमतवारे जैसे बादल पहलेसों नहिं होय है फिर अकस्मात् हो जाय है ऐसेंही जगत् असतः सत्तारूप है अर्थात् पहलें नहीं हतो शून्य हतो फिर अकस्मात् जगत् होगयो ऐसे माने हैं। परन्तु यारीतिको जगत् नहीं है।

जगत् भगवान्को कार्य है "तदात्मानूँस्वयमकुरुत" इत्यादि श्रुतिन्के अनुसार परब्रह्मको अविकृत परिणाम ये जगत् है अर्थात् परब्रह्म पुरुषोत्तमही अनेक प्रकारसों लीला करवेके लिये (प्रपञ्च) जगत्रूप होय रहे हैं। आपही याके करवेवारे हैं। वेदको यही सिद्धान्त है और श्रीमद्भागवत तथा वैष्णव शास्त्र श्रीनारदपंचरात्र को भी ये ही सिद्धान्त है कि भगवान्में सर्वभवन-सामर्थ्य है अर्थात् पुरुषोत्तममें ऐसी अद्भुत सामर्थ्य है के जैसो रूप धारणकरनों चाहें वैसेही

होजावें हैं। वा सामर्थ्यसों आप जगत्रूप भयेहैं, वाही सामर्थ्यसों माया कहे हैं। वाको वर्णन वेदमें "परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञान बलक्रिया च" या मुंडक श्रुति में है।

यहां कितनेक वादी संसार तथा जगत्कूं एक समुझिकें जगत्कूंभी मिथ्या मानेंहैं यह उनकी भूल है। क्योंकि प्रपंच तथा जगत् ये दोनों जड़ जीव इनके नाम हैं और जगत्के उपादान कारण भगवान् हैं। और जैसें मनुष्य अपनी सामर्थ्यसों काम करेंहैं वह मनुष्यकी सामर्थ्य मनुष्यसों जुदा नहिंहै ऐसेंही भगवान् अपनी सर्व भवन सामर्थ्यसों जगत् बनावें हैं वह सामर्थ्य भगवान्सों जुदी नहिंहै, वाही सामर्थ्यसों माया कहेंहैं, विद्या और अविद्या ये दोनों वा मायाकी शक्ति है और संसार अहंताममताको नाम है। संसारको उपादानकारण कोई नहिंहै। अविद्या संसारको कारण है। संसार अज्ञानरूप है। मिथ्या है। प्रपंच सत्य है, अविद्याको कियो भय ज्यो संसार है सो जीवके अर्थ ही कियोजाय है।

श्रीभगवान्की अनन्तसामर्थ्य है, गणना नहिं होयसकेहै। परन्तु मुख्य १२ द्वादश सामर्थ्य हैं उनको वर्णन दशमपूर्वार्द्धमें "श्रिया पुष्ट्या गिरा कान्त्या कीर्त्या तुष्ट्येलयोर्जया॥ विद्ययाविद्यया शक्तया मायया च निषेवितम्"॥ अर्थ-श्री पुष्टि गिरा कांति कीर्त्ति तुष्टी इला ऊर्ज्जा विद्या अविद्या माया

ह्लादिनी शक्ति इन द्वादश सामर्थ्यनकूंही द्वादश शक्ति कहैं हैं। इनमेंही अविद्याशक्ति तथा मायाशक्ति को वर्णनहै॥२६॥

संसारस्य लयो मुक्तौ न प्रपञ्चस्य कर्हिचित्॥
कृष्णस्यात्मरतौ त्वस्यलयः सर्वसुखावहः॥२७॥
पंचपर्वा त्वविद्या हि जीवगा मायया कृता॥

तत्वदीपप्रकाशः

संसारस्य लयो मुक्तावित्युत्पत्तिप्रलयोर्भिन्नप्रकारत्वादुभयोर्भेदः। मुक्तयर्थं प्रपंचविलयाभावे कदापि विलयः स्यादित्याशंक्याह। कृष्णस्यात्मरताविति। यदा स्वरतीच्छा तदा प्रपंचस्वरूपं स्वस्मिन् विलाप्य रमते। नन्वेवं सति जीवब्रह्मणोर्मुक्तिप्रकारइवोक्त इति चेत्तत्राह। सर्वसुखावह इति। जीवानां तदा सुखार्थं प्रलयं करोति यथा रात्रिम्।

एवं भगवदिच्छां प्रपंचजननप्रलयकरणत्वेन निरूप्य जीवाना-मुत्पत्तिपूर्वकं मोक्षं निरूपयितुमाह ॥२७॥ पंचपर्वेति।

जीवसंसारहेतुभूताऽविद्या पंचपर्वा तेन संसारः सर्वांशनिराकृतेन निराकृता भविष्यतीति तदर्थं भगवद्भजनं कर्त्तव्यमिति वक्तुं तां प्रथम मुक्तवान्। जीवमेव गच्छति न तु अंशान्तरं। तस्याः दुर्बलत्वायाह मायया कृता इति।

जीवस्वरूपनिरूपणार्थं ब्रह्मणः सकाशाद्विस्फुलिंगा-दिवदुद्भवं वक्तुं कारणी भूतब्रह्मस्वरूपमाह॥

व्रजभाषाटीका

अहंता-ममतारूप जो संसार है जो जहाँ ताँई ज्ञान नहिं होयहै तहाँताई रहेहै, ज्ञान भयेसों जब जीव जीवन्मुक्त होजावेहै

तब अहंताममतारूप संसारको विलय होयजावेहै जगतको लय नहिं होय है जब भगवान्की आत्मरतीच्छा अर्थात् सोते भये मनुष्यके समान स्वरूपके भीतर रमण करवेकी इच्छा होवेहै तब अपनें बनाये भये जगत्कूँ अपने स्वरूपमें लीन करलेहैं ,तब जे जीव मुक्त नहिं भयेहैं उनके अहंता-ममतारूप संसारको सर्वथा अभावतो नहीं होय है परन्तु अभिभव हो जाय है अर्थात् उनकी अहंता-ममता निर्बल होजाय दबजाय है तासों मुक्त अमुक्त सब जीवन्कों सुख देवेके अर्थ भगवान् प्रलय करेहैं॥२७॥ जीव के संसार की कारण अविद्याके पाँच पर्व हैं। मायानें जीवकेही विषे अविद्याकूँ धरदीनी है।

आकाशवद्व्यापकं हि ब्रह्म मायांशवेष्टितम्॥२८॥
सर्वतःपाणिपादान्तं सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम्॥
सर्वतः श्रुतिमल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठति ॥२९॥
अनन्तमूर्ति तद्ब्रह्म ह्यविभक्तं विभक्तिमत्॥
बहुस्यां प्रजायेयेति वीक्षा तस्य ह्यभूत्सती॥३०॥
तदिच्छामात्रतस् तस्मादब्रह्मभूतांश चेतनाः॥
सृष्ट्यादौ निर्गताः सर्वे निराकारास्तदिच्छया॥३१॥

तत्वदीपप्रकाशः

आकाशवद् इति द्वाभ्यां। लोकदृष्ट्या दृष्टान्तः ब्रह्मणो व्यापकत्वं बृहत्वात्। अन्यथा 'ब्रह्म' पदप्रयोगः न उपपद्यते। आत्मरमणानंतरं तिरोहितं भवतीति मायया तादृशभावः, तेन वेष्टितं भवति॥२८॥

तस्य स्वरूपमाह। सर्वतः पाणिपादांतमिति। प्रमाणनिरूपणाय गीतावाक्यमुच्यते सर्वत्र प्रदेशे पाणयः पादाः अंता यस्य। गतिकृतिलक्षणे क्रिये सर्वत्र स्वेच्छया परिच्छेदावभानं चोक्तं। सर्वतोक्षिशिरोमुखमिति। ज्ञानप्राधान्यभोगाश्च सर्वत्रोक्ताः।

नामप्रपंचार्थमाह। सर्वतः श्रुतिमल्लोक इति।

सर्वतः श्रृणोतीत्यर्थः। एतादृशस्य परिच्छेदः संभविष्यतीत्यत आह। सर्वमावृत्य तिष्ठतीति। एते धर्माः प्रपंचोत्पत्त्यनंतरमेव स्पष्टा भवंति तथापि तेषां नित्यत्वख्यापनाय प्रथमतो वचनं॥२९॥

सर्वत्र परिच्छेदस्य प्रयोजनमाह अनन्तमूर्ति तद्ब्रह्मेति।

अनन्तपदस्येममेवार्थं ज्ञापयितुं हि शब्दः। तर्हि खएडशः स्यादित्याशंक्याह। अविभक्तमिति। अनंतमूर्तिष्वपि न परस्परं विभेदः केवल मिच्छया तावन्मात्र प्रकटनार्थं विभक्तिमत्।

एतत्स्वरूपमुक्त्वा ततः सृष्टिं वक्तुं तदिच्छां करणत्वेनाह। बहुस्यामिति।

अनेकत्वमुच्चनीचत्वं च भावयामास । भावना तस्य सतीविषयाऽव्यभिचारिणी ।

ततो यज्जातं तदाह॥३०॥ तदिच्छामात्रतः इति। तस्मादेव, ब्रह्मभूताः नतु योगबलेनाविर्भूताः । अंशाः साकाराः सूक्ष्मपरिच्छेदाश्चेतनाश्चित्प्रधानाः सर्वे असंख्याताः। सृष्ट्यादौ प्रथमसृष्टौ ततः साकारा भगवद्रुपा अपि उच्चनीचभावेच्छया निर्गता इति निराकारा जाताः। निर्गमने दृष्टांतमाह॥३१॥

व्रजभाषाटीका

जगत्को कारण जो ब्रह्म है ताके स्वरूपको वर्णनकरेंहैं। अतएव ब्रह्म है सो आकाशकीतरह सब ठिकाने व्यापकहै आत्मरमण करें पीछे जब जगत्रूप होयके क्रीडा करवेकी

इच्छा होयहै तब भगवान् मायारूप धारणकरेंहैं और मायारूप करके अपनी व्यापकताकूँ छिपायलेहैं। वा छिपीभई व्यापकताकूँ ब्रह्मज्ञानी देखसकेंहैं॥२८॥

जा ब्रह्मसुं जीव निःसृत होवे है वाको स्वरूप कहे हैं। सब ठिकाने आपके श्रीहस्त तथा चरणारविंद और उनके अन्त (समग्रता) विद्यमान हैं। वासो सबही ठिकाने भगवान् गमन करेंहैं तथा कार्य करेंहैं और अपनी इच्छासों अपनें स्वरूपकी हद्दभी दिखावेंहैं यह बातभी सिद्धभई। तथा सर्वत्र ब्रह्म के नेत्र, मस्तक, तथा मुखारविंदभी विद्यमानहैं। यासों सब पदार्थन् को भगवानकूँ ज्ञानहै तथा सबठिकानें आपको उत्तमही स्वरूपहै और सर्वत्र आप भोग करते रहेहैं यह बात सिद्धभई।

सब ठिकाने आपके श्रीकर्ण विद्यमानहैं, सब ठिकाने सुनते रहेहैं। ये आपके अनन्तधर्म अर्थात् अनेकगुण प्रलयमेंभी रहेहैं परन्तु जगत् बनाये पीछेंही अच्छी-रीतिसों प्रकट होवेहैं॥२९॥

अनन्तमूर्ति अनन्तरूपसों प्रकटहोयवेकेलिये भगवान्ने अपने (व्यापकरूप) अपरिमितरूपमें (परिच्छेद) परिणाम प्रगट कियोहै। भगवान् अनेकरूपसों प्रकट होयहैं तथापि उनरूपनमें परस्पर भेद नहींहै केवल इच्छासों जितनो बडो स्वरूप दिखानो चाहियेहै उतनो बडोही रूप दिखायवेकेलियें भगवान् विभागवाले हैं॥३०॥

भगवान्‌की इच्छा बहुत प्रकारसों प्रकट होयवेकी इच्छा भई तब भगवान्‌के स्वरूपसों ऊंचे नीचे भावसों प्रकट होयवे कि इच्छा करिके ब्रह्मरूप बहुत छोटे चेतनरूप-चैतन्यगुणवाले साकार जीव प्रगट भये निकसें हैं तासों निराकार होयगयेहैं॥३१॥

विस्फुल्लिङ्गा इवाग्नेस्तु सदंशेन जडा अपि॥
आनंदांशस्वरूपेण सर्वान्तर्यामिरूपिणैः॥३२॥

तत्वदीपप्रकाशः

विस्फुलिङ्गा इवाग्नेरिति। ''यथाग्नेः क्षुद्रा विस्फुलिङ्गा व्युच्चरंति'' इति श्रुतिः। एवं जीवोद्गममुक्त्वा जडोद्गममाह। सदंशेनेति। सत्यप्राधान्येन।

अन्तर्याम्युद्गममाह। आनंदांशस्वरूपेणिति।

यथा जीवानां नानात्वं तथाअन्तर्यामिणामप्येकस्मिन्हृदये हंसरूपेणोभय-प्रवेशात्। भेदस्तु जीवेपि नास्तीति न कापि अनुपपत्तिः॥३२॥

व्रजभाषाटीका

जैसे अग्निसों अग्निके कण निकलेंहैं याही प्रकार ब्रह्मके चित्‌अंशसों जीव निकसें हैं, ऐसेही ब्रह्मके सत्‌अंशसों जड निकलेंहैं ॥३९॥ ब्रह्मके आनंदांशसों अंतर्यामी निकलेंहैं। जैसे जीव अनेक हैं वेसे ही अंतर्यामीभी अनेकहैं। सबकेही हृदयमें एक जीव और एक अन्तर्यामी रहेंहैं। कदाचित् कहोगे ''ईश्वरः सर्वभूतानां हृदेशेऽर्जुन तिष्ठति'' या गीतावाक्यसोंतो एकही अन्तर्यामी सबके हृदयमें विराजेहैं यह बात मालूम पडे है ताको उत्तर-या गीतावाक्यमें जो एकवचन है सो ब्रह्मके

अभिप्रायसों है, अर्थात् अनेक अन्तर्यामीरूप होयकें सबके हृदयमें विराजमान ईश्वर एकहीहै यह जतायवेकेलिये ईश्वरः यह एकवचनहै। अनेक अन्तर्यामी होंयगे तो अनेक ब्रह्म माननें पड़ेंगे और वेदमें ते एकही ब्रह्म मान्यो है तासों विरोध आवेगो ऐसी शंकाभी नहीं करनी क्योंकि जैसें अनेक जीवनके साथ ब्रह्मको अभेद है याही प्रकार अनेक अन्तर्यामिनके साथभी ब्रह्मको अभेदहीहै तासों अनेक ब्रह्म नहिं मानने पडेंगे। एकही ब्रह्म अनेक अन्तर्यामीरूप तथा अनेक जीवरूप तथा अनेक जडरूप होयके प्रगट हो रह्यो है यह ही वैदिक सिद्धान्तहै॥३२॥

सच्चिदानन्दरूपेषु पूर्वयोरन्यलीनता॥
अतएव निराकारौपूर्वावानन्दलोपतः॥३३॥

जडो जीवोन्तरात्मेति व्यवहारस्त्रिधा मतः॥
विद्याऽविद्येः हरेः शक्ती माययैव विनिर्मिते॥३४॥

तत्वदीपप्रकाशः

त्रैविध्येहेतुमाह। सच्चिदानंद रूपेष्विति।

सति चिदानंदरूपयोर्धर्मयोस्तिरोभावः। चित्यानंदस्य आनंदांशतिरोभावस्यापि ज्ञापकमाह। अतएव निराकारावितिं। भगवदाकारश्चुर्भुजत्वादिराकारशद्वेनोच्यते। लोपस्तिरोभावः।

एवं स्वरूपे वैजात्यमुक्त्वा नामतोपि वैजात्यमाहुः॥३३॥जड इति।

सर्वस्यापि भगवत्वे जडादिपदप्रयोगो व्यवहारः। एवं त्रैविध्यमुपपाद्य चिदंशानां जीवानां संसारप्रकारमाह। विद्याविद्ये इति।

मोक्षोप्येकः। सर्गइति विद्याया अपि निरूपणं। आत्मनः स्वरूपलाभो विद्यया। देहलाभोऽविद्ययेति उभयो जीवधर्मत्वं व्यावर्तयति।

हरेःशक्ती इति। तेन भगवदिच्छैव तयोराविर्भावतिरोभाव-योर्हेतुरित्युक्तं। अनयोर्मायाधीनत्वमाह। माययैव विनिर्मिते इति। तेन मामेव ये प्रपद्यंते इति वाक्याद्। भक्तौ सत्यामविद्यादि निवर्तते विद्यादि। अन्यथा नित्यमुक्तया न स्यात्॥३४॥

ब्रजभाषाटीका

जैसें तेज दो प्रकारको है एकतो धर्मिरूप तेज जैसें दिया एक धर्मरूप तेज, जैसें दियाको प्रकाश अर्थात् उजाला ऐसेंही सत्-चित्-आनंद दो प्रकारकेहैं एकतो धर्मीरूप सत्-चित्-आनंदहै और एक धर्मरूप सत् चित् आनंद है, जहां जडमें धर्मीरूप चित् आनंद छिपरहेहैं, और जीवमें धर्मरूप आनंद छिपरह्यो है, अन्तर्यामिमें तीनों धर्म प्रकट हैं, वास्तवमें तीनों भगवद्रूप हैं॥३३॥ उनमें जड जीवअन्तर्यामी इन शब्दनको प्रयोग व्यवहाररूप है। जीवनकुं संसार होयवेको प्रकार दिखावेहैं। विद्येति।

विद्या और अविद्या ये दोनों भगवान्की शक्ति हैं, मायाद्वारा प्रकटभई हैं, यासों भगवान्नें मायाकेही आधीन करिराखीहैं। भगवान्की इच्छाकेही आधीन अविद्याको प्रकटहोनो और छिपजानोहै। ऐसेही विद्याको (आविर्भाव) प्रकट-होनो और (तिरोभाव) छिपजानोभी भगवान्की इच्छाहीके आधीनहै। विद्या अविद्या ये दोनों जीवके धर्म

नहींहैं, देहकी प्राप्ति तथा जन्म मरण अविद्यासों होयहैं विद्यासों जीवको (मोक्ष) स्वरूपलाभ होयहै अर्थात् ऐश्वर्य वीर्य यश श्री ज्ञान वैराग्य ये छः गुण अविद्या के कारण छिप रहेहैं वेही विद्यासों पीछे जीवमें प्रकटहोजायहैं और भगवान्सों प्रकट होते समयमें जैसो याको स्वरूप हतो वैसोही स्वरूप होजायहै । याहीको नाम मुक्ति है। येभी एकप्रकारकी भगवान्की सृष्टिलीला है, जैसे खेलमें राजा कोई छूटे भये पुरुषकूँ बांध देवेहै कोई बंधेपुरुषकूं छोड देवेहै ये दोनोंकाम राजाकी क्रीडामेंही समुझेजावेंहैं। भगवान्की इच्छा साधनके द्वाराही मुक्तिदेवेकी है तासों मुक्तिके साधन वेदपुराणमें लिखेहैं "मामेव ये प्रपद्यंते मायामेतामतरंति ते" अर्थ - भगवान् कहेंहैं मेरे शरण आयवेवारे जीव मायाकूँ तरजावेंहैं, भक्ति-सिद्ध होजावेहैं, तबतो जीवकी विद्या और अविद्या दोनों निवृत्त अर्थात् दूरहोयजाय हैं और जीव नित्यमुक्त होयजायहै क्योंकि भक्तिसों जीव मायाकूंभी तरजावेहै तब मायाके आधीन जो विद्या अविद्या हैं इनके निवृत्त होयवेमें कहा आश्चर्य है ॥३४॥

ते जीवस्यैव नान्यस्य दुःखित्वं चाप्यनीशता॥
स्वरूपाज्ञानमेकं हि पर्व देहेंद्रियासवः॥३५॥

अन्तःकरणमेषां हि चतुर्थाध्यास उच्यते॥
पंचपर्वा त्वविद्येयं यद्बद्धोयाति संसृतिम्॥३६॥

तत्वदीपप्रकाशः

ते उभे जीवरूपस्यैवांशस्य भवतः नान्यस्य जडांशस्यांतर्यामिणो वा। जीवस्यैव दुःखितत्वमनीशित्वं च। अविद्यायाः पंचपर्वाणि आह। स्वरूपाज्ञानमेकम् इति।

अंतःकरणाध्यासः प्राणाध्यास इंद्रियाध्यासो देहाध्यासः स्वरूपविस्मरणश्चेति पंचपर्वाणि।

यस्यां सम्पूर्णायां जातायामन्यधर्मैर्बद्धो जन्म मरणे प्राप्नोतीत्यर्थः ॥३६॥

व्रजभाषाटीका

विद्या अविद्या ये दोनों जीवकेही बंधमोक्ष करिवेवारीहैं जड तथा अंतर्यामीके ऊपर इनको असर नहिं है। तासों जीवकूं अविद्यासोंही दुःख होयहै, तथा (निरंकुशता) दुराचारीपणो होय है। (विपरीत ज्ञान) उलटे ज्ञानको नाम अविद्या है। वो अविद्या दोप्रकारकी है एक तो समष्टिरूपा, दूसरी व्यष्टिरूपा, बहुतनको एक समझनो समष्टि कहावेहै, जैसे बहुत वृक्षनकों समूह सो वन ऐसो जाननो समष्टि है और वनकूं बहुतसे वृक्ष हैं ऐसो जाननो व्यष्टि है ऐसेंही सृष्टिके पहिले मायासों उत्पन्न भई जो समूहरूप अविद्याहै वो समष्टिरूप अविद्या है। वो भगवान्‌की शक्ति है। न्यारे-न्यारे जो पांच पर्व हैं सों व्यष्टिरूप अविद्या है वो जीवनकी अविद्या है।

पांच पर्वको स्वरूप दिखावेंहैं। जीवकूँ पहले महत्तत्व अहंकाररूप अन्तःकरणको संबन्ध भयो तब अविद्यासों

जीव है सो अन्तःकरणकूँ अपनो स्वरूप मानवेलाग्यो याहीको नाम अन्तः-करणाध्यास है। ये अविद्याको पहिलो पर्व है यासों जीवकूं मैं कर्ता हूं मैं भोग करूंहूं मैं जानू हूं इत्यादिक अभिमान होवे है। तापीछे अहंतत्वको दूसरो रूप जो प्राण है वाके साथ जीव को सम्बन्ध भयो। तब अविद्या के कारण जीव प्राणनकूं अपनो स्वरूप मानवे लग्यो याको नाम प्राणाध्यास है। ये अविद्याको दूसरो पर्व है यासों मैं भूखो हूँ, तृप्त हूँ इत्यादिक प्राण धर्मन्कूँ अपने मानवे लगे हैं। ता पीछें जीवको इंद्रियनके साथ संबन्ध भयो, इंद्रियनकूं अपने स्वरूप मानवे लग्यो, याको नाम इंद्रियाध्यास है ये अविद्याको तीसरो पर्व है। या करकें जीव है सो मैं सुलोचन हूं, मैं काणो हूं, इत्यादि इन्द्रियनके धर्मन्कूंभी अपने माने है ता पीछे या जीवको देहके साथ सम्बन्ध भयो तब देहकूँ अपनो स्वरूप मानवे लग्यो, याको नाम देहाध्यास है। या करिकें जीव है सों मैं दूबलो हूं, मैं मोटो हूं। इत्यादि देहके धर्मनकूँ अपने माने है। ये देहाध्यास अविद्याको चौथो पर्व है। ये चारों पर्व जब पूरे होय जावे हैं तब अंतःकरण प्राण इंद्रिय देह इनकूं जीव हे सो अपनो स्वरूप मानवे लग जावे हैं। अपनो भगवान्को अंश चेतनरूप जो जीवकों स्वरूपहै ताकूं भूल जावेहै याहीको नाम स्वरूपविस्मृति है यह अविद्याको पांचवों पर्व है। अविद्याके पांच पर्व जब जीवमें आय जावेंहैं तब यह जीव

अन्तःकरण प्राण इंद्रिय देह इनको गुणनकरकें बँधो भयो जन्म-मरणकूं पावे है। ज्या देहकूं जीव "देह है सो मैंही हूं" ऐसों माने है वो ही जीवको जन्म हैं। ये जीव अपने चेतनरूपकूं भूलके देहकूं अपनो स्वरूप मानेहैं, कोई कारण करिकें देहादिकनकूंभी भूल जावेहैं, वाहीकूं मरण कहेहैं॥३६॥

विद्ययाऽविद्यानाशेतु जीवो मुक्तो भविष्यति ॥
देहेन्द्रियासवः सर्वे निरध्यस्ता भवन्ति हि ॥३७॥
तथापि न प्रलीयंते जीवन्मुक्तगताः स्फुटम् ॥

तत्वदीपप्रकाशः

अविद्यां निरूप्य विद्यां निरूपयति। विद्ययेति।

निद्रावदविद्यापगमे न जीवस्य जन्म-मरणे। तदा तस्मिन् जन्मनि गृहीतानां देहादीनां विलयाभावमाह। देहेन्द्रियासव इति। अध्यास एव गच्छति न स्वरूपं प्रपंचमध्यपातात्॥३७॥ अध्यासाभावे स्थितिर्न स्यादित्या-शंक्याह। तथापि न प्रलीयन्ते इति स्वबुद्ध्या लीनवत् प्रतिभानेपि न सर्वेषां बुद्ध्या तथा प्रतिभानं।

देहादीनां स्थितौ सुप्तप्रतिबुद्धन्यायेन कदाचित्पुनरध्यासः स्यादतस्तेषां विलयप्रकारमाह।

व्रजभाषाटीका

विद्या (ज्ञान) करिके अविद्याको नाश (उपमर्द) होयहै अर्थात् अज्ञानसूं (अविद्या) नाम उलटो ज्ञान ज्यो होयरह्योहै सो दबजाय है। अविद्याको सर्वथा नाश नहिं होयहै येही ज्ञानिनको मोक्षहै। विद्या ज्ञान एकबातहै जब विद्यासों

अविद्या छिपजावेहै तब देहेंद्रिय प्राण अन्तःकरणमें अहंकार होयरहोहै सो छूट जायहै अर्थात् ज्ञान भये पीछे देहेन्द्रिय प्राण अंतःकरणकों अपने नहिं मानेंहैं ॥३७॥ परन्तु देहादिकको नाश नहिं होय है क्योंकि-देहादिकनकी तो भगवत्कार्य जगत्में गणना है जैसे मनुष्य जागे हैं तब नींद उडजावेहै ऐसेंही सतोगुण रजोगुण तमोगुणरूप मायाके सतोगुणसों प्रकट भई ज्यो विद्या है सो मायाके तमोगुणसों प्रकटभई अविद्याकूं दूरकरदेवेहै तब छोटेरूपसों अविद्या अन्तःकरण के भीतर रही आवेहै जैसें जागतेंही नींद बुद्धिमें जाय छिपेहै बहुत छोटेरूपसों बुद्धि में रहेहै तासों फिरभी वाके समयमें नींद आय जावेहैं ऐसेही जीवन्मुक्त ज्ञानी जीवको देहादिकनमेंसें अहंकार दूर होयगयोहै तासों देहादिक नहिं मालूम पड़ेहै परन्तु और मनुष्यकूं जीवन्मुक्तके देहादिक दीखेहैं यासों सूक्ष्मरीतिसों छिपोभयो अहंकार देहादिकमें कदाचित् फिर पीछो आयजाय तो फिर संसार में बँधके जन्म-मरणकूँ प्राप्तहोजाय याकेलिये देहादिकको लय होयवेको साधन आगेके श्लोकमें बतावें हैं॥

आसन्यस्य हरेर्वापि सेवया देवभावतः ॥३८॥
इन्द्रियाणां तथा स्वस्य ब्रह्मभावाल्लयो भवेत् ॥
आनन्दांशप्रकाशाद्धि ब्रह्मभावो भविष्यति ॥३९॥

तत्वदीपप्रकाशः

आसन्यस्येति। आसन्यसेवायमिंद्रियाणां देवतात्वमिति श्रुतिः।

"स वाचमेव प्रथमामत्यमुच्यते" इत्यादि। हरेः सेवया सर्वमिति भगवच्छास्त्रम् ॥३८॥

भगवतो मुखमग्निः। स्वस्य वागिन्द्रियमग्निश्चेद्भगवन्मुखत्वमापद्यते। एवं सर्वेषामाध्यात्मिकानामाधिदैविकत्वं तदा सङ्घातस्य लयः इत्यर्थः। स्वस्य जीवभावे स्थिते कदाचित्सङ्घातांतरं संपादयेदिति जीवस्य ब्रह्म भावमाह। स्वस्य ब्रह्मभावादिति। ब्रह्मभावप्रकारमाह। आनंदांशेति ।

तिरोहितस्याविर्भावे ब्रह्मभावस्तथा जडेऽपि तत्र भगवदिच्छैव केवला प्रयोजिका ॥३९॥

व्रजभाषाटीका

देहेंद्रियादिकके लय होयवेकेलियें आसन्य-प्राणकी उपासना करनी। वेदमे लिख्यो है वाकेअनुसार उपासना करिवेसों इंद्रिय हैं सो अपने देवतारूप हो जाय हैं, वाणि अग्निरूप होजाय है, प्राणवायुरूप हो जाय हैं, नेत्र सूर्यरूप होजायहैं, कर्ण दिशारूप हो जाय हैं, मन चंद्रमारूप होजायहै, जिव्हा वरुणरूप होजाय है, नासिका अश्विनीकुमार रूप हो जाय हैं, हस्त इन्द्ररूप होजाय हैं, पाँव उपेंद्ररूप हो जाय हैं। या रीतिसों जब सब इंद्रिय अपने अपने आधिदैविक देवतारूप होयजावें हैं तब मृत्यु सों छूट जावेंहैं यहही देहादिकको लय होनो है। जो कार्यरूपकूं छोडके कारणरूप होजानो ही देहादिक को लय है।

आसन्यकी उपासनाको प्रकार वाजसनेयि-ब्राह्मणोपनिषत्के तृतीय अध्याय के तृतीय ब्राह्मणमें लिख्यो

है। आसन्यकी उपासनाकी वेदमें ऐसी महिमा लिखी है ताको कारण यह है कि आसन्य प्राण है सो सूत्ररूप है सूत्र है सो महत्तत्वको क्रियाशक्तिवारो दूसरो रूपहै महत्तत्व है सो भगवान्सों प्रकृतिरूपा मायामें उत्पन्न भयोहै तामें प्रमाण तृतीयस्कंधके २६ अध्यायमें "दैवात्क्षुभित-धर्मिण्यां स्वस्यां योनौ परः पुमान्॥ गर्भमाधत्तसासूत महत्तत्वं हिरण्मयम्॥" तासों महत्तत्व भगवान्को पुत्र है वासों ही इंद्रिय देहादिकनकी उत्पत्ति होयहै तासों महत्तत्वरूप आसन्यकी उपासनासों देहादिकको लय हो जाय है और भक्तके देहादिकनको लय तो हरिकी सेवासोंही हो जायहै क्योंकि भगवत्शास्त्र गीताभागवता-दिकको येही सिद्धान्त है भगवत्से-वासोंही सर्वसिद्ध होजाय है तामें प्रमाण भागवत एकादशस्कंधको श्लोक "यत्कर्मभिर्यत्तपसा ज्ञानवैराग्यतश्चयत् । सर्वं मद्भक्तियोगेन मद्भक्तो लभतेऽजसा । स्वर्गापवर्गं मद्धाम कथंचिद्यदि वाञ्छति" अर्थ उद्धवजीसों भगवान् आज्ञा करेहैं हेः उद्धव ! कर्म तप ज्ञान वैराग्य आदि साधन करिके जो फल सिद्ध होय है वह फल मेरे भक्तकूं भक्तिकरकेही मिलजावे हैं स्वर्ग मोक्ष मेरोलोक और ज्यो कछु चाहे सो सर्वपदार्थ भक्ति करकेंही मेरेभक्तकूं मिल जावें हैं तासों भगवद्भक्तके देह इंद्रिय आदिकनको लय भगवद्भक्तिकरकेंहि होय जाय है ॥३८॥

तात्पर्य यहहै अग्नि भगवान्को मुख है भगवद्भक्तकी वाणी भगवत्सेवासों अग्निरूप होजावे है । तब भगवान्के

मुखरूपहो जाय है ऐसेंही भक्तिकरकें प्राण वायुरूप होजाय है तब भगवान्के श्वासरूप हो जावे है मन चंद्रमारूप हो जावे है तब भगवान्के मनरूप होजावे है। याही रीतिसों भक्तिकरके सब इंद्रिय आधिदैविक देवतारूप हो जावे हैं तब देहकूं छोडकें भगवान्के अंगरूप हो जावे हैं तब देहादिसंघातको भी पंचमहाभूतन में लय हो जावे है।

आसन्यप्राणकी उपासनासों यद्यपि देहादिसंघात को लय हो जायवेहै परंतु आत्माको जीवभाव नहिं जाय है सो फेर कदाचित् जीवहै सो देहइंद्राया-दिककूं धारण करलेगो और फिर उनमें अहंकार उत्पन्न हो जायतो फिर बंध हो जाय और हरिसेवासों तो देहादिसंघातकोभी लय हो जावे और फिर आत्मा को जीवभाव दूरहोई ब्रह्मभाव होवे है तब आत्माको ब्रह्ममें लय हो जावे है फेरि वाकूं संसारजनित बंध कभी नहीं होय है ॥३९॥

सायुज्यं वान्यथा तस्मिन् उभयं हरिसेवया ॥
एवं कदाचिद् भगवान् साक्षात् सर्वं करोत्यजः ॥४०॥

कदाचित् पुरुषद्वारा कदाचित् पुनरन्यथा ॥
कदाचित् सर्वमात्मैव भवतीह जनार्दनः ॥४१॥

तत्वदीपप्रकाशः

अतः तस्या अनियतत्वात्। सायुज्यं वा भवति। अन्यथा संघाते गच्छेत्। सायुज्य-ब्रह्मभावौ हरिसेवयैव भवतोनान्यसेवया।

एवम् एक प्रकारेण सृष्टिम् उक्त्वाउपसंहरति।

एवं कदाचिदिति। साक्षात्सर्वोत्पत्ति प्रकारोऽयम् ।

श्रुतौ नानाविधा सृष्टिप्रकाराः साक्षात्परंपराभेदेन॥४०॥ तत्र सर्वेषां संग्रहार्थं सृष्ट्यन्तराणिआह। कदाचित्पुरुषद्वारेति।

पुराणेषु पुरुषद्वारा सृष्टिःप्रसिद्धा। पुरुषादीनां द्वारत्वमेव। अन्यथा चतुर्मूर्तिप्रकारेण। स प्रकारः पञ्चरात्रे प्रसिद्धः। एवं श्रुतिपुराणतन्त्रेषु सृष्टिमुक्त्वा "स आत्मानमेवावैदहं ब्रह्मास्मीति तस्मात्सर्वमभव" दित्यादिषु साक्षात्प्रपञ्चरूपता निरूपिता तामाह कदाचिदिति। इहेति सृष्टिभेदेषु। जनार्दनः इति। लीलार्थं जीवानां क्लेशमसहमानः। अस्मिन्पक्षे नानंदांशादेस्तिरोभावः॥४१॥

ब्रजभाषाटीका

जब जीवमें तिरोहित छिपो भयो आनंद प्रकट होजावेंहैं तब ब्रह्मरूप हो जावें है और व्यापक होजावें है जैसें अग्निके संबंधसों लोहको गोला भी अग्नि हो जावें है। तैसें व्यापक ब्रह्मरूप आत्माके संबंधसों देहमें छिपे भये चैतन्य आनन्द प्रकट हो जावें है तब जड देह भी ब्रह्मरूप होजावें है वा अवस्थामें देह-जीव दोनों ब्रह्मरूप रहे हैं। या रीतिको ब्रह्मभाव दुर्लभ है। जा जीवकूं स्वरूपानन्द देवेकेलिये ज्ञानीभक्त रूपसोंही सर्वदा स्थित राखनो चाहेहैं वाही जीवकूं एसों ब्रह्म भाव मिले है। या रीतिको ब्रह्मभाव देवेकी इच्छा नहिं होय और सायुज्य मुक्ति देवेकी इच्छा होय तो सायुज्य मुक्ति देवेंहैं। अर्थात् अलक कौस्तुभमणि वनमाला आदिरूप वा भक्तकूं बनायके अपने स्वरूपमें स्थित करलेहैं

ऐसीभी इच्छा नहिं होय तो कोई भक्तकूं अक्षरब्रह्मको सायुज्य देहैं । और जा जीवकूं इनमेंसों कछुभी फल देवेकी भगवान्‌की इच्छा नहिं होय तो वा जीवके हृदयमें मैं मुक्त हूं ऐसो अभिमान हो जावें है तब वह जीव भगवत्सेवाकूं छोड देवेंहै। तब वाके विषें आनंदभी प्रकट नहिं होय और बडे परिश्रमसों चढ्यो भयो फिर गिर पड़े है। पीछो संसारमें फँसजाय हे । या श्लोकको तात्पर्य यह है कि सायुज्य-ब्रह्मभाव ये दोनों फल भगवान्‌की इच्छाके ही आधीन हैं । और हरिसेवासोंही मिलेंहैं, आसन्य प्राणकी उपासनासों नहिं मिलें हैं । याको प्रमाण गीता को श्लोक है "मां च योऽव्याभिचारेण भक्ति योगेन सेवते ॥ स गुणान्समतीत्यैतान् ब्रह्मभूयाय कल्पते" अर्थ-हे अर्जुन ! अनन्यभक्ति करके जो मेरी सेवा करेहै वो जीव सतोगुण रजोगुण तमोगुणको उल्लंघन करके ब्रह्मभावकूं प्राप्त होवेंहै।

ज्यो सृष्टि उत्पन्न होयवेको एकप्रकार पहलें कह्यौ है यासों याहि रीतिसों सृष्टि होयहै और रीतिसों नहिंहोय है ऐसें नहिं जाननों वेदमें सृष्टि प्रकट करवेके बहुतसे प्रकार दिखायेहैं साक्षात्सृष्टि करवेके बहुतसे प्रकार हैं तथा परंपरासृष्टि करवेकेभी वेदमें बहुतसे प्रकार हैं ॥४०॥

कभी भगवान् अक्षर पुरुषके द्वारा सृष्टि करेंहैं। वो सृष्टि पुराणप्रसिद्ध है। भागवत के तृतीय स्कन्धमें वा सृष्टिको प्रकार विस्तारसों लिख्योहै।

कभी आप अपने स्वरूपसों आकाशकूं प्रकट करेहैं, आकाशसों वायु प्रकट करे हैं। वायुसों अग्नि अग्निसों जल, जलसों पृथ्वी, पृथ्वीसों अन्न, अन्नसों रस, रससों पुरुष, या रीतिसों उत्पत्ति तैत्तिरीयमें लिखेंहै।

कोई समयमें और रीतिसोंभी सृष्टि करेहैं। वासुदेव भगवान् जगत्के कारण हैं तिनसो 'संकर्षण' नामको जीव प्रकटभयो । वासों, 'प्रद्युम्न' नामको मन उत्पन्न भयो वासों 'अनिरुद्ध' रूप अहंकार प्रकट भयो । याको विस्तार नारदपंचरात्रमें वर्णन कियोहै।

कभी आप अविद्याकूँ दूर करकें स्वयं भगवान् जगत्रूप होजावें है। "जब ब्रह्मने अपने स्वरूपकों जान्यो कि 'मैं ब्रह्म हूं' तब ब्रह्मसों सब सृष्टि प्रकट होगई"। ये प्रकार पुरुषविध ब्राह्मणमें लिख्योहै। ये पुष्टिसृष्टि है। केवल लीलाकेलिये करी है। जब परमदयालु श्रीकृष्ण परमात्मा परब्रह्म जीवनको अनेकवार जन्म-मरणक्लेश नहीं सहसकेंहै तब जीवनकुं सृष्टि में नहीं प्रकट करेहैं। स्वयं भगवान्ही-जड-जीव अन्तर्यामी होयकें क्रीडा करे हैं। या सृष्टिमें आनन्दको तथा चैतन्यको कोई पदार्थमें तिरोभाव नहिं रहे है। सबपदार्थनमें सत्-चित्-आनन्द ये तीनों प्रकट रहेंहैं॥४१॥

महेन्द्रजालवत्सर्वं कदाचिन्माययासृजत्॥
तदाज्ञानादयः सर्वे वार्तामात्रं न वस्तुतः॥४२॥

वियदादि जगत्सृष्ट्वा तदाविश्यद्विरूपतः ।।
जीवान्तर्यामिभेदेन क्रीडतिस्म हरिः क्वचित् ।।४३।।

अचिंत्यानंतशक्तेस्तद्यदेतदुपपद्यते ।।
अतएव श्रुतौ भेदाः सृष्टेरुक्ता ह्यनेकधा ।।४४।।

यथाकथंचिन्माहात्म्यं तस्य सर्वत्र वर्ण्यते ।।
भजनस्यैव सिध्यर्थं तत्वमस्यादिकं तथा ।।४५।।

तत्वदीपप्रकाशः

स्वप्नादिसृष्टिसंग्रहार्थमाह। महेन्द्रजालवत्सर्वमिति।

मायया केवलया नतु स्वयं तत्र प्रविष्टः तत्सृष्टौ न कोपि पुरुषार्थ इत्याह। तदा ज्ञानादयः इति। संति ज्ञानादयः परं वार्तामात्रं नतु फलसाधकाः ।।४२।।

वैदिकीमपरामपि सृष्टिमाह। वियदादिइति।

आकाशं सृष्ट्वा तद्द्वारा वायुमित्यादि। अस्मिन्नपि पक्षे जडानां पूर्ववदेव व्यवस्था। जीवांतर्यामिभेदे भिन्नं प्रकारमाह। तदाविश्येति। पूर्वकल्पेषु जीवान्तर्यामिणोरप्रवेशः। अस्मिन्कल्पे प्रविष्टस्य जीवान्तर्यामिभावः इति। एवं षड्भेदानुक्त्वा षड्गुणैर्भगवतो लीलेयमित्याह। क्रीडतिस्मेति ।।४३।।

एकः कथमनेकधा सृष्टिं करोतीत्याशंक्याह अचिन्त्यानन्त-शक्तेरिति।

अचिन्त्याः अनन्ताः शक्तयो यस्येति। यदेतत्सर्वमुक्तं तदुपपद्यते। अस्मिन्नर्थे श्रुतेस्तात्पर्यमाह। अतएवेति श्रुतौ नानाप्रकरणेषु सृष्टिभेदाः सहस्त्रशो निरूपिताः।

अनेकधासृष्टिकथनस्य प्रयोजनमाह। यथाकथंचिदिति।

वेदानां भगवन्माहात्म्यप्रति-पादकत्वम्। "बंदिनस्तत्पराक्रमै-रितिवाक्यात्। तत्सृष्टिभेदकथनेन भवतीति सृष्टिभेदा निरूप्यंते। वस्तुतस्तु सृष्टिकर्तृत्वेपि न भगवतो माहात्म्यं महाराजाधिराजस्य चलितुं ज्ञानमिव। तथापि लोकप्रतीतौ तन्माहात्म्यं भवतीति यथाकथंचिद्वर्ण्यते। माहात्म्यज्ञानस्योपयोगमाह। भजनस्यैव सिध्यर्थमिति। भक्तिसिध्यर्थम्। भक्तेरंशद्वयमिति। द्वितीयांशमपि प्रतिपादयतीति तथा लक्ष्यते इत्यर्थः। द्वितीयांशमाह। तत्वमस्यादिकं तथा कथयति॥४५॥

व्रजभाषीटाका

कभी भगवान् केवल मायासोंही सृष्टि करवावेंहैं आप स्वयं वा सृष्टिमें प्रवेश नहिं करेंहैं। वो मायिक सृष्टि बहुत प्रकारकी है। सूतेभये पुरुषकों ज्यो नींद में हाथी-घोडा बड़े-बड़े नगर आदि अनेक पदार्थ दीखें है वे मायाकेही बने भये हैं। तथा काँचआदि पदार्थमें प्रतिबिंब दिखें हैं अर्थात् काँचके सामनें कोई चीजकूँ करी जावेहै तो काँचमें वैसीकी वैसी दूसरी चीज बन जावेहै वा दूसरी चीजकूँ मायाकी बनी माननो। ऐसेंही भगवान्के स्वरूप ज्यो घट-पटादिक सब जगत्के पदार्थहैं उनमें भगवान्सों न्यारोपनो मिथ्यापनो तथा निंदितपनो ग्लानि आदि भासमान होयहैं सोभी मायाके बनाये भयेहैं। जैसें सपेतभी कपडा हरे चसमासों हरो दीखेहै ऐसेंही मायाकी बनाई अन्तरासृष्टि, अर्थात् विषयतारूपा सृष्टि नेत्रआदि इन्द्रियनके तथा जगत्के पदार्थन्के बीचमें आय खड़ी होयहै तब मायासृष्टिसों मिलेभये पदार्थनकोही

ग्रहण होय है। शुद्ध भगवद्रूपपदार्थन्‌को ग्रहण नहिं होवेहै। जैसे हरो चसमा बीचमें होय तब नेत्र सुद्ध सपेत वस्त्रकूँ नहिं देख सकेहै किंतु चसमाको हरोपनो वामें दीखेहै याही रीतिसों मायाकी अन्तरासृष्टि बीच में आय रही है तासों वा अन्तरासृष्टिको मिथ्यापणो तथा निंदितपणो भगवद्रूपजगत्‌मेंभी भासमान होवेहै। या मायासृष्टिको वर्णन भागवत एकादशस्कन्धमें "मायान्तराऽऽपतति नाद्यपवर्गयोर्यत्" या श्लोकमें तथा "न तं विदाथ यइमा जनान्यद्युष्मा-कमंतरा संबभूव" या यजुर्वेदके मंत्रमें कियोहै। ऐसेंही अंधकार प्रतिध्वनि झांईकी अवाज आकाशमें बादलके काले पीले लालरंग, जेबडा आदिमें साँप तथा आभास-प्रतिबिम्ब-विषयता आदि पदार्थन्‌की प्रतीति इत्यादि अनेकमायासृष्टिके भेद हैं। या सृष्टिमें ज्ञानादि वार्तामात्रके हैं, फलसाधक नहिं है। जैसे सुपनेके लाडु कहवैमात्रके होयहैं, उनसों तृप्ति नहिं होयहै। ऐसेही मायिकसृष्टिभी मिथ्या है। याही मिथ्यासृष्टिके वर्णनकरवेवारे वाक्यनको तात्पर्य नहिं समुझके कितनेक वादी ब्रह्मरूप जगत्‌कूँ मायिक तथा मिथ्या बतावेंहैं॥४२॥

कभी भगवान् साक्षात् अपने स्वरूपसों आकाश उत्पन्न करेंहैं। आकाशसों वायु उत्पन्न करेंहैं। पहिले जो क्रम कह्यो है वाके अनुसारही सृष्टि पैदा करेंहैं। वा सृष्टिमें और या सृष्टिमें इतनोही फेर है कि वामें भगवान्‌ने जीव

अन्तर्यामीरूप पहिले धारणकरके फिर अपने बनाये जगत्में प्रवेशकियो तथा यामें पहिले बिराजमान होयके पीछे जीव अन्तर्यामीरूप धारणकरेहैं। १ ऐश्वर्य २ वीर्य ३ यश ४ श्री ५ ज्ञान ६ वैराग्य ६ ये भगवान्के छः गुण हैं इन छः गुणन्करके भगवान् छः प्रकारकी सृष्टि क्रीडा करेंहैं। तासों मुख्य छः प्रकारकी सृष्टि है। परन्तु इनमेंसों एक-एक सृष्टिके अनेक भेद हैं । यासों अनेक भेद सृष्टिके वेदमें वर्णन कियेहैं॥४३॥ भगवान् एक हैं और अनेकप्रकारकी सृष्टि कैसे करते होंयगे यह संदेह नहिं रखनो क्योंकि भगवान्की अनन्त सामर्थ्य है अपनी छोटी बुद्धिमें नहिं आयसकेहैं यह बात (परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूतये) या श्वेताश्वतरोपनिषद्-कीश्रुतिमें लिखी है। भगवान्की अचिंत्य अनन्त सामर्थ्य जतायवेके लियेही श्रुतिनमें अनेकप्रकरणमें हजारन् सृष्टिके भेद वर्णन करेहैं॥४४॥ भगवान्को माहात्म्य जतायवेके लिये सर्वठिकाणे वेदमें अनेकप्रकारकी सृष्टि लिखी है। जैसे बन्दीजन पराक्रम वर्णन करके राजाकी स्तुति करेंहैं ऐसे वेदभी नानाप्रकारकी सृष्टिको वर्णन करके भगवान्को माहात्म्य जतावेंहैं। वस्तुतस्तु ठीक-ठीक बिचार कियोजाय तो भगवान् अपनो माहात्म्य जतायवेकेलिये सृष्टि नहीं करेंहैं क्योंकि सृष्टि करनो भगवान्को सहज स्वभाव है। जैसे राजाधिराज सहज स्वभावसों ही सुन्दर चल जानेहैं वामें उनको कछु माहात्म्य नहिं है परंतु प्रजाके हृदयमें तो राजाकी

सुन्दरगति देखके माहात्म्य स्वतः ही बढेहै। ऐसेही विना परिश्रम इच्छामात्रसों क्षणभरमें क्रोडन ब्रह्माण्ड की सृष्टि कर देवेहै परंतु जीव तो क्रोडजन्ममेंभी सृष्टि नहिं करसकेहै। तासों मनुष्यकी अपेक्षा सृष्टि करणो भगवान्को माहात्म्य है। याहीसों वेदमें अपनी सामर्थ्यके अनुसार जैसे तैसे सृष्टिको वर्णन करकें जीवनकूं भगवान्को माहात्म्य जतायोहै।

तात्पर्य यहहै कि वेदमेंभी भक्तिकोही वर्णन है।और माहात्म्य जानके स्नेह करवेसों भक्ति कहेंहैं। तहाँ भगवान्को माहात्म्य जतायवेकेलिये वेदमें सृष्टिको वर्णन है और भगवान्कूँ अपनी आत्मा समझके स्नेह करवेके लिये वेदमें "तत्वमसि" इत्यादि वाक्यन्में "हे जीव! तूँ ब्रह्म है" ऐसो उपदेश कीनो है। मतलब यह है कि यह मनुष्य आत्माके उपकार करिवेवारे जानके स्त्री-पुत्र- देह आदिमें प्रीति करेहैं। स्त्री-पुत्रादिकमें अपने मतलबकी प्रीति है तासों सोपाधि-सकाम प्रीति है। और अपनी आत्मामें जो प्रीतिहै, सो विना मतलब प्रीति है यह निष्काम निरुपाधि प्रीति कही जावे है। भगवान सब देहधारीन के आत्मा हैं यह बात "तत्वमसि" आदि वेद के वाक्यन्सों सिद्ध होयहे। तथा श्रीभागवतमेंभी लिखीहै "अहमात्मोद्धवामीषाम्" हे उद्धव! मैं सब देहधारीन्को आत्मा हूँ। तासों भगवान्कूँही अपने आत्मा समुझके भगवान्में निष्काम दृढ प्रीति करनी यहही वेदको निचोड़ है॥४५।

माहात्म्यज्ञानपूर्वस्तु सुदृढः सर्वतोधिकः ।।
स्नेहो भक्तिरिति प्रोक्तस्तयामुक्तिर्नचान्यथा ।।४६ ।।

तत्वदीप्रकाशः

भक्तिस्वरूपमाह। माहात्म्येति। स्नेहो भक्तिः। "रतिर्देवादिविषया-भाव इत्यभिधीयते"। रतिस्नेहो। देवत्वं माहात्म्यं तदात्मत्वेन ज्ञाते भवति तेन भजनार्थमेवात्मत्वेन निरूपणं माहात्म्यं चोच्यते। अन्यथा वाक्यद्वयं ब्रह्मप्रकरणे व्यर्थं स्यात् ब्रह्मस्वरूपज्ञानेनैव पुरुषार्थसिद्धेः तच्छाब्दज्ञान-मप्रयोजकम्। इदानींतनेषु व्यभिचारदर्शनात्।

साक्षात्कारस्तु ब्रह्माधीनः । प्रसन्नं सत्तदाविर्भवतीति लोकरीत्यावगम्यते। श्रुतिश्च पुरुषार्थपर्यवसानं कथयति। अतः स्वरूपज्ञानं विधाय तस्य पुरुषार्थत्वमुक्त्वा तदाविर्भावएव फलं सिध्यतीत्याविर्भावार्थं प्रेमसेवां निरूपयति। अव ज्ञानादिदोषाभावाय माहात्म्यं सुदृढस्नेहात्मत्वं चाह। तत्वमसीत्यत्र शास्त्रपर्यवसानमग्रे निराकरिष्यते।

एवं कियतीनां श्रुतीनामेकवाक्यतामुक्त्वा सर्वासामेकवाक्यतां वक्तुं भगवतो रूपाणां संग्रहश्लोका आह।।४६।।

व्रजभाषाटीका

जीवकी मुक्ति भक्ति करवेसोंही होवेंहै। भगवान्को माहात्म्य जानके सबसों अधिक दृढ स्नेह करनो भक्ति कहावेंहै, वाहीको नाम भाव है। "रतिर्देवादिविषया भाव इत्यभिधीयते" अर्थ -माहात्म्यके द्वारा यह देवता है ऐसो जानके ज्यो प्रेम करोजाय वासों भाव कहेंहैं। केवल या प्रकारके भावसोंही गोपी, गाय, पक्षी, मृग आदिकन्को भगवान्की प्राप्ति भईहै। निरूपाधिक स्नेह भगवान्कूँ

आत्मा समुझें बिना नहीं होयहै । तासों वेदमें ब्रह्मकूँ अर्थात् भगवान्कूँ आत्मा मानके प्रेम करायवेके लियें "तत्वमसि इत्यादि" श्रुतिनमें "वो ब्रह्म तूं है" या रीतिको उपदेश कियो है। तहां कितनेक वादी कहेंहैं कि ब्रह्मज्ञान विना मुक्ति नहिं होयहै। तासों ब्रह्मज्ञान होयवेकेलिये "तत्वमसि" इत्यादि वाक्यन्में "जीव तूँ ब्रह्म है" एसो उपदेश दियोहै, ताको यह उत्तर है केवल उपदेशमात्रसोंही ब्रह्मको ज्ञान होयजातोहोय तो "तत्वमसि" अथवा "जीवो ब्रह्मैव" अर्थ-जीव है सो ब्रह्मही है एसो एकही वाक्य सब उपनिषदनमें होनो चाहिये ! याही वाक्यके उपदेशसों ब्रह्मको ज्ञान होजायगो ! फेर ब्रह्मसों सृष्टिकी उत्पत्तिको क्यों वर्णन कियो? वादीकी रीतिसों सृष्टिको वर्णन वृथा होय हैं। और दूसरो वा प्रश्नको यह उत्तर है कि "तूं ब्रह्म है" एसे शद्बमात्रके कहवेसों ब्रह्मके स्वरूपको ज्ञान नहिं होवेंहैं। क्योंकि अभीके मनुष्यन्में कोईकूँभी उपदेशके सुनतेही ब्रह्मको साक्षात्कार नहिं होवेहै तासों ब्रह्मको ज्ञान होनो ब्रह्मकेही आधीन है। कठवल्लीमें "यमेवैष वृणुते तेन लभ्यः" या श्रुतिमें जाकूँ बह्म अपने स्वरूपको ज्ञान करानो चाहेहै वाकूँही ब्रह्मको ज्ञान होवेहै यह बात लिखीहै। और जैसे लोकमें राजा प्रसन्न होय तब दर्शन देहै एसेंही भगवान् (ब्रह्म) जा जीवपें प्रसन्नहोय वाहीके आगें अपने स्वरूपकूं प्रकट करेहै। "तमक्रतुं पश्यति वीतशोको धातुः प्रसादान्महिमानमीशम्"

या श्रुतिमें भगवान्की प्रसन्नताहीसों भगवानकूं जीव देखें है यह बात खुलासा सों लिखी है। और भगवान् प्रसन्न होय एसो साधन (प्रेम सेवा) भक्तिही है, यासों वेदमेंभी भक्तिकोही निरूपण है। और ब्रह्ममें अज्ञानादिदोष नहिं है यह बात जतायवेके लियें माहात्म्य वर्णन कियोहै, स्नेह होयवेके लिये आत्मतत्वको वर्णन है॥४६॥

पंचात्मकः स भगवान् द्विषडात्मकोऽभूत्पं
चद्वयीशतसहस्रपरामितश्च॥
एकःसमोऽप्यखिलदोषसमुज्झितोऽपि सर्वत्र
पूर्णगुणकोऽपि बहूपमोऽभूत॥४७॥

तत्वदीपप्रकाशः

पंचात्मकः इति। अग्निहोत्रादिपञ्चात्मकः। तत्साधनदेशकालद्रव्य-कर्तृमंत्रात्मकस्त्रिविधमंत्रब्राह्मणोपनिषदात्मकः पञ्चप्राणभूताद्या-त्मकश्च। तेनैतावन्निरूपिकाणां श्रुतीनामेकवाक्यता सिध्यति। अग्रेपि तथा देहे च पञ्चात्मकः। ध्यानार्थं प्रादेशमात्रः आश्रयार्थमंगुष्ठमात्रः। स्वामित्वार्थमक्षिस्थितः फलार्थं सर्वदेहस्थितः आनन्दमयः वैश्वानरः शिरसि प्रतिष्ठितः सर्वार्थ इति। तथा पंचकोशात्मकश्चोपासनार्थः। तावतापि सर्वासां नैकवाक्यतेत्यभिप्रेत्याह। द्विषडात्मकोभूदिति। द्वादशसूर्यात्मको मासात्मकः पुरुषात्मकोऽहीनात्मकोऽग्न्यात्मकश्चेति। अन्येपि द्वादशधा भिन्ना ज्ञातव्याः।

ततोऽपि प्रकारान्तरमाह पंचद्वयीति। दिगात्मको देवात्मकः इंद्रियात्मकको लीलात्मकस्तथान्येपि दशात्मकाः स्वयमूह्या

अवतारादयः। ततोऽपि अपूर्तिरित्यधिकमाह। शतसहस्रपरामितश्चेति। चत्वारो भेदा उत्तरोत्तरमधिकाः अमिताः असंख्याताः विभूतिरूपाः सर्वे ज्ञातव्याः। एवं भगवतः सप्तधा रूपभेदाः। उक्तास्तेषु भगवान् भिन्नः इत्याशंक्याह। एक इति। सर्वेषु रूपेषुएक एव योगिवत्। प्रादेशांगुष्ठादिमात्रेषु न्यूनाधिकभावमाशंक्याह। समोपीति। क्वचिदन्यथा प्रतीतिमाशंक्याह।

अखिलदोषसमुज्झितोऽपीति। ऐश्वर्यादिगुणाः सर्वेषु रूपेषु पूर्णाः। तथा सति कथं वैलक्षण्यप्रतीतिस्त-त्राह। बहूपमोऽभूदिति। नरवत्, प्रादेशवत्, शांतवत्क्रूरवदति॥४७॥

व्रजभाषाटीका

याप्रकार कितनीक श्रुतिनको भक्तिमें तात्पर्य दिखायके उपासनाके योग्य स्वरूपको जिन श्रुतिनमें वर्णन है उन श्रुतिनकोभी भक्तिमें तात्पर्य दिखायवेके लियें भगवान्के विभूतिरूपको वर्णन करेहैं। अग्निहोत्र, दर्शपौर्णमास, चातुर्मास्य, सोमयाग, ये पांच भगवान्को स्वरूप है। तथा यज्ञके साधन, देश, काल, मंत्र और कर्ता ये पाँच भगवान्को स्वरूप है, तथा ऋग्वेदके मंत्र, यजुर्वेदके मंत्र, सामवेदके मंत्र, ब्राह्मणभाग, उपनिषद्भाग, ये पाँच भी भगवान्को स्वरूप है। तथा प्राण, अपान, समान, उदान, व्यान, ये पाँच भगवान्को स्वरूप है। तथा पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, तथा रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, शब्द ये पाँच तन्मात्रा हु भगवान्कोही रूप है। तथा देहमें भगवान्के पांच स्वरूप विराजेहैं। ध्यानकरवेकेलिये प्रादेशमात्र बारहअंगुलीको

स्वरूप हृदयमें बिराजेहै या स्वरूपको भागवत के द्वितीयस्कन्धमें वर्णनहै। आश्रयके अर्थ अंगुष्ठमात्र स्वरूपसों बिराजें हैं। या स्वरूपको काठकोपनिषदमें वर्णन है। कर्मफलको नियम करवेके लियें या जीवको स्वामी होयके नेत्रनमें विराजेंहैं। या स्वरूपको छांदोग्य उपनिषद्में वर्णनहै और सुख देवेकेलिये आखे देहमें आनन्दमय भगवान् विराजेंहैं। मस्तकमें भ्रुकुटिनासिकाकी संधिमें वैश्वानर भगवान् बिराजेंहैं। यास्वरूपको वर्णन छांदोग्य तथा जाबाल श्रुतिमें है। या रीतिसों देहमें पंचात्मक भगवान् बिराजेंहैं। तथा द्वादशसूर्यात्मक भगवान् हैं तथा बारहमहिना भगवान्कोही रूप है, तथा बारह अग्नि भगवान्को स्वरूप है। दशदिशा तथा दश लीला प्रभु को स्वरूप है तथा शतसहस्र अरु पर अमित असंख्यात भगवान्के विभूति स्वरूप हैं। इन रूपनमें भगवान् न्यारे न्यारे नहिं हैं, किन्तु एकही भगवान् इन अनेक रूपन्में विराजेंहैं। जैसे एक ही योगी अनेक शरीरनमें योगके प्रभावसों धसो रहतहै ऐसें एकही भगवान् अनेकरूपमें न्यारे न्यारे प्रतीत होय हैं। अलौकिक सामर्थ्यसों आप अपने स्वरूपन्में अभेद राखेंहैं, और आपके छोटे अगूँठा जितने स्वरूपमें न्यूनता नहीं समझनी तथा बारह अंगुलके स्वरूपमें अधिकता नहीं समझनी। छोटे बडे सब रूप में भगवान् समानही हैं, और जितनें आपके रूप हैं सब दोषरहित हैं। और सबही रूपनमें

ऐश्वर्य १ वीर्य २ यश ३ श्री ४ ज्ञान ५ वैराग्य ६ ये छःगुण पूरे विराजमान हैं। आपके रूपमें जो परस्पर विलक्षणता मालुम पडेहै सो आप क्रीडाकेलिये सबसों जुदे होजावेंहैं, विलक्षण होजावेंहैं और अविलक्षणभी रहें आवेहैं। अनेक रूपहोयकें सामिलभी रहे आवेंहैं। वेदमें भी लिखे है "समो नागेन समो मशकेन" अर्थ-आप अद्भुत सामर्थ्यसों हाथी के समान भी हैं और मच्छरके समान भी हैं, तीन लोकके भी समान हैं, तासों आप बहूपम हैं अर्थात् भगवान्में सब उपमा दे सकेहैं॥४७॥

निर्दोषपूर्णगुणविग्रहआत्मतन्त्रो
निश्चेतनात्मकशरीरगुणैश्च हीनः॥
आनन्दमात्रकरपादमुखोदरादिः
सर्वत्र च त्रिविधभेदविवर्जितात्मा॥४८॥
तस्य ज्ञानद्धि कैवल्यमविद्याविनिवृत्तितः॥
वैराग्यं सांख्ययोगौ च तपो भक्तिश्च केशवे॥४९॥
पञ्चपर्वेति विद्येयं यया विद्वान्हरिं विशेत्॥

तत्वदीपप्रकाशः

एवं विभूतिमुपपाद्य स्वरूपमुपपादयति। निर्दोषेति।

यादृशं मूलरूपं तादृशमेव सर्वमिति मंतव्यं । गुणाः शांतिज्ञानादयस्ते लोके दोषसहिता दृष्टाः। महतोपि यथा "ज्ञानं क्वचित् तत् न संगवर्जित" मिति। तथा तपः क्रोधसहितं। तथा धर्मो दयारहितः। तथा न भगवति किंतु निर्दोषाः पूर्णा गुणाः विग्रहरूपाः

यस्य विग्रह पदेन परस्परविरुद्धाअपि लोकदृष्टया भासन्ते इति ज्ञातव्यं। गुणाधीनत्वमाशंक्याह। आत्मतंत्र इति। देहेंद्रियादीनां कार्यप्रतीतेर्लोकवद्देहेंद्रियाणि भविष्यंतीत्याशंक्याह। निश्चेतनामत्केति। चकारात्तत्तद्धर्मैरपि हीनः। तर्हि कथमाकारप्रतीतिस्तत्राह। आनंदमात्रकरपादमुखोदरादिरिति। आनन्दोब्रह्मवादे आकारसमर्पकः। अतएव पुरुषेष्वपि सर्वांतर आनंदमयो निरूपितः। तद्वस्तु सर्वात्मकमिति वदन्नाह। सर्वत्र च त्रिविधभेदविवर्जितात्मेति। जीवजडांतर्यामिषु सर्वत्रैव तदनुस्यूतं कारणत्वादिति। तस्य कारणता च निरूपिता ॥४८॥

एतन्निरूपणस्य प्रयोजनमाह। तस्य ज्ञानाद्धि कैवल्यमिति।

गुणोपसंहारन्यायेन श्लोकद्वयोक्तधर्मसयुक्तं ब्रह्म चेद्विजानीयात्तदा ब्रह्मविद्भवति ततः कैवल्यं संघातात्पृथग्भावं मोक्षं वा प्राप्नोति। तत्र दृष्टं द्वारमाह॥ अविद्याविनिवृत्तितः इति। पूर्वोक्तं ज्ञानमविद्यां निवर्तयत् मोक्षं साधयतीत्यर्थः। तज्ज्ञानमपरोक्षरूपमिति। विद्यायाः पंच पर्वाणि तत्साधनानिआह। वैराग्यमिति।

आदौ विषयवैतृष्ण्यम्। ततो नित्यानित्यवस्तुविवेकपूर्वकः सर्वपरित्यागः। तत एकांतेष्टांगयोगः। ततोविचारपूर्वकमालोचनं तपः, एकाग्रतया स्थितिर्वा। ततो निरंतर भावनया परमं प्रेम॥४९॥

एवंसाधनसंपत्तौ पंचपर्वा विद्या संपद्यते। यया कृत्वा जातसाक्षात्कारस्तं प्रविशेदित्याह। यया विद्वान् हरिं विशेदिति॥५०॥

व्रजभाषाटीका

मूलरूपको वर्णन करेंहैं। जैसो मूलरूपहै वैसोही ध्यान करनो। लोकमें जितने गुण हैं वितने सब दोषनके भरेहैं, जे ज्ञानी हैं वे संगरहित नहीं हैं, ज्यो तपस्वी है वो क्रोधवारो

है, ज्यो धर्मात्मा है वो दयावारो नहिं है, या रितिसों लोकमें सब गुण दोषसहित हैं। मूलरूप पुरुषोत्तममें शांति, ज्ञान, दया, शरणागतरक्षा, भक्तवत्सलता आदि अनेकगुण दोषरहित हैं, और जितनें गुण हैं वे सब पूरे हैं, परन्तु लौकिकदृष्टिसों विन गुणनमें परस्परविरोध दीखें हैं, परन्तु वे सब एकरूप होरहेहैं। आप स्वतंत्र हैं, अपने गुणके आधीन नहिं हैं, देह इंद्रिय आदिकन्के कार्य आप करते प्रतीत होवें हैं परन्तु लौकिक देहइंद्रियादिक तथा उनके धर्म आपमें नहिं हैं। आनन्दके बनेभये आपके श्रीहस्त श्रीचरणारविंद आदि सब अंग हैं।

भेद तीन प्रकार के होवेंहैं (१) मनुष्य तथा पशुमें परस्पर भेद है ये विजातीय भेद है, मनुष्यन्में ज्यो परस्पर भेद है ये सजातीय भेद है, (२) मनुष्यके अंगनमें जो परस्पर भेद है ये स्वगतभेद हैं, ये तीनों भेद भगवान्के स्वरूपमें नहिं हैं। आपको आनन्दमयरूप जड जीव अन्तर्यामीमें भररह्योहै याहीसों भगवान् सर्वात्मक हैं, सबके कारण हैं॥४८॥

तात्पर्य ये है की ब्रह्म निष्कल है, निरञ्जन है, इतनेमें जानवेसों पूरो ब्रह्मज्ञानी नहिं होयहै, ब्रह्मके थोडे स्वरूपको वो जाने है इतने जानवेसों वेदोक्तफल नहिं होयहै किंतु ऊपरके दोनों श्लोकनमें लिखेभये वेदोक्त सब गुण सहित ब्रह्मकूँ जब मनुष्य जानजावें है तब पूरो ब्रह्मज्ञानी होवेंहै। तब ही जीव कौ "कैवल्य" अर्थात् मोक्ष होवें है। अर्थात्

(ब्रह्मभाव) भगवान् परमस्वतंत्र है, इच्छा होयतो देहादिक संघातसों वा जीवकों न्यारो करदेहै, इच्छा होयतो देहादिकसों न्यारो करके जीवको मोक्ष अर्थात् ब्रह्मभाव करके लय कर देहै, या रीतिसों सबगुण सहित ब्रह्मको साक्षात् अनुभव है सो अविद्याकूँ दूरकरके मोक्ष करेंहै, परन्तु जहाँतांई विद्याके पांचपर्व नहीं सिद्धहोवेंहैं तहाँ तांई ब्रह्मको साक्षात् अनुभव नहिं होवें है, तासों पांचपर्वको वर्णन करेहैं। विद्याको पहलोपर्व १ वैराग्य है, इन्द्रियन्के विषयसुखमें तृष्णा नहिं राखनी यही वैराग्य है। नित्यअनित्यपदार्थको विचार करके सबनकूँ छोडदेनो याको नाम सांख्य है, ये विद्याको दूसरो २ पर्व है। अष्टांगयोग विद्याको तीसरो ३ पर्व है। विद्याको चतुर्थ पर्व तप ४ है। विचारपूर्वक ज्ञान सो अथवा चित्तको एक ठिकाने लगायकें स्थितरहवेसों 'तप' कहेंहैं। विद्याको पांचवो पर्व भक्ति ५ है। निरन्तर भावनाकरके भगवान्में परमप्रेम करनो यहहि भक्ति है॥४९॥ या पाँचपर्वा विद्या करके भगवान्को साक्षात् अनुभव होवेहै तब भगवान्में प्रवेश होवेंहै॥

सत्वसृष्टिप्रवृत्तानां दैवानां मुक्तियोग्यता॥५०॥
तीर्थादावपि या मुक्तिः कदाचित्कस्यचिद्भवेत्॥
कृष्णप्रसादयुक्तस्य नान्यस्येति विनिश्चयः॥५१॥
सेवकं कृपया कृष्णः कदाचिन्मोचयेत्क्वचित्॥
तन्मूलत्वात् स्तुतिस्तस्य क्षेत्रस्य विनिरूप्यते॥५२॥

तस्मात्सर्वं परित्यज्य दृढविश्वासतो हरिम्।।
भजेत श्रवणादिभ्यो यद्विद्यातो विमुच्यते।।५३।।

तत्वदीपप्रकाशः

अत्र स्वरूपयोग्यतारूपमधिकारमाह। सत्वेति।

ये सात्विकाः दैव्यां संपदि जाता विध्युपजीविनः सर्वदा तेषां मुक्तिर्भविष्यति अन्येषाम् इति ज्ञापितम्।।५०।।

अनेनैव प्रकारेण मुक्तिर्नान्येनेति वक्तुं देशादिषट्के तदंगे मुक्तिःभाक्ता इति आह। तीर्थादावपीति द्वाभ्यां।

काश्यादितीर्थेषु मुक्तिः प्रसिद्धा। "तत्रांते तारकं ब्रह्म व्याचष्टे" त्वादिवाक्यैः शुद्धानां ब्रह्मोपदेश इत्यलौकिकोपदेशसाधकत्वं न व्यभिचरति तदाह। कदाचित्कस्यचिद्भवेदिति। सर्वेषामेवोपदेशोऽस्तीति चेन्नेत्याह। कृष्णप्रसादयुक्तस्येति। प्रसन्नो भगवांस्तद्द्वारा मोचयति तीर्थादीनां माहात्म्यार्थम्। यथाऽजामिलो नाम्ना। अतः प्रसादार्थं प्रेमान्तानि कर्त्तव्यानि। ननु कदाचित्प्रेमरहितोऽपि तीर्थे सम्यक्प्रकारेण मुक्तिसूचकेन म्रियते इति चेत्तत्राह। नान्यस्येति। तस्यापि पूर्वमेव साधनसंपत्तिः सिद्धा वासनावशात्परं प्राकृतत्वं भगवदिच्छया तस्मात् न व्यभिचारः इत्यर्थः।।५१।।

तर्हि तीर्थदिः क्वोपयोग इति चेत्तत्राह। सेवकमिति।

सेवकमेव पूर्वं तथाभूतं तत्रापि कृपयैव तत्रापि कृष्णएव। कर्ता साधनं व्यापारश्चोक्तः। कालदेशावाह। कदाचित्क्वचिदिति। अनेन कालस्यापि ततएव प्रशंसेति ज्ञापितम्। स्तुतानि तीर्थादीनि भगवदंगत्वाद्दैयकृतविघ्ननाशकानि भवंतीति लोकप्रवृत्त्यर्थं मुक्तिसाधकानीत्युच्यंते। तत्र स्थित्वा शुद्धकाले साधनानि साधयेदिति।।५२।।

अतः केवलतीर्थाद्याश्रयं परित्यज्य यथा भगवति स्नेहो भवति तथा यत्नं कुर्यादित्याह। तस्मादिति।

हरिभजनेऽपि कदाचिन्मोक्षो न भवेदित्याशंकां परित्यज्य दृढविश्वासं कृत्वा श्रवणादिभ्यो हेतुभ्यः श्रवणादिभिर्भजेत्। ततो विमुच्यत एवेति पुनरुक्तम् ॥ ५३॥

ब्रजभाषाटीका

अविद्याके पाचपर्वनमें जो भक्तिको वर्णन है वो भक्ति स्वतंत्र निष्कामभक्ति नहिंहै किन्तु सकाम प्रवाहिकी भक्ति है, मोक्षकी कामनाके लियें करीजावेंहै, मोक्ष देकें निवृत्ति होजावेंहै, विद्याके पांचपर्वनमें भक्तिको वर्णन कियो है ताको यह प्रयोजन है कि भक्तिसहित ज्ञानही निर्गुणमोक्षकों देंहै केवलज्ञानसोंतो सगुणमुक्तिही होवेंहै। या रीतिसों साधन करवेसों भी दैवीसंपत्में उत्पन्न भये सात्विक जीवनकीही मुक्ति होवेंहै, जे आसुर जीव हैं उनकी मुक्ति नहिंहोय है क्योंकि उनमें मुक्तिकी योग्यताही नहींहै। जैसें जा जमीनमें बीज नहींहोय वामें जल डारवेसोंभी कुछ नहिं होवेंहै। दूसरो दृष्टांत यह है जैसे (तेलयन्त्र) घाणी है सो तिलनमेंसोंही तेल निकाससकेंहै क्योंकि बालुरेतमेंसो तेल निकसवेकी योग्यता नहिं है, ऐसेही भगवान् सृष्टिकी आदिमेंही जिन जीवनमें भक्तिको अंकुर धरदेवेहैं वेही दैवीजीव हैं। उनकी ही भक्ति साधनकरवेसो बढजावेहै तब भगवत्प्राप्ति करायदेहै॥५०॥ ज्ञानमार्गमेंभी भक्ति करकेही जीवनकी निर्गुणमुक्ति होवेहै, केवलज्ञानसों तो सगुणमुक्ति होवेंहै यह

दिखायवेके लियें ज्ञानमार्ग ऊपरके श्लोकनमें वर्णन कियोहै। ऐसेही काशीआदितीर्थभी भक्तिके अंग हैं तासों मुक्तिदेवेवारे कहेहैं, परन्तु भगवान्की भक्तिविना मुक्ति नहिं करसकेंहैं। तीर्थमें रहवेवारे जीवमात्रकी भक्तिके विना ज्यो मुक्ति होजाती होय तो तीर्थमें भूत प्रेत क्यों दीखें हैं ? तथा जो काशीजीमें मरवेसों सबकी मुक्ति होती होय तो काशीमाहात्म्यमें लिख्योहै, "काशीके पापी जीवनकों मरेंपीछें भैरव दंड देंहै," यह बात झुटी होयगी। तथा काशीके जीवनकूं मरेंपीछे शिवजी 'तारकब्रह्ममंत्र' को उपदेश देहैं यह लिख्यो सो वो अलौकिकमंत्रो-पदेशभी शिवजी सबनकूंही नहिं देहैं। कभी तीर्थादिकनसों शुद्धभये कोई जीवकूं अलौकिक उपदेश होजावेहै। जाके ऊपर श्रीकृष्णभगवान् प्रसन्न होयहैं वाही जीवकी काशी आदि तीर्थन्में अलौकिक उपदेशकेद्वारा मुक्तिकरेंहैं। जैसें नामको माहात्म्य बढायवेके लियें महापापी अजामिलकी 'नारायण' नामसोंही मुक्ति करदीनी ऐसेही तीर्थको माहात्म्य जतायवेके लिये जाकें ऊपर भगवान् प्रसन्नहोय वाकी तीर्थमें मुक्ति करेंहैं। तासों भगवान्के प्रसन्न होयवेके लिये प्रेमभक्ति करवेवारे साधन करनो ही योग्य है। कदाचित् प्रेमभक्ति विना कोई जीवकी मुक्ति तीर्थमें हो जाय तो जाननोंकी या जीवने भक्तिके साधन पूर्वजन्म में करलीने हैं, भगवान्की इच्छा करकें वासना के आधीन होय के संसार में आसक्तहतो ॥५१॥

तीर्थकी प्रशंसा करवायवेके लियें तीर्थतें अपनें भक्तकी भगवान् मुक्तिकरेंहैं ऐसेंही कालकी प्रशंसा करवायवेके लिये उत्तरायण आदि कालमें कृपाकरके भक्तकी मुक्तिकरेंहैं। जैसे दृढभक्त भीष्मपितामहकी मुक्तिकरके उत्तरायणकालको माहात्म्य बढायो, जिनतीर्थन्की पुराणन्में महिमा करीहै उन तीर्थनकूं भगवान्के अंग जाननो। वे तीर्थ भगवान्की भक्ति बिगाडवेवारे दैत्यनके विघ्नकूँ दूरकरेंहैं तासोंही लोकमें तीर्थन्को प्रचार होयवेके लिये तीर्थ मुक्ति देवेवारे हैं ऐसें शास्त्रमें कह्योहै। यासों तीर्थमें निवासकरके शुद्धकालमें प्रेमभक्तिसाधनकूँ साधनो योग्यहै। कोई पुरुष भक्तिविना केवल तीर्थादिकन्में रहवेसोंही मेरी मुक्ति होजायगी ऐसें समुझकें भक्ति करनों छोड देगो वाकि मुक्ति नहिं होयगी तासों जैसें भगवान्में स्नेह होय ऐसो यत्न करनों॥५२॥ अब मर्यादाभक्तिको वर्णन करेंहैं। भक्ति करें सोभी कदाचित् मेरी मुक्ति नहिंहोय! ऐसो संदेह नहिं राखनों। वेदमें लिखेभये श्रवण, मनन, निदिध्यासन ये तीन साधनकरके इनके करवेसो भगवान् मेरी मुक्ति अवश्य करेंगे एसो दृढविश्वास होयजावेंहै। फेर गीताभागवतोक्त नवधाभक्ति निरन्तर करतेरहनो, ऐसें नवधाभक्ति करतें करतें स्नेहभक्ति जब होयजावेंहै तब अविद्यासों भी छूट जावेंहै, अर्थात् अविद्यासों छूटवेकेलियें विद्याप्राप्तिके अर्थ विद्याके पांच पर्वनको अभ्यास करनो यह बात पहली कही है। फेर

विद्यासो भी छूटके ब्रह्ममें प्रवेश होयवेकेलियें श्रवणादि नवधाभक्तिको अभ्यास निरन्तर करनों यहबात याश्लोकमें लिखी है। अब यह शंका होय है कि या प्रकार मर्यादाभक्तिकरकेभी मोक्ष हो जावेहै फिर (स्वतन्त्रभक्ति) अर्थात् प्रेमलक्षण पुष्टिभक्तिमें कहा अधिकता है? याको उत्तर आगेंके श्लोकमें लिखेंहैं ॥५३॥

ब्रह्मानंदे प्रविष्टानामात्मनैव सुखप्रमा॥
संघातस्य विलीनत्वाद् भक्तानां तु विशेषतः॥५४॥

सर्वौद्रियैस्तथा चान्तःकरणैरात्मनापि हि॥
ब्रह्मभावात्तु भक्तानांगृहमेव विशिष्यते॥५५॥

मोहार्थशास्त्रकलिलं यदा बुद्धेर्विभिद्यते॥
तदा भागवते शास्त्रे विश्वासस्तेन सत्फलम्॥५६॥

तत्वदीप प्रकाशः

इदानीं कैमुक्तिकन्यायेन प्रेमभक्तेः फलमाह। ब्रह्मानंदे प्रविष्टानामिति द्वाभ्यां।

साधनं भक्तिर्मोक्षः साध्यः। तथापि साधनदशैवोत्तमा। तत्र हेतुर्यो विमुच्यते। स संघातं परित्यज्य ब्रह्मणि लीयते, ब्रह्मभावं वा प्राप्नोति। तस्य स्वरूपानंदः स्वरूपेण वा आनंदानुभावः। स्वतंत्रभक्तानां तु गोपिकादितुल्यानां सर्वेन्द्रियैस्तथांतःकरणैः स्वरूपेण चानंदानुभवः। अतो भक्तानां जीवन्मुक्त्यपेक्षया भगवत्कृपासहितगृहाश्रम एव विशिष्यते॥५५॥

ननु एवं सति साधनफलयोरुत्कृष्टत्वात्कथं सर्वोऽपि न भक्तिमार्गे प्रविशतीति चेत्तत्राह। मोहार्थशास्त्रकलिलमिति।

शास्त्राणि यानि भगवच्छास्त्रव्यतिरिक्तानि मोहार्थानि। तान्येव कलौ मानमर्हंति। अतस्तेषां दर्शनेन बुद्धौ कलिलमुत्पद्यते। तच्चेद्विभिद्यते भगवत्कृपया तदैव भागवते शास्त्रे विश्वासः। एतदुक्तं सर्वथा सत्यमिति। ततस्तदनुसारेण प्रवृत्तःसत्यं फलं प्राप्नोतीत्यर्थः ॥५६॥

व्रजभाषाटीका

'भक्ति' नाम पुष्टिभक्तिकोभी है और मर्यादा-भक्तिकोभी है, यहही पुष्टिभक्तिके साथ मर्यादा-भक्ति को सजातीयपनोहै, याप्रकार पुष्टिभक्तिकी सजातीय होयवेंसों मर्यादाभक्तिकी साधनदशाभी मर्यादा मार्गीय फलदशासों उत्तम है, तब पुष्टिभक्तिकी साधनदशा तथा फलदशाकी अधिकताको कहा वर्णन करनों. "सोश्नुते सर्वान्कामान् सह ब्रह्मणा" इत्यादिश्रुतिके अनुसार भगवान् भक्तके आधीन होयकें पुष्टिमार्गीयभक्तकूं रसात्मकस्वरूपको पूर्ण अनुभव करावें हैं। तथा श्रीभागवतमें साधन प्रकरणें श्रीकृष्णचंद्र यशोदाजी के श्रीहस्त करके ऊखलसों भी कृपाकरके बँधगयें हैं तब शुकदेवजीनें राजासों आज्ञा करीहै "नेमं विरञ्चो न शिवो न श्रीरप्यंगसंश्रया, प्रसादं लेभिरे गोपी यत्तत्प्रापविमुक्तिदात्" अर्थ-कर्मज्ञानभक्ति-मार्गके शिरोमणि ब्रह्मा, शिव, लक्ष्मी आदिकनकूं जो भगवान्की प्रसन्नता नहिं मिली सो यशोदाजी कूं प्राप्तभई। ऐसेंही व्रजभक्तनके कहेंसो बाल्यवस्थामें पीढा आदि उठाय लावनों, नृत्य करवे लगजानों इत्यादि अनेकचरित्र भक्ताधीन

होयकें करे। पुष्टिमार्गीयफलदशामें तो भगवान् भक्तके देहेन्द्रियादिकनमें अपनो आवेश करकें बाहिर प्रकटहोयकें सकल देहेन्द्रियनके द्वारा तथा आत्माके द्वारा भक्तनकूं रसरूप स्वरूपको पूर्ण अनुभव करायकेंभी आप उन भक्तनसों यहही कहेंहैं कि "में तुमारी भक्तिको बदला सहस्रवर्षकरकेंभी नहिं दे सकूँहूं।" जेसें गोपीनके प्रति भगवान्के वाक्य पञ्चाध्यायीमें "न पारयेहं निरवद्यसंयुजां स्वध्याय-कृत्यं विबुधायुषापिवः" इत्यादिक लिखे हें परन्तु ऐसी स्वतन्त्र पुष्टि भक्ति दुर्लभ है; तासो यहाँ-मुख्यफलको वर्णन मूलमें नहिं कियोहै, याको वर्णन विस्तार सुं सेवाफल ग्रन्थ के विवरणमें लिख्यो है।

मर्यादा मार्ग में तो मर्यादाभक्ति साधन है और मोक्ष साध्य है, जो मुक्त होवें हैं वे देहादिकनकूं छोडके अधिकारानुसार अक्षरब्रह्ममें अथवा पुरुषोत्तममें लीन होयहैं अथवा ब्रह्मभावकूं प्राप्त होवेंहैं, उनकूं केवल आत्माकरकेंहि स्वरूपके आनन्दको अनुभव होवेहै॥५४॥

पुष्टि भक्तनकूं तो सर्व इंद्रिय, अन्तःकरण तथा आत्मा इन सब करिकें स्वरूपानन्दानुभव होवेहै, तासो जीवन्मुक्तकी अपेक्षा पुष्टिभक्तनको भगवत्सेवापरायण होयकें भगवत्कृपासहित गृहस्थाश्रमही उत्तम है, क्योंकी भगवान् उनभक्तनकूं सेव्यस्वरूप करिकेंहि देहेंद्रियान्तःकरणद्वारा स्वरूपानन्दको अनुभव करावेंहैं, जैसें पद्मनाभदासजी आदि

पुष्टिभक्तनकूं भयो है, ताहीसों "प्रतिकूले गृहं त्यजेत्" या वाक्यमें सेवाको विरोधि गृह होयतो वाको त्याग करनों लिख्योहै।

पुष्टिसेवाके तीन फल लिखे हैं, पहलो अलौकिक सामर्थ्य अर्थात् भगवान्के आवेशकरकें रसरूप पुरुषोत्तमके स्वरूपानन्दके अनुभव करवेकी पूर्ण योग्यता होजानो, दूसरो सायुज्य पुरुषोत्तममें लय अथवा आभूषणादिरूप होजानों, तीसरो सेवापयोगी देह अर्थात् देहेंद्रियादिरहित अक्षरब्रह्मरूप देहकी प्राप्ति बैकुंठादिकन्में होजानी, इन तीनों फलनको देनों भगवान्के आधीन है और ये तीनों फल उन जीवनकूं मिलेंहैं जे जीव पुष्टिसृष्टिके होवेंहैं, उन जीवनके लक्षण पुष्टिप्रवाह मर्यादाभेद ग्रंथमें लिखे हैं। कालकर्म-स्वभावकूं रोकवेवारे भगवान्के अनुग्रहको नाम पुष्टि कहेंहैं॥५५॥ जब पुष्टिमार्गीय स्वतन्त्रप्रेमलक्षणा भक्तिको साधन तथा फल सबमार्गन् के साधनफलसों अत्यन्त उत्तम है तो सबही मनुष्य या भक्तिमार्गमें क्यों नहिं प्रवृत्त होवेंहैं? ताको यह उत्तर है की भागवतशास्त्र, वेद, भगवत्गीतादिविना और जितने शास्त्र हैं वे सब मनुष्यन्कूं मोहक रायवेके लिये बनायेहैं, उनशास्त्रन्को कलियुगमें बडो मान है, उनके देखवेसों बुद्धि मलिन होजावे है। जब भगवान्की कृपासों बुद्धिको मल दूर होय तब भागवतशास्त्रमें विश्वास होय अर्थात् भागवतशास्त्रमें जो

कह्योहै सब साचो है ऐसी दृढता होय, फेर वाके अनुसार सदा वर्ताव राखें तब वाकूं साचो फल मिलेहै, अर्थात् इंद्रियनमें तथा अन्तःकरणमें आनंद प्रकट होवेहै।

सत्प्रकरण संपूर्ण भयोहै, यामें कितनेक वादी जगत्कूं मिथ्या मानके जगत्के बीचमें भगवान्की भक्तिभी आगई तासों वाकूंभी मिथ्या कहेंहैं उनकी शंकाको समाधान कियोहै॥५ ६॥

*

चित्प्रकरण

जीवस्त्वाराग्रमात्रो हि गंधवद्व्यतिरेकवान्।।
व्यापकत्वश्रुतिस्तस्य भगवत्त्वेन युज्यते।।५७।।

तत्वदीपप्रकाश

एवं सत्प्रकरणमुक्त्वा चित्प्रकरणमाह। जीवस्त्विति।

तुशब्दः प्रकरणभेदकः। जीवस्यादौ परिमाणमुच्यते। आराग्रमात्र इति।

"आराग्रमात्रो ह्यरोपि दृष्टः इति श्रुतेः। व्रीहेरग्रभागः आरः नन्वेतावाँश्चेत्कथं सर्वदेहव्यापिचैतन्योपलंभस्तत्राह। गंधवद्व्यतिरेकवानिति। विशेषेणातिरिच्यते इति व्यतिरेको द्रव्यापेक्षायाधिकदेशः। यथा गंधःपुष्पापेक्षयाधिकदेशं व्याप्नोति तथा चैतन्यगुणः सर्वदेहव्यापीत्यर्थः गन्धतः कमलादेरिव वा स्थूलगुणयुक्तः, नतु तदन्यथानुपपत्त्या तावत्परिमाणः।

वैदिके शास्त्रै वाचनिक्येव व्यवस्था। नाप्यवांतरपरिमाणेऽपि अनित्यता भवति। यथा भगवतः प्रादेशमात्रस्य अंगुष्ठमात्रस्य हंसाकृतिः तथा आराग्रमात्र एव हंसाकृतिः।

ननु "नित्यः सर्वगतः स्थाणुः" इति वाक्याद् व्यापको भविष्यतीत्याशंक्याह। व्यापकत्वश्रुतिस्तस्येति।

भगवदावेशे भगवद्धर्मव्यापकत्वादयस्तत्र श्रूयंते नतु जीवो व्यापकः।।५७।।

आगें चित्प्रकरणको प्रारंभ करेंहैं। या प्रकरणमें जीवन व्यापक है। सबठिकानें विद्यमान है, ये कैसें भक्ति करसकेंहै ऐसें कहवेवारे वादीकी शंका दूरकरवेके लिये जीवके धर्म कहेहैं।

जीव आराग्रमात्र है, अर्थात् छिलकासहित चांवलकी आगेंकी तीखी नोंखके बराबर जीवको स्वरूप है। जैसें फूल छोटो होयहै परन्तु वाको सुगन्ध गुण आखे वनमें फैलजावेंहैं ऐसेही जीवतो अणु है अर्थात् अत्यन्त छोटो है परन्तु याको (चैतन्यगुण) चेतनपणो जितनों बडो देह होवेंहै उतने बडे देहमें सब ठिकानें फैलजावेंहै, ये बात "व्यतिरेकगंधवत्" या व्याससूत्रमें लिखी है।

यहाँ कितनेंक जैनमतके एकदेशी ऐसें कहेंहैं कि आखे शरीरमें सबठिकानें चैतन्य मालुम पड़ेंहै तासों जितनो बडो देह होवेंहै वितनोंही बडो देहके भीतर जीव रहेंहै ऐसें माननों, ताको यह उत्तर है कि चैतन्यगुण आखे शरीरमें फैलजावेहै परन्तु जीव तो अणुमात्र होयहै। जो जीवकूं मध्यमपरिमाणवालो मानोंगे तो देहजितनों ही बडो जीव माननो पडेगो, तो देह जैसें अनित्य है ऐसें जीवकूंभी अनित्य माननो पडेगो। जो कदचित् जीवकूंभी अनित्य मानलोगे अर्थात् देहके साथही जीव बनजावेहै, देहकी साथही जीव मिटजावेंहैं, एसें कहोगे तो होतोभयो बालक भूख

मिटायवेकेलियें स्तन पीवेमें प्रवृत्त होवेंहै सो तुमारे मतके हिसाबसों नहिं बनसकेगो, क्योंकि वाकूं कहा याद कि "ऐसें स्तनपान कियोजावेंहै," तथा "स्तन पीवेंसों मेरी भूख मिटजायगी," और हमारे सिद्धान्तसों तो जीव अनेक देह धारण करतो आयोहै, तथा अनेकजन्ममें भूख मिटायवेके लियें स्तन पीतो आयो है वाकी यादहै, तासों वा अभ्याससों बालक याजन्ममेंभी स्तन पीवेमें प्रवृत्तहोजावेंहै। और प्रेतभूत अपने पहलेजन्मकीभी सब बात कहेंहैं तासोंभी मालुम पडेहै जीवको देहके साथ नाश नहिंहोयहै, जीव नित्य है, और देहजितनो बडोही जीवकूं मानोगे तो शरीर अनेक हैं, सबही शरीरन्में कर्मके आधीन होयके जीवकूं जानोपडेहै तब हाथीकी देहके बराबरको हाथीको जीव चिंटीमें कैसें मायसकेंगो, और शरीरके साथही जीव छोटो-बडो होजावेंहै ऐसें कहोगे तो शरीरको जैसें नाश मानोंहो तैसें जीव कोभी नाश माननों पडेगो। जो कहोगे जीवमें छोटेपणो बडेपणो आदि सब परिमाण हैं तो यह बात लोकविरुद्ध है। जगत्में एकवस्तु को एकही परिणाम होवेहै, और जो जीवकूं शरीर जितनों ही बडो मानोगे तो जीवकूं अवयववालो माननोपडेगो। अवयववालो पदार्थ अनित्य होयहै ऐसे जीवभी अनित्य होयगो, ऐसे अनेक दूषण हैं। तासों शरीरके बराबर जीवकूं नहिं माननों, जीवकूं अणु जितनोंही माननों।

अब न्यायशास्त्रमें जीवकूं व्यापक मानेंहैं वाको खंडन करेंहैं। वादी कहेंहै अनेक पदार्थ जीवके भोगवेके लियें अनेक देशनमें उत्पन्नहोवेहैं, उनके उत्पन्न होयवेमें जीवको "अदृष्ट" अर्थात् धर्म अधर्मही कारण है, और धर्म अधर्म जीवात्मामें रहेंहैं तासों जहां जहां जीवके भोगवेके लियें पदार्थ उत्पन्नहोरहेंहैं वहां वहां धर्माधर्मसहित जीव विद्यमान है, अर्थात् "अदृष्ट" धर्माधर्मसहित जीवको संयोगही है जीवके भोगने योग्य पदार्थ बननेमें कारण है, और सबठिकाने जीवको संयोग रहनो जीवकूं व्यापक मानें विना नहिं बनसकेंहै, तासों जीवकूं व्यापक माननो।

श्रीआचार्यजी आज्ञा करेंहैं जीवनकूँ व्यापक मानोंगे तो सबही जीव सब ठिकाने विद्यमान हैं तहाँ जितने मूर्तिवाले पदार्थ हैं उनसबके साथ सबजीवनको संयोगहै और सबहीके मन देह इन्द्रियनके साथ सबही जीवनको संयोग है ऐसो माननों पडेगो, तब तो सब जीवनकूं अदृष्ट करकें इकसारही सुखदुःख होनेंचाहिये ! सबही जीवनकूं सबही पदार्थन्को भोग होनो चाहिये ! परन्तु ऐसें नहिंहोवे है, जा जीवके जे नियम भोगहैं उनभोगन्कूं ही वह जीव भोगेंहै। जीवकूं व्यापक मानोंगे तो यह बात नहिं बन सकेगी। वादी कहेहैं व्यापकपदार्थके गुण जहाँ तहाँ असमवाणीकारण रहे हैं वहाँही रहेंहैं अर्थात जीव व्यापक है तासों कहा भयो। मन तो अणु जितने हैं, जाठिकाने मन जीवसों लगेहैं वाहीठिकाने

जीव पदार्थको मनकेद्वारा भोग करसकेंहै । सबही पदार्थको भोग नहिं कर सकेहैं। "श्रीआचार्यजी" आज्ञा करे हैं: ठीक जहाँ जहाँ मनको संयोग होरह्योहै वहाँके भोगनको तो अनुभव होनों चाहिये, जैसें 'देवदत्त'नामके मनुष्यने आम्रको भक्षण कियो तो वाकूं ऐसो ज्ञान होवेंहै कि "मैंने मुखसों आम्रफलको भक्षणकियो", ऐसेंही सबही जीवनकूँ यह अनुभव होनो चाहिये, हमने देवदत्तके शरीर करकें आम्रफलको भक्षण कियो क्योंकि जीव कूं व्यापक मानोंगे तो देवदत्तके जीवको देवदत्तके मनके साथ संयोग है, वाहीप्रकार सबही जीवको देवदत्तके मनके साथ संयोग है एसो माननों पडेगो, और जैसें एक मनुष्यकूं पावमें मेरे सुख है, मस्तकमें मेरे पीडा है ये ज्ञान होवेहै, वैसेही यज्ञदत्तके शरीरमें मेरे सुख हो रह्यो है, विष्णुमित्रके शरीरमें मोकूं दुःखहो रह्यो है ऐसो ज्ञान होनों चाहिये। याही रीति सबही जीव सर्वज्ञ होजानेंचाहिये। "विवादी" जा आत्माको जो शरीर है वा शरीरकरकेंही वो भोग करसकेंहै और शरीर करकें भोग नहिं करसकेंहै, क्योंकि वा आत्माको जो धर्मा-धर्मरूप अदृष्ट है सो वा आत्माको और शरीरमें भोगनहीं करवेदेवेंहै।

श्री आचार्यजी आज्ञा करे है : जब आत्मा और शरीरमें भोग नहिं कर सकेंहै तथा और शरीरन्कें वृत्तान्तकूँ भी नहिं जानसकेंहै तब आत्माको सबठिकानें व्यापक माननो वृथाही

भयो। किन्तु देह जितनों बडोहोय उतनोंही बडो आत्मा माननोंपडेगो तबतो मध्यम परिमाणवालो होयवेंसों जैसें देह अनित्य है तैसें आत्माकूंभी अनित्य माननों पडेगो। जो आत्माकूं व्यापक तथा नित्य मानोंहो तो जैसे अपने शरीरसों अनेक पदार्थ भोग करेंहैं तैसें और शरीरन्सोंभी अनेकपदार्थको भोग माननोंपडेगो । तो तुमारे मतमें प्रत्यक्ष विरोध आयो, क्योंकि लोकमें जीव जितनें हैं वे सब अपनें अपनें शरीरकरकेही विषयभोग करतेदीखेंहैं, दूसरेके शरीरकरके विषयभोग करते नहिंदिखेंहैं। किञ्च देवदत्तके शरीरकरके जो आम्रभक्षणको अनुभव भयो है वाको यज्ञदत्तकूंभी ''मैंने आम्रभक्षण कियो'' ऐसो स्मरण रहनों चाहिये।

''विवादी'' : जा ठिकानें अनुभव होय है वाही ठिकाने स्मरण होय है तासों देवदत्तके चाखेंभये आमको देवदत्तकूंही स्मरण होयगो यज्ञदत्तकूं नहिं होयसकेहै।

''श्रीआचार्यजी'' आज्ञा करे है : जा ठिकानें अनुभव होय वाही ठिकानें स्मरण होय ऐसो नियम नहिं है। देखो ! रूपको अनुभव आँखसों होयहै, स्पर्शको अनुभव हाथसों होयहै, परन्तु ''मैने कदंब देख्यो हतो, ''मैने पीताम्बरको स्पर्श कर्योहतो'', एसो स्मरण आँखकूं तथा हाथकूं छोडके हृदयमें जाय होयहै, यामें ''जो वस्तु मैंने हाथसों स्पर्शकरी''-''जो वस्तु मैंने आंखसों देखी, विनकूं में स्मरण

करूंहूं'' या प्रकारको अनुव्यवसायही प्रमाणहै।

विवादी : एकदेहमें अनुभव ओर ठिकानें होय और स्मरण ओर ठिकानें होय ये बाततो बनभी सकेंहै परन्तु अनुभव ओर देहमें होय और स्मरण ओर देहमें होय ये बात नहिं बनसकेंहै, क्योंकि जादेहमें अनुभव होय वाही देहमें स्मरण होय ऐसो नियम है।

श्री आचार्यजी आज्ञा करे है: अनुभवस्मरण एकही देहमें होवेंहै यहभी नियम नहिं संभव सकेंहै, क्योंकी कितनें मनुष्यकूं पहले जन्मकी देहमें जिनपदार्थनको अनुभव कियो है वाको स्मरण यादेहमें होजावेहै, क्योंकी देह दूसरी है परन्तु आत्मा तो एकही है। याही रीतिसों आत्माकों व्यापक मानोंगे तो सबदेहनके विषयभोगको स्मरण देवदत्तकूं होनो चाहिये। क्योंकी सबदेहनमें देवदत्तके आत्माको संबंध है, और ज्यो पहिले कहीकी जीवात्मा अपनी देहमेंही विषयभोग करसकेंहै और देहनमें अदृष्ट अर्थात् धर्माधर्म जीवात्माकूं विषयभोग नहिंकरवेदेवेंहैं, यहभी बात तुमारे मतमें नहिंसंभवसकेंहै, क्योंकि आत्मा सर्वत्र विद्यमान है, सबहीके आत्माको सबहीके मनके साथ संयोग है, तब तो आत्म-मन-संयोगसों भयो जो प्रयत्न और प्रयत्नसूं भयो जो कर्म, वासों भयो ज्यो धर्माधर्मरूप अदृष्ट सोभी सब जीवनको समान भयो, तब तो सबनकूं समान सुख-दुःख होनेचाहियें और जैसे देवदत्त यज्ञदत्तकी देहकरकें विषयभोग

नहिंकरसकेंहै एसे यज्ञदत्तभी देवदत्तकी देहकरके विषयभोग नहिं करसकेगो, क्योंकि अदृष्ट सबके समान होयवेसों, जो अदृष्ट देवदत्तके भोगकरवेमें प्रतिबन्धक है वोही अदृष्ट यज्ञदत्तके भोगकरवेमें प्रतिबंधक हो जावेगो। और जीवात्माकों व्यापक मानोंगे तो ईश्वरके आधीनभी जीव नहीं रहेगो, क्योंकि जैसे भगवान् व्यापक नित्य चैतन्य हैं, जैसेंही जीवभी व्यापक नित्यचेतन होयवेसों वह ईश्वरके समान आपुनको मानेंगे, तासों वेदादिकन्के अनुसार जीवकूं अणुरूप ही माननो। जीवमें चैतन्य गुण है सो विसर्पी है। अर्थात् फैलवेकी सामर्थ्यवालो है, जितनी बडी जीवकूं देह मिलेंहै वितनेमें फैलजावें है, और चैतन्यगुणको निरूपण प्रस्थानरत्नाकरमें स्पष्ट लिख्योहै।

विवादी: जीवात्माकूँ अणु मानोंगे तो आत्माके ज्ञान सुखदुःखादिकको प्रत्यक्ष नहिंहोयसकेगो, क्योंकि अणुके गुण अतीन्द्रिय होवेंहैं।

श्रीआचार्यजी आज्ञा करे हैं : जन्य जे ज्ञानसखा-दिक हैं वे आत्माके धर्म नहिं हैं, वे सब मनके धर्म हैं, तामें श्रुति प्रमाण है, "कामः सङ्कल्पः श्रद्धा अश्रद्धाऽहीर्धीर्भीरिति सर्वं मन एव" इति। और प्रत्यक्ष होयवेमें योग्यताकूंही कारणता है।

विवादी : आत्माकूं अणु मानोंगे तो अणुको तो प्रत्यक्ष

ज्ञान नहिं होवेंहै, जैसें "मैं हू" याप्रकारको आत्माकोभी प्रत्यक्ष ज्ञान नहिं होनोचाहिये, तथा योगीनकूं आत्मा प्रत्यक्ष दीख आवेंहै सो भी नहिं दीखनोचाहिये ।

श्रीआचार्यजी आज्ञा करे हें :"मैं हू" यह जो प्रत्यक्ष ज्ञान है सो देहसम्वलित आत्माको है, केवल आत्माको प्रत्यक्ष नहिं होवेंहै। योगीलोग तो योगजधर्मसो अणुकोभी प्रत्यक्ष करलेहैं वैसेंही आत्माकोंभी अलौकिक प्रत्यक्ष विषय करलेंहैं, तासों वेद परमप्राप्त है। वेदमें आत्माकूं अणुपरिमाणवालो लिख्योहै उतनोही माननो।

विवादी : आत्मा तो व्यापकही होयगो, वेदमें तो अणुकी उपमा मात्र दीनीहै । अर्थात् जैसें अणु बहुत परिश्रमसों जान्योजायहै ऐसें आत्माभी परिश्रमकरकें चित्त शुद्ध कियो जाय तब जान्योजाय है।

श्रीआचार्यजी आज्ञा करे हें : वेदमें झूठो वर्णन नहींहोयहै, और यदि ऐसोंही वेदको अभिप्राय होयतो "वालाग्रशतभागस्य" या श्वेताश्वतरकी श्रुतिमें वालाग्रके शतभागके शतभागको एकहिस्सा जीवको परिमाण लिख्यो है सो एसें विस्तारसों क्यों वर्णन करते! दुर्ज्ञेयता तो अणुमात्रके कथनसोंही सिद्ध होय जाती।

विवादी : मैंने आपको ऐसो अलौकिक प्रभाव नहिं जान्यो हतो। अब मेरे सब संदेह दूरभये, आपको मत सत्य है।

श्रीआचार्यजी आज्ञा करे हें : वैदिकशास्त्रमें वेदके

वचनकरकेंही व्यवस्था करनी. लौकिक युक्तिसों वेदोक्त प्रमेय नहिं, जान्यो जावेंहै, यहही "श्रुतेस्तु शब्दमूलत्वात्" या व्याससूत्रमें वेदव्यासजीको सिद्धान्त है। वैदिकरीतिसों आराग्रमात्र जीवकूं मानोंगे तो अवान्तर परिमाण वालो होयवेसों अनित्य होयगो इत्यादि दूषण भी हमारे मतमें नहिं हैं, क्योंकि या मतमें वेदवाक्यनसों व्यवस्था है। वेदविरुद्ध युक्ति अप्रमाण है, जैसें वेदमें भगवान्को स्वरूप कहीं अंगुष्ठमात्र, कहीं प्रादेशमात्र, कहीं हंसाकार, कहीं हंसरूप होयकें पुरमें अर्थात् शरीरमें प्रवेश वर्णन कियोहै वहाँ चिंटी आदि शरीरमें प्रादेशमात्र परमात्मा कैसें रहतोहोयगो, तथा परमात्मा नानापरिमाणवालो कैसें होजावेहै? इत्यादि तर्कना नहिंहोवेंहै। ऐसेंही भगवदंश जीवात्मा आराग्रमात्र होयकेभी नित्य है याविषयमेंभी तर्क नहिं चलावनो।

और गीताजीमें "नित्यः सर्वगतः स्थाणुः" या श्लोकमें जीवकूं व्यापक लिख्योहै सो तो जब भगवान्को आवेश या जीवमें आवेंहै तब भगवान्के व्यापकत्वादिक धर्मभी जीवमें आजावेंहैं, वे धर्म भगवान्के ही हैं जीवके नहिंहै, जैसें लोहके गोलामें अग्नि घुस जावेंहै तब लोहेको गोला भी जलायवे लगजावेंहै परन्तु जलावनो लोहेके गोलाको गुण नहिं है अग्निकोही गुण है, याही रीति जीव जब ब्रह्मज्ञानी होवेंहै तब ब्रह्मके आवेश होयवेसों ब्रह्मरूप होजावेंहै। तब व्यापकत्वादि धर्मभी प्रकट होजावें हैं॥५७॥

आनंदाशाभिव्यक्तौ तु तत्र ब्रह्माण्डकोटयः ।।
प्रतीयेरन् परिच्छेदो व्यापकत्वं च तस्य तत् ।।५८।।
प्रकाशकं तच्चैतन्यं तेजोवत्तेन भासते ।।
न प्राकृतेंद्रियैर्ग्राह्यं न प्रकाश्यं च केनचित् ।।५९।।

तत्वदीपप्रकाशः

ननु "ब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवति" इति वाक्यादाराग्रमात्रत्वं न वास्तवमिति चेत्तत्राह ।। आनंदांशाभिव्यक्ताविति ।।

ब्रह्मत्वेपि न अधिकपरिमाणता वक्तव्या ।। अण्वपि ब्रह्म व्यापकं भवति ।। यथा कृष्णो यशोदाक्रोडे स्थितोऽपि सर्वजगदाधारो भवति तथा जीवास्यापि आनंदांशश्चेदभिव्यक्तस्तदा तस्मिन् ब्रह्मांडकोटयो भवंति । अतएव परिच्छेदेपि व्यापकत्वसिद्धेर्न तदनुरोधेन अधिकपरिमाणत्वम् अंगीकर्तव्यमित्याह ।। परिच्छेदो व्यापकत्वं च तस्य तदिति ।। अलौकिककेषु धर्मेषु प्रमाणमेव अनुसर्तव्यं, न लौकिकी युक्तिः ।। अतो व्यापकत्वेपि नाराग्रमात्रत्वं दोषाय ।।५८।।

धर्मांतरमाह ।। प्रकाशकं तच्चैतन्यमिति ।।

प्रकाशकं तत्तद्रूपं तस्य चैतन्यगुणो वा तेन तेजोवद्भासते । ततो ज्योतिः प्रयोगो ।। "वृत्रस्य देहान्निष्क्रांतमात्मज्योतिः" इति यथा "चैद्यदेहोत्थितं ज्योतिः" इति नैतावता तेजः प्रकृतित्वं तेजसोऽपि ब्रह्मप्रकृतित्वादेव तथात्वं ।। अतएव न रूपवत्वादिकमांशकनीयम् ।।

लोकप्रमाणगोचरत्वं धर्ममाह ।। न प्राकृतेंद्रियैर्ग्राह्यमिति ।।

रूपाद्यभावो् सत्सन्निकर्षाभावाच्च ।। "यन्न स्पृशंति न विदुः" इतिवाक्यात् ।। नापि केनचित्प्रकाश्यं यथा सूर्येण प्रकाशितो घटश्चक्षुषा गृह्यते न तथा इन्द्रियग्रहणार्थं किंञ्चित्प्रकाशकमस्तीत्यर्थः ।।५९।।

व्रजभाषाटीका

जब जीवको आनंदांश प्रकटहोवेंहै तब जीवमें क्रोडन ब्रह्मांड प्रतीत होयवेंलगेंहै, परन्तु व्यापक होवेंहैं वा समयमें भी अणुजितनोंही जीवको परिमाण रहेंहै, वहां अणु जीवमें क्रोडन ब्रह्मांड कैसे प्रतीत होते होंयगे ? यह आश्चर्य नहिं करनों। श्रीभगवान् कृष्णचन्द्र छोटो रूप धारणकरके येशोदाजीकी गोदमें बिराजे हते वा समयमें छोटे रूपमें भी जगत् दिखायोहै, एसेंही जीवमें भगवान्को आवेश आवेंहै तब भगवान्को आनंदांश प्रकटहोवेंहै, तथा आनंदांशको धर्म जो विरुद्धधर्माश्रयता है वहभी प्रकटहोवेंहै तब अणुमात्र जीवमेंभी क्रोड ब्रह्मांड प्रतीत होवेंहैं विरुद्धधर्माश्रय तो लोकमें कोई पदवी नहीं दीखेंहै, ब्रह्मकूं विरुद्ध धर्माश्रय कैसे मानें ऐसी शंका नहिं करनी । लोकमें तो कोई सर्वज्ञ सर्वकर्ताभी नहिं दीखें है, परन्तु वेदके कहेंसो ब्रह्मकूं सर्वज्ञ सर्वकर्ता मानेंहैं। ऐसेही "तदेजति तन्नैजति" या यजुर्वेदकी श्रुतिके अनुसार ब्रह्मकु विरुद्धधर्माश्रयीभी माननो। अलौकिकधर्म लौकिकेन्द्रियादि प्रमाणन्सों नहिं जाने जावेंहैं और लौकिकयुक्तिकीभी वहां सामर्थ्य नहिं चलेंहै। आगेके श्लोकमें जीवके प्रकाशकधर्मको निरूपण करेंगे॥५८॥

जीव अथवा जीवको चैतन्यगुण प्रकाशक है, अर्थात् प्रकाशवालो है तासों तेज जेसो मालुम पडें है, ताहीसों वेदपुराणन्में ज्योतिरूपसों वर्णन है। भागवत्मेंभी वृत्रासुरकी

देहसों तथा शिशुपालकी देहसों निकसतोभयो जीव ज्योतिरूपही सबलोगनकूं भासमान भयो, परन्तु जीवकूं दीपकके समान पञ्महाभूतान्तर्गत तेजस् तत्वसूं बन्यो भयो ज्योतिरूपही नहिं मानलेनों। ब्रह्मधर्मरूप प्रकाशवालो है तासों ज्योति जैसो मालुम पड़ेहैं। जीव तो लौकिक इन्द्रियादिकन् करके ग्रहणकरवेमें नहिंआवेंहै, जैसें अंधकारमें धरी वस्तु दिया-सूर्यादिद्वारा दीखवेमें आवेंहै ऐसे जीवको स्वरूप दीया, सूर्य आदिद्वारा भी नहिं दीखसकेंहै।

तब यह शंका भई कि शिशुपाल वृत्रासुरके जीव निकसतेसमयमें सबन्कूँ कैसे दीखगये ? ताको उत्तर आगेंके श्लोकमें लिखेंहैं॥५९॥

योगेन भगवद्दृष्टया दिव्यया वा प्रकाशते॥
आभासप्रतिबिंबत्वमेवं तस्य न चान्यथा॥६०॥

तत्वदीपप्रकाशः

ननु तर्हि "पश्यतां सर्वलोकानाम्" इत्यादि कथमुपपद्यते इति चेत्तत्राह॥ योगेनेति॥

त्रेधा तद्दर्शनं, योगेन साधितं मनः पश्यति दिव्यास्तु या भगवंतं पश्यति दिव्या ज्ञानदृष्टिश्च पश्यति नान्यथा तद्दर्शनमित्यर्थः॥

एवं स्वमते जीवस्वरूपमुक्त्वा "एकधा दशधा चैव दृश्यते जलचन्द्रवत्" इति वाक्यद्ब्रह्मप्रतिबिंबो ब्रह्माभासो वा जीवः इति कश्चिन्मन्यते तन्मतनिराकरणयाह। आभासप्रतिबिम्बत्वमिति।

यद्यपि तद्वाक्यं ब्रह्मवाक्यं तेनैव ब्रह्मैवनानारूपं चंद्रदृष्टांतेनोच्यते। एकस्य नानात्वमेव तुल्यत्वे दृष्टांतार्थो न प्रतिबिंबत्वम्॥ "प्रतिमुख्यस्य यथा मुखश्रीः" इत्यत्रापि तथा॥ रूपस्पर्शादियुक्तस्य द्रव्यस्य रूपमात्रोपलम्भः प्रतिबिम्बः क्रियाश्च। नतु धर्मस्पर्शो वा, तथा सति वलेन्दुः तं स्पृशेत्। तत्रस्वाधारस्वभावानुविधायित्वे सति सम्मुखस्थितार्थानुविधायित्वेन प्रतीतियोग्यो हि प्रतिबिंबः॥ स च इतरविलक्षणः। अतः प्रतिबिंबरूपमेकं भगवतः स्वतंत्रमिति मंतव्यम्। तत्रापि मानाद्यभावात्तदर्थं प्रयत्नाकरणात्। अतएव "समो मशकेन समो नागेन" इति श्रुतेः सर्वानुविधायित्वमपि संगच्छते॥ अतो मूलसेकः शाखायामपि गच्छतीतिवत्प्रतिबिंबेऽपि तथा भानमस्तीतिएतावन्मात्रमभिप्रेत्योच्यते आभासत्वं प्रतिबिंबत्वं नतु मुख्याभासवत्तस्यालीकं स्वरूपमित्यर्थः॥ "यदस्ति यन्नास्ति" इति वाक्याद्भगवतः सर्वं रूपमुपपद्यते नतु अन्यस्येति भावः॥ यथा महाराजस्य सर्वं रूपं सर्वा च कृतिर्न दोषाय॥६०॥

व्रजभाषाटीका

तीन रीतिसों जीवको स्वरूप दीखेंहै, एकतो योगकरके (साधित) अर्थात् सध्योभयो मनकरके जीवकूं देखेंहै अथवा जिननेत्रन्सों भगवान्के दर्शन करेंहैं उननेत्रन्सों जीवकूं देखसकेंहै। जैसें शिशुपालको जीव उनकी दृष्टिसों दीख्यो, जिनकी दृष्टि भगवानकूं देखरहीहती। अथवा दिव्यदृष्टिसों जीव दीखेंहैं, जैसें वृत्रासुरको जीव दिव्यदृष्टिवाले देवतानकूँ दीखवेमें आयो॥ मायावादीके मतमें ब्रह्मको प्रतिबिंबरूप अथवा ब्रह्मको आभासरूप जीवकूँ मानेंहै ताको खंडन करेंहैं। "आभासप्रतिबिंबत्वमिति"।

जीव है सो ब्रह्मको आभासरूप तथा ब्रह्मको प्रतिबिंबरूप नहिं होय सकें है और ब्रह्मबिंदूपनिषद्में "एकधा दशधा चैव दृश्यते जलचंद्रवत्" या वाक्य में भी एक ब्रह्म नानारूप होजावेंहै, जैसे एकचंद्रमा जलके घडान्में अनेकप्रकारवालो दीखेंहै येही बात लिखीहै। अर्थात् एकब्रह्मके अनेकरूप होयवेमेंही चंद्रमाको दृष्टांत दियोहै। या वाक्यसों जीव ब्रह्मको प्रतिबिंब है यह बात नहिं सिद्धहोयसकेहैं, जो एसो श्रुतिको अभिप्राय होयतो मुखकोही दृष्टांत श्रुतिमें लिखते।। यद्यपि यह वाक्य जीवप्रकरणमें है तथापि अंश- अंशीकी अभेदभावना करायवेके लिये ब्रह्मको निरूपण या वाक्यमें कियोहै। "एक एवहि भूतात्मा भूते भूते व्यवस्थितः, एकधा बहुधा चैव दृश्यते जलचंद्रवत्" अर्थ-एक परमेश्वर अंशरूपकरिके सबशरीरन्में अनेकरूपसों स्थितहै, जैसे चंद्रमा अंशरूप किरणन्करिकें जलमें स्थितहोयहै। किरणरूप अनेक अंश अंशी चंद्रमासों अलग नहिंहैं ऐसे जीवरूप अंश अंशी ब्रह्मसों अलग नहिं हैं।। याहीप्रकार श्रीभागवतमेंभी "प्रतिमुखस्य यथा मुखश्रीः" या श्लोकमें मुखकी आभूषणादिकनसों शोभा करीजाय तो वा मुखके प्रतिबिंबकी विनाही कियें शोभा होयजावेंहै, ऐसेही परमेश्वर भक्तिकरकें संतुष्ट कियोजाय तो वाके अंशरूप जीवात्मा स्वतः संतुष्ट होजावेंहै। जैसे वृक्षकी जडमें जल डारिवेसों

शाखा स्वतः तृप्तहोयजावेंहै, अर्थात् जैसें प्रतिबिंबितमुखकी शोभामें मुखकी शोभा प्रयोजक-कारण है ऐसेही परमात्माको प्रसन्न होनो जीवनके प्रसन्नहोयवेको कारणहै। यहही बात "प्रतिमुखस्य यथा मुखश्रीः" या श्लोकसों सिद्ध होवेंहै। परमात्माको जीव प्रतिबिंब है यह बात सर्वथा नहिं सिद्ध होवेहै।

प्रतिबिंब पदार्थको यथार्थ स्वरूप लिखेंहैं : जो पदार्थ दर्पण जलादिरूप जो आधार वाके जो स्वच्छता तथा मलिनता आदि धर्म उनके समानधर्म वालो होय और संमुखस्थित जो मुख चंद्रमा आदि पदार्थ उनकेभी समानधर्म वारो होय और प्रतीति होतो होय तासों 'प्रतिबिंब' कहनों।

यह प्रतिबिंब पदार्थ घटादिरूप सत्यसृष्टिसों तथा आभासादिरूप मिथ्यासृष्टिसों विलक्षण है। भगवान्के जो अनंतरूप हैं उनरूपन्में प्रतिबिंबभी भगवान्को एक स्वतंत्र रूपहै। जैसें भगवान्के औररूपन्की संख्या तथा परिमाण नहिं है तैसें प्रतिबिंबमें भी संख्या परिमाण नहिं है। एकमुखके हजारन् प्रतिबिंब हो सकेंहैं तासों संख्याको नियम नहिंहै। याहीप्रकार परिमाणकोभी नियम नहिं है, क्योंकि एक फुटके काचमें हाथीको प्रतिबिंब फुटमात्रको होयजावेंहै, चारहाथके काँचमें चारहाथको हाथीको प्रतिबिंब होयजावेंहै, तथा "समो नागेन समो मशकेन" इत्यादि श्रुतिन्के अनुसार भगवान् हाथी मच्छर तथा तीनलोकके

सबपदार्थन्के समानधर्मवाले हैं यह बात भी प्रतिबिंबमें संगत होवेहै, क्योंकि प्रतिबिंबहै सो हाथीके संमुख हाथी होयजावेंहै, मच्छरके संमुख मच्छर जैसो होजावेहै, यारीतिसों सबपदार्थके समान होसकेहैं।

शंका-प्रतिबिंबकूं तो मायिक पदार्थ मानेंहैं तब भगवान्को रूपांतर कैसें होयसकेहै। उत्तर: "यदस्तियन्नास्ति च विप्रवर्य" इत्यादि विष्णुपुराणादिकनके वाक्यन्सों चतुर्दशभुवन और सत्पदार्थ तथा असत्पदार्थ सर्व भगवद्रूपही है यह सिद्धांत सिद्ध होवेंहै, क्योंकि भगवान् विना और पदार्थ सर्वरूप नहिं होय सकेंहैं तासों मायिक प्रतिबिंबादिकभी आपकेही रूपांतर हैं। मायिकरूप धारणकरिवेमें आपकी कछूभी हानि नहीं है। लोकमेंभी चक्रवर्तीराजाके सब प्रकारके रूप तथा सबप्रकारके कार्य प्रशंसा योग्य ही समुझेजाँय हैं, उनमें दोषबुद्धि कोईकीभी नहिं होयहै, तब सकल जगत्के नियन्ता भगवान् के सत् असत्रूप धारणकरवेमें दोषसंभावना कैसें होयसकें है॥६०॥

आनन्दांशतिरोधानात्तत्तद्वत्तेन भासते॥
मायाजवनिकाच्छन्नं नान्यथा प्रतिबिम्बते॥६१॥

तत्वदीपप्रकाशः

आभासप्रतिबिंबत्वे प्रयोजकं रूपमाह॥ आनन्दांशतिरोधायानाद् इति॥

जीवरूपं एतत्तिरोधानात्तज्जीवत्वं भासते। तेन आनंदाशेनाविर्भूतेन

युक्तं यत्तद्वद्ब्रह्मवदवभासते इत्यर्थः। अंशद्वयस्य विद्यमानत्वात्स-दंशस्फूर्तौवाभासत्वमुभयोः स्फूर्तौ प्रतिबिंबत्वं त्रितयस्फूर्तौ ब्रह्मत्वमिति निर्णयः। न तु लौकिकाभासत्वं तथा सत्यलीकता स्यादतो मायावादिव्यतिरिक्तास्तं तथा न मन्यन्ते इति।

मिथ्यावादं युक्तिबाधितमेव दूषयति। मायाजवनिकाच्छन्नम्इति। अवश्यं प्रतिबिम्बसिद्ध्यर्थं व्यवधानं कल्पनीयम्। तन्मायादिकमेव भवतीति। मायाजवनिकाच्छन्नं न प्रतिबिम्बते॥ यथा तिरस्करिण्यां विद्यमानायां पुरुषो न प्रतिबिम्बते॥६१॥

व्रजभाषाटीका

जब आपके मनमें मायिक-अमायिक सबही पदार्थ भगवान्के रूप है तब मायिक प्रतिबिंब अथवा मायिक आभासरूप जीवकूं मानलेवेमें आपकी कहा हानि है।

उत्तर-मायिक प्रतिबिंबादि रूप जो मिथ्याही जीवकूँ मानोगे तो मोक्षके साधन बतायवेवारे सब शास्त्र व्यर्थही हो जाँयगे। किञ्च वेदमें "योन्यथा सन्तमात्मानम्" या श्रुतिमें आत्माके अन्यथा ज्ञानीकूँ अर्थात् मनःकल्पित विपरीतस्वरूप मानवेवारेकूँ महापापी कह्योहै, तासों जीवको जैसो स्वरूप होय तैसोही माननों उचित है।

व्याससूत्रादिकन्में जो आभासादि-रूपता जीवकूं लिखीहै ताको कारण यह है आनन्दांशको तिरोधान होयहै तब जीवत्व भा-समान होय है। जब यह मनुष्य देहकों अपनो स्वरूप मानेंहै तब "मैं स्थूल हूँ", "मैं कृश हूं", "मैं गौरो

हूं'', इत्यादि आधिभौतिक ज्ञान याकूँ होयहै, तब या अवस्थामें संदेशमात्रकी स्फूर्ति रहेंहै, तब ब्रह्माभास या जीवकूँ कह्योहै। जैसे कोई मनुष्यमें ब्राह्मणके सब धर्म-गुण नहिं होय केवल जातिब्राह्मण होय वासों जैसें ब्राह्मणाभास कहे हैं। जब यह मनुष्य देहसों अलग अपने स्वरूपसकूँ मानेंहै तब ''मैं चेतन हूँ'' या प्रकारको आध्यात्मिक ज्ञान याकूँ होवैहै। या अवस्थामें सत्ता तथा चैतन्य इन दोनों अंशन्की स्फूर्ति होवेंहै तब या जीवकुं ब्रह्म को प्रतिबिंब या जीवकूं शास्त्रमें कहेंहै। जैसे जातिब्राह्मणमें ब्राह्मणके कितनेक धर्म आयजावें तब वाकूँ ब्राह्मणसदृश कहेहैं। बिम्बके सदृशको नाम 'प्रतिबिंब' है। जब भक्तिआदि साधनकरिकें आनंदांश प्रकटहोवे है तब ''सच्चिदानंदरूप मैं हू'' ऐसी प्रतीति होवेंहै। या अवस्थामें आधिदैविक ज्ञान याकूँ होवेंहै तब या जीवकूं ब्रह्मरूप कहेंहैं। या रीतिसों आभासप्रतिबिंब ब्रह्म स्वरूपत्वादि-बोधक वाक्य जीवमें चरितार्थ होवेंहैं। लोकमें जैसे मायिक आभासप्रतिबिंब होवेंहै वैसो जीव नहिं है, वैसो जीवकूँ मानोंगे तो जीवकूँ मिथ्या माननों पडेगो। मायावादी विना और कोईकोभी ऐसो मन्तव्य नहिंहै, यह मिथ्यावाद युक्तिविरुद्ध है।

'मायाजवनिका' प्रतिबिंब सिद्ध होयवेंके लियें कछु व्यवधान अर्थात् आकाशादिकन्करिकें कछूक छेटी जरूर

माननी चाहिये। जेसें मुख तथा दर्पण के बीचमें आकाशको व्यवधान जरूर राखनों पडेहै ऐसें सृष्टिके पहिलें आकाश नहिं प्रकटभयो तब कायको व्यवधान हतो। जो कदाचित् मायाकोही व्यवधान मानोंगे तो प्रतिबिंब पडनोंही असंभव होयगो, क्योंकी माया तो ब्रह्मके स्वरूपकी छिपायवेवारी तिरस्करिणी- टेराके समान है। जैसे मुख और काँचके बीचमें टेरा आय जावें तो मुखको प्रतिबिंब नहिं पडेहै ऐसेंही मायाको व्यवधान होयवेंसो ब्रह्मको प्रतिबिंब नहिं होय सकेगो॥६१॥

तत्र वृत्तेर्द्वासुपर्णाश्रुतेरपि विरुद्ध्यते॥
गुहां प्रविष्टावित्युक्तेर्भगवद्वचनादपि॥६२॥

तत्वदीपप्रकाशः

दूषणांतरमाह। तत्र वृत्तेरिति।

यो यत्र वर्तते स तत्र न प्रतिबिम्बते॥ उपरिस्थितएव भ्रांत्या प्रतीतः आकाशः प्रतिबिंबते॥ वस्तुतस्तु प्रभामंडलस्यैव रूपवतः प्रतिबिंबः॥ तथा भ्रांत्या प्रतीतनीलरूपस्यापि गंधर्वनगरवद् वस्तुसामर्थ्यात्तथा प्रतीतिः॥ सर्वथा दर्पणरेखावत्तत्र विद्यामानं न प्रतिबिंबते॥ दूषणांतरमाह। "द्वा सुपर्णा सयुजा सखायौ समानं वृक्षं परिषस्वश्रुतेः इति जाते॥ तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्न्यो अभिचाकशीति" इति श्रुतेरिति। तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्तीति वाक्यात्प्रतिबिंबस्य क्रियाबिंबस्य च तूष्णींभावो विरुद्धयते। प्रतिबिंबक्रियाया बिंबाधीनत्वादेकत्रा स्थितेश्च। श्रुत्या च तथा बोध्यत इति प्रतिबिंबकल्पना श्रुतिविरुद्धा।

न्यायविरोधमाह। गुहां प्रविष्टाविति। "गुहां प्रविष्टावात्मानौ हि

तद्दर्शनात्''। स्मृतिविरोधमाह॥ भगवद्वचनादपी ॥ ''ममैवांशो जीवलोके इति'' ''उत्क्रामन्तं स्थितं वापि'' इति च ॥६२॥

व्रजभाषाटीका

द्वितीय दूषण यह है के जो पदार्थ जा पदार्थमें सदा रहतो होय वा पदार्थको प्रतिबिंब नहिं होयहै। जैसें काँचकी खुदीरेखाको वाही काचमें प्रतिबिंब नहिं पडेहै। ब्रह्म तो व्यापक है, सब ही पदार्थन्में सदाही रहेंहै । तासों वाको कोई पदार्थमेंभी प्रतिबिंब नहिं पड सकेंहै। यदि कदाचित् कहोगे आकाशभी व्यापक है याको प्रतिबिंब जलादिकन्में कैसें पडें है ? ताको यह उत्तर है : आकाशको प्रतिबिंब नहिंपडेहै किन्तु रूपवान् प्रभामंडलकोही जलादिकन्में प्रतिबिंब पडेंहै क्योंकी आकाशमें रूप नहिं है। प्रतिबिंबमें जो नीलरूप दीखेहै वामें आकाश के प्रतिबिम्ब की प्रतीतिकु तो भ्रमरूपही जाननों। वस्तुस्वभाव करिकें नीलरूप प्रतिबिंब है ऐसी प्रतीति होजावेहैं॥ तुमारे मतमें ब्रह्मरूपादिरहित है तासों ब्रह्मको प्रतिबिंब नहिंहोयसकेंहै। जो रूपरहित वस्तुकोभी प्रतिबिंब होतो होय तो वायुकोभी प्रतिबिंब होनों चाहिये।

सारांश यह भयो कि चक्षुकरके देखिवेयोग्य होय और अव्याप्यवृत्ति होय उस पदार्थकोही प्रतिबिंब होय हे। अर्थात् जो वस्तु चक्षुकरिके नहिं देखवे योग्य है और व्याप्यवृत्ति है अर्थात् व्याप्य-पदार्थमेंजो रहेहैं वाको उन व्याप्यपदार्थनमें

प्रतिबिंब नहिं पडसकेहै॥ यद्यपि भगवान्केनेत्र देखिसकेंहै परन्तु भगवान्की आपुन्को अपनो स्वरूप दिखायवेकी इच्छा होय तबहि देखिसकेंहैं॥ नेत्र अपनी सामर्थ्यसों भगवान्कूँ नहिं देखिसकतहैं तासों भगवान् चक्षुर्योग्य नहिंहैं। तुमतो ब्रह्मकूं निर्धर्मक मानोहो, निर्धर्मकपदार्थको प्रतिबिम्ब नहिं हो सकें हैं तासों ब्रह्मको प्रतिबिंब पडनो सर्वथा असंभवही है॥

और दूषण कहेंहैं "द्वा सुपर्णा सयुजा सखायौ" या श्रुतिमें जीव परमात्मा दोनों एक वृक्षपै बैठेहैं। जीव वा वृक्षके फलको भोग करेंहै, परमात्मा नहिं करेंहै, यह बात लिखीहै। जो जीव परमात्माको प्रतिबिंबही होय तो परमात्माके फलभोग करें विना जीवात्मा कैसें फलभोग करसकें, क्योंकी प्रतिबिंबकी क्रिया बिंबके आधीन रहेंहै। लोकमेंभी देवदत्तके भोजनकरेंविना देवदत्तके प्रतिबिंबमें भोजन करवेकी चेष्टा नहिं प्रतीत होवेंहै। और बिंब प्रतिबिंब दोनों एकदेशमेंभी नहिं रह सकें हैं, क्योंकी प्रतिबिंब कांचमें रहेंहै वहाँ मुख नहिंरहेंहै। यदि जीव प्रतिबिंबरूप होय तो परमात्माको एकवृक्षपें जीवके साथ रहनों श्रुति नहिं वर्णनकरती। एक शरीररूप वृक्षमेंभी एकही देशमें जीव और अंतर्यामी रहेंहैं। "गुहां प्रविष्टावात्मानौ हि तद्दर्शनात्" (ब्रह्मसूत्र १/२/११) या व्याससूत्रमें एकही हृदयरूप गुफामें जीव-ब्रह्मकी स्थिति लिखी है। और मुख्य स्मृति गीताजीमें "ममैवांशो

जीवलोके'' या श्लोकमें जीव मेरो सनातन अंश है यह लिख्यो है॥ तथा ''उत्क्रामन्तं स्थितं वापि'' या श्लोकमें निकसतेभये जीवकूँ ज्ञानदृष्टिवारे देखेंहैं यह लिख्योहै। जीवकूं लौकिक प्रतिबिंबरूप मानोंगे तो अंशत्व तथा उत्क्रमण-क्रिया-निकसनों नहिं बन सकेगो तासों प्रतिबिंबपक्ष श्रुति-स्मृति-न्याय सों विरुद्ध है ॥६२॥

जीवाहानिस्तदा मुक्तिर्जीवन्मुक्तिर्विरुद्ध्यते॥
लिङ्गस्य विद्यमानत्वादविद्यायां ततोऽपि हि॥६३॥

अधिष्ठातुर्विनष्टत्वान्न देहः स्पंदितुं क्षमः॥
प्रारब्धमात्रशेषत्वे सुषुप्तस्येव न व्रजेत्॥६४॥

तत्वदीपप्रकाशः

एवं प्रमाणैर्बाधित्वा युक्तिभिर्बाध्यते॥ जीवहानिरिति द्वाभ्याम्॥ प्रतिबिंबपक्षे जीवहानिर्मुक्तिःस्यात्॥ आत्महानमपुरुषार्थ इति मोक्षस्यापुरुषार्थत्वमापद्यते॥ अलीकता वाऽसुरब्रह्मविद्यायां स्थापिता। दूषणांतरमाह॥ जीवन्मुक्तिर्विरुद्ध्यते इति॥ तत्र हेतुः ''लिङ्गस्य विद्यमानत्वाद्'' इति ॥ क्व प्रतिबिंबते इति वक्तव्यमंतः करणेऽविद्यायां वा ? उभयोरशुद्धत्वात्प्रतिबिंब एव नोपपद्यते॥ अस्तु वा तथापि लिङ्गपक्षे उपाधेर्विद्यमानत्वात्संसार एव ॥ तदभावे परममुक्तिरेव नतु कथञ्चित्जीवन्मुक्तिरित्यर्थः॥ ततोऽपि अविद्यायां प्रतिबिंबो विरुद्धाचते इत्याह अविद्यायामिति॥६३॥

अथ जीवन्मुक्तो मुक्त एवेति चेत्तत्राह॥ अधिष्ठातुर्विनष्टत्वादिति॥ देहः स्पंदितुं चलितुं न समर्थःस्यात्॥

''दैवादुपेतमुत दैववशादपेतम्'' इति न्यायेन चलति इति चेत, तत्र आह॥ प्रारब्धमात्रशेषत्व इति॥

तत्राधिष्ठाता वर्तत एव परं नानुसंधत्ते॥ प्रारब्धं देहविद्यामानतामेव संपादयति नाधिकं भोजनादि कार्यं सुषुप्तौ तथोपलंभात्॥ तस्माज्जीवो न आभासो, न वा प्रतिबिंबः॥६४॥

व्रजभाषाटीका

या श्लोकमें प्रतिबिंबादिपक्षनको युक्तिसों खंडनकरेंहैं॥ जीवकूं प्रतिबिंबरूप मानोंगे तबतो जीवात्माको सर्वथा नाश होजानोंही तुमारे मतमें मुक्ति भई। आत्महानि अपुरुषार्थ है। मोक्षकूं पुरुषार्थता नहिं भई। आसुर ब्रह्मविद्यामें अर्थात् नास्तिक चार्वाकादिकन्के मतमें आत्माकूँ मिथ्या मानेंहैं तैसोही तुमारो पक्ष भयो॥ दूसरो दूषण यह है, तुमारे पक्षमें जीवन्मुक्ति कछु पदार्थ नहिं भई। क्योंकी अंतःकरणमें अथवा अविद्यामें ईश्वर प्रतिबिंबको नाम 'जीव' भयो। जहां तांई अविद्या वा अन्तःकरण में विद्यमान रहेगी तहां तांई संसार ही है। जब अविद्या को वा अंतःकरणको सर्वथा नाश होयगो तब जीव परममुक्तही होयजायगो, जीवन्मुक्त कोईभी जीवात्मा नहिं होयगो। तबतो वामदेव आदिकन्कूँ वेदमें शुकदेव आदिकन्कूँ पुराणमें जीवन्मुक्त कहेहैं सो सब मिथ्याही होयगो। हमारे भगवत्सिद्धांतमें तो जीवकूँ भगवान्को अंश मानेंहैं। तासों जहाँतक जीव अविद्याके आधीन रहे तहांतक संसारी कहावे। जब जीव अविद्याके

आधीन नहिंरहे और जैसें दिनमें निद्रा कारणमें लीन रहेहै या प्रकार वा जीवकी अविद्या कारणमें लीन रही आवें वह जीवन्मुक्त कहावेंहै॥६३॥

यदि जीवन्मुक्त हैं सो मुक्तही है, जीवन्मुक्ति कोई अलग पदार्थ नहिं है ऐसें कहोगे तो मुक्तदशामें जैसें अधिष्ठाता जीवको नाश मानोंहो तैसें जीवन्मुक्तके जीवात्माकोभी नाश माननों पडेगो। तबतो जीवन्मुक्तको देह चलवेकूँ समर्थ नहिं होनो चाहिये। शास्त्रमें शुकादिकन्की देहको चलनों प्रसिद्ध है। कदाचित् कहोगे के अधिष्ठाता जीवात्मा नहिंरहें तासों कहाभयो, प्रारब्धकर्मन्के द्वारा जीवन्मुक्तकी देह चलेंहै, ताको यह उत्तर है कि प्रारब्धकर्म देहकूँ विद्यमान तो राखसकेंहै परन्तु देहकूँ चलाय देनों अथवा भोजनादिकार्य करवादेनें यह प्रारब्धकी सामर्थ्य नहिं है। जो प्रारब्धकी यह सामर्थ्य होय तो सुषुप्ति अवस्थामें सूतेभये मनुष्यकूं प्रारब्ध क्यों नहिं चलायसकेंहै ? तासों जीवन्मुक्तकी देहमें अधिष्ठाता आत्मा जरूर रहेंहै परन्तु देहादिकन्में अध्यास नहिं रहेंहै ताकरण वाकूं अनुसंधान नहिं रहें है। इतने विस्तारकरिके जीव आभासरूप वा प्रतिबिंबरूप नहिंहै यह बात सिद्धभई॥६४॥

तत्वमस्यादिवाक्यस्य शोधितस्यापि युक्तितः॥
न विद्याजनने शक्तिरन्यार्थं तच्च कीर्तितम्॥६५॥

तत्वदीपप्रकाशः

ननु जीवब्रह्मणोरैक्यान्यथानुपपत्त्या तत्त्वमसीतिवाक्यानुरोधेन प्रतिबिंबयोरैक्यं युक्तमिति तथात्वं कल्प्यत इत्याशंकां निराकुर्वन् ''तत्वमसि'' इति वाक्यं न महावाक्यमित्याह। तत्वमसीति॥

इदं वाक्यं श्वेतकेतूपाख्याने वर्तते । तत्रोपक्रमे ''अपि वा तमादेशमप्राक्षो येनाश्रुतं श्रुतं भवति'' इत्यादिना एकविज्ञानेन सर्वविज्ञानं प्रतिज्ञातम्॥ तदेकमेव चेत्सर्वं भवेत्तदोपपद्यते। यथा सुवर्ण खंडाः सुवर्णकार्यं च सर्वं सुवर्णमिति सुवर्णज्ञानेन तद्विज्ञातं भवति। तदर्थं ''सदेव सोम्य'' इत्यारभ्य निरूपितम्॥ ''ऐतदात्म्यमिदं सर्वं तत्सत्यं स आत्मा तत्वमसि'' इति संपूर्ण महावाक्यम्॥ जडस्य सर्वस्यापि तदात्मकत्वमुक्तम्॥ जडगतदोषाश्च तत्र परिहृता-स्तत्सत्यमिति॥ पूर्वोत्तरयोर्जडजीवयोः सदात्मकत्वे मध्ये हेतु-माह॥ स आत्मेति॥ एवं जडस्य तदात्मकत्वमुक्त्वा जीव-स्याप्याह॥ तत्वमसीति॥ उपदेशश्चायम् ''आवृत्तिरसकृदु-पदेशात्'' इति ब्रह्मसूत्रादतः सम्पूर्णं महावाक्यमुपदेशः। तत्र यथा ''ऐतदाभ्यम्'' इत्यत्र न भागत्यागलक्षणा सदंशे तथोत्तरत्रापि चिदंशेऽवगंतव्यम्॥ नापि श्वेतकेतुरवतारः॥ पूर्वं स्तब्धत्वादिदोषकीर्त्तनाद्विरोधाच्चातो ब्रह्मवाक्यत्वात्तदेकदेशस्तत्व मसीति जीवब्रह्मणोरैक्यं न बोधयति वाक्यभेदप्रसंगादुपक्रमविरोधाच्च।

केचिदष्टपदानि महावाक्यमित्या-हुस्तदपि तथा॥ अतस्त्वमसीति छेदस्तु न वैदिकानां संमतः । अतो नास्य विद्याजनने शक्तिः। अन्यार्थकीर्तनात्॥६५॥

व्रजभाषाटीका

कितनेक वादी ''तत्वमसि'' महावाक्यके अनुसार ब्रह्म

जीवकी एकता करवेकेलियें बिंब प्रतिबिंबकूं एक मानके या दृष्टांतसों ब्रह्मकूं बिंब तथा जीवकूं प्रतिबिंबरूप मानकें जीव ब्रह्म इन दोनोंकूं एक मानेंहैं उनके मतको निराकरण करेंहैं।

"तत्वमसि" इतनों सो वाक्य महावाक्य नहीं है, क्यंकि यह वाक्य श्वेतकेतूपाख्यानको है। तहां उपक्रममें आरम्भमें एकपदार्थके ज्ञान होयवेंसो सबपदार्थको ज्ञान होवेंहै ऐसी प्रतिज्ञा है। यह बात जब बन सकें जब एक पदार्थ सबरूप होय रह्यो होवें। जैसे सुवर्ण कंठा कुण्डल मुद्रिकाआदि अनेकरूप हो जावें है, तो सुवर्णके ज्ञानमात्रसों सुवर्ण निर्मित सब आभूषणपात्रादिकन्को अपने आप ही ज्ञान होय जाय है । या तरेहसुं सबजगत्के ज्ञानकरायवे-के लियें "सदेव सोम्य" इत्यादि श्रुतिनमें ब्रह्म सबको कारण है। कार्य हैं सो कारणसें अन्य नहींहैं, ब्रह्म दुर्जेय है, कार्यकरकेंही जतायोजावेहै, इत्यादी निरूपण कियो । ताके आगे "ऐतदात्म्यमिदं सर्वम्" या वाक्यसों मात्र जड पदार्थन्केसाथ ब्रह्मको तादात्म्य संबंध बतायो अर्थात् जड़ पदार्थ ब्रह्मात्मक है यह बात सिद्ध करी। तहां यह शंका भई, जो जड़ पदार्थ ब्रह्मात्मक कैसें होयसकेंहैं, जड़ पदार्थ तो विनाशवाले होयवेंसो असत्य मालुम पडेंहै, ताशंकाके दूरकरवेके लिये "तत्सत्यम्" ये पद कहें हैं। या करिके कार्यकूं सत्यत्व कहिके सर्वदा कार्यकी सत्ता जताई और

विनाशादिक प्रतीत होवें हैं वे सब पदार्थकेही स्वरूपान्तर हैं। याप्रकार छः भाव विकारन्को परिहार कियो तथापि जगत् ब्रह्मात्मक नहींभयो क्योंकि जड़ जीव इनदोनों पदार्थनको नाम 'जगत्' है। तासों जड़कूं ब्रह्मात्मकता सिद्ध करकें जीवकूं भी ब्रह्मात्मकता सिद्धकरवेके लियें "तत्वमसि" यह वाक्य कह्योहै। (तस्य भावस्तत्वं त्वमसि यथा इदं सर्वं जड़वस्तु एतदात्मनो भावस्तथा त्वमपि तदात्मनो भावोसि। त्वं पदस्य मध्यमपुरुषेण लाभो न त्वध्याहारः) भाषार्थ-या वाक्यसों जीवकेसाथ तादात्म्यसम्बन्ध ब्रह्मको बतायो है॥ हे श्वेतकेतु! तूँ 'तत्' ब्रह्मको भावरूप है, अर्थात् ब्रह्मात्मक है, अर्थात् जड़ पदार्थ ब्रह्मको कार्य है तासों ब्रह्मात्मक है। ऐसेही जीव ब्रह्मका अंश है तासों ब्रह्मात्मक है। जैसें कार्य कारणसे जुदो नहिंहोय है ऐसें अंश अंशीसों जुदो नहिंहोयहै।

अब यह शंका भई कि जड़-जीव दोनों न्यारे- न्यारे सुभाववाले पदार्थहैं, ये दोनो एक-एक ब्रह्मात्मक कैसें होयसकें हैं ? या शंकाकूं दूरकरवे के लिये पूर्वोत्तर जड़-जीवकी ब्रह्मात्मकता सिद्ध करवेवारो मध्यमें हेतु कहेंहैं। "स आत्मा" अर्थ वो परमेश्वर सबको आत्मा अर्थात् सबको स्वरूप है, जैसे सोनाके बने भये दंड कुंडल कंठाआदि पदार्थनमें कुंडल न्यारे मालुम पडेंहैं, दंडसों कडा न्यारे मालुम पडेहैं परन्तु सोनासों दण्ड-कुण्डल- कडा आदि

पदार्थ न्यारे नहिंहोय-सकेंहै, क्योंकि उनपदार्थन्मेंसों सोना लेलियो जाय तो उनपदार्थन्को स्वरूपभी नहीं रह सके है, क्योंकी सुवर्णही उनपदार्थन्को आत्मा अर्थात् स्वरूपभूत है। याहीप्रकार जड़जीव अलग-अलग दीखें हैं तथापि ब्रह्म सबको आत्मा है। ब्रह्मसों न्यारे जड जीव कभी नहीं होसकेंहैं। या रीतिसों या महावाक्यमें जड़-जीवात्मक सबपदार्थन्कूं ब्रह्मरूपता सिद्ध करिकें एकब्रह्मके ज्ञान होयवेसों सबके ज्ञान होयवेकी प्रतिज्ञा सिद्धकरी तासों केवल "तत्वमसि" इतनो मात्र महावाक्य नहीं है। किन्तु सोलह पदको समुदाय महावाक्य है। (इतनो बडोही यह उपदेश है)

"तत् - त्वं - असि" यह तीन पद मानिवेमें भी सिद्धान्तमें कछू हानि नहीं है। या पक्षमेंभी अंशअंशीको अभेदही पूर्वोक्तरीतीसों सिद्धहोवेहै।

कितनेक मतवारे "तत्वमसि" यहां भागत्याग लक्षणा करेंहैं सोभी पक्ष ठीक नहीं है। जैसे सदंश जडके ब्रह्मात्मबोधक "ऐतदात्म्यम्" या वाक्यमें भागत्याग लक्षणा नहीं है या प्रकार चिंदश जीव के ब्रह्मत्मबोधक "तत्वमसि" या वाक्य में भी भाग त्याग लक्षणा नहीं माननी।

कितनेक माध्वमतानुयायी कहें हैं कि श्वेतकेतु अवतार हतो तासों वेदमें वाके प्रति गुरुने "तूं ब्रह्म है" ऐसें

"तत्वमसि" या वाक्यमें उपदेश कियोहै यहभी अर्थ ठीक नहीं। श्वेतकेतु अवतार होतो तो पहिली स्तब्धता वेद पढवेको अभिमान तथा अज्ञानादि दोषन्कों श्वेतकेतुमें नहीं वर्णन करते।

शांकरभाष्यमें अष्टपदको महावाक्य मानेंहैं, वा पक्षमेंभी पूर्वोक्त दूषण आवेंहै।

माध्वमतके एकदेशी 'अतत्वम्' ऐसो पद निकासकें "हे श्वेतकेतु तूं ब्रह्म नहींहै" एसो अर्थ करें है सो कोई वैदिकन्के सम्मत नहीं है।

इतने विस्तारसों यह बात सिद्ध भई कि "तत्वमसि" इत्यादि वाक्यकी ब्रह्माभेद ज्ञान करवेकी सामर्थ्य नहीं है किन्तु ब्रह्मकी सर्वरूपता जतायवेके लिये वेदमें "तत्वमसि" इत्यादि वाक्य लिखें हैं ॥६५॥

ब्रह्मणः सर्वरूपत्वमवयुज्य निरूपितं॥
अलौकिकं तत्प्रमेयं न युक्त्या प्रतिपद्यते॥६६॥

तपसा वेदयुक्त्या च प्रसादात्परमात्मनः॥
विद्यां प्राप्नोत्युरुक्लेशः क्वचित्सत्ययुगे पुमान्॥६७॥

तत्वदीपप्रकाशः

तदेवआह ब्रह्मणः सर्वरूपत्वम् इति॥

अवयुज्य। जड जीवौ प्रथक्कृत्य। "सर्वं ब्रह्मे" इति वक्तुं जीवस्य ब्रह्मता निरूपिता॥ नन्वस्तु वाक्यभेदः॥ तथा सति एतावन्मात्रं

जीवस्य ब्रह्मतां बोधयति। तच्च साक्षादनुपपन्नं सद्भागत्यागलक्षणया अखंडमेव वाक्यार्थं बोधयिष्यतीति चेत्साधु बुद्धिमतां बकबंधप्रयासो वृत्तः ॥ उपदेशफलमायुष्मतां किं वृत्तमित्यनु-संधेयम् ॥ ब्रह्मभावेनाधिक-धर्माभावात् ॥ देहादिभेदबोधनेनापि दोषनिराकरणसंभवाच्च ॥ ततो व्यर्थः प्रकरणभेदमप्यंगीकृत्य महावाक्यत्वेनोपदेशप्रयासः ॥

तर्हि श्रुतिः कथमुपदिशतीति चेत्तत्राह ॥ अलौकिकं तत्प्रमेयमिति ॥ लौकिकं हि लोकयुक्त्यावगम्यते ब्रह्म तु वैदिकम् ॥ वेदप्रतिपादितार्थबोधो न शद्धसाधारणविद्यया भवति किंत्वन्यत्साधनमस्तीत्याह ॥६६॥ तपसा इति ॥ तपः पूर्वाङ्गः वेदयुक्तिः सहकारिणी, भगवत्प्रसादो मुख्यं कारणम् ॥ क्वचिद्देशविशेषे ॥ सत्ययुगे काले। पश्चाङ्गसंपत्तौ वाक्यार्थबोधो भवति ॥ अन्यथा "कं ब्रह्म खं ब्रह्म इत्युपाख्याने कथम्उपदेशमात्रेणैव बोधः, कथम् इदानींतनानां न बोधः ॥६७॥

व्रजभाषाटीका

जड़ जीव दोनों पदार्थ परस्पर विलक्षण हैं यह जतायवेके लियें वेदमें जड़-जीवकूं अलग-अलग दिखाये, परन्तु परस्पर जड़-जीव भिन्न हैं तथापि ब्रह्मसों भिन्न नहीं हैं यह जतायवेके लिये जीवकी ब्रह्मात्मकता दिखाई है। सम्पूर्ण वाक्य तो ब्रह्मकी सर्वरूपता सिद्ध करवेके लिये वेदमें निरूपण कियोहै।

कितनेक आग्रही मायावादी वाक्यभेदकूं मानकरिकें भागवत्याग लक्षणाकूं भी अंगीकार करकें तथा शब्दकों साक्षात्ज्ञान करायवेवारो मानकरकें "तत्वमसि" इतनेंसे

वाक्यकूं साक्षात् ब्रह्मको अनुभव करायवेवारो मानेंहैं। तहां उनवादीन्सों पूछनो चाहिये, ऐसो मानवेसों तुमारे कहा लाभ भयो। क्योंकि "तत्वमसि" या उपदेशसों कोईकोंभी साक्षात् ब्रह्मज्ञान नहिं होतो दीखेहै। उपदेश भये पीछे भी वा जीवमें सर्वज्ञता आदि अधिक ब्रह्मधर्म कछु मालुम नहीं पडें हैं, तासों याकों महावाक्य मानवेको प्रयास व्यर्थही है।

कदाचित् कहोगे जा जीवकूं ऐसो उपदेश होजायगो वो जीव आपुनको संसारसों तो जुदो मानेगो । तो संसारही दोषरूप है । यासों निवृत्ति हो जानो येही लाभ होयगो, ताको यह उत्तर है कि संसारसों निवृत्ति तो सांख्यशास्त्रसेंभी होयसकेहै, क्योंकि सांख्यमेंभी सब देहादिपदार्थनसों आत्माकों अलग मान्योहै, तासों प्रकरणभेद मानके याकूं महावाक्य मानवेको तुमारो श्रम वृथाही है॥

कदाचित् कहोगे के श्रुति अभेदको उपदेश क्यों कररहीहै? ताको यह उत्तर है। जैसों "तत्वमसि" श्रुति अभेदको उपदेश कररहीहै तैसें "तपसा ब्रह्म विदज्ञासस्व" "धातुः प्रसादान्महिमानमीशम्" इत्यादि श्रुति तपश्चर्या तथा भगवत्कृपा आदिसों ब्रह्म जानोजाय है यहभी तो कहरहीहै, तासो सब श्रुतिनकी एकवाक्यता करवेसों यह बात सिद्ध होयहै कि ब्रह्मको स्वरूप लौकिकयुक्तिन्सों नहिं जान्योजाय है, क्योंकि ब्रह्म तो वेदसोंही जान्यो जायहै, और वेदके अर्थको बोध लौकिकयुक्तिसों अथवा केवल व्याकरणादिकन् करकें

नहिं होय सकेंहैं । किंतु वेदार्थ जानिवेके उपाय और हैं उनको निरूपण आगेके श्लोकमें करेंगे ॥६६॥

वेदार्थज्ञान पांच साधन होंय तबही ठीकतरेहसुंहोवें है, तप है सो प्रथमसाधन है। द्वितीय साधन वेदमें ब्रह्मज्ञान करायवेके लिये युक्तियें लिखीहैं उन युक्तिनको ज्ञान होनों चाहिये। तीसरो साधन भगवत्कृपा होनी चाहियें, यह मुख्य कारण है। चतुर्थसाधन देश अच्छो होनो चाहिये। पांचवो साधन काल अच्छो होनो चाहिये, जैसें सत्ययुग। या प्रकार पांच अंग जब मिल जावें तब वेदवाक्यनको अर्थ जान्योजायहै। तदुपरांत वेदमें इंद्रप्रजापतिके संवादमें सौ वर्ष ब्रह्मचर्य राखनो लिख्योहै इत्यादि बहुत श्रमसों वेदार्थज्ञान होवेहै। जो विना साधन यदि वेदके वाक्यन्को अर्थ ज्ञान होजातो होय तो "कं ब्रह्मेत्युपासीत खं ब्रह्मेत्युपासीत" अर्थ-कं ब्रह्म है ऐसे उपासना करनी, खं ब्रह्म है ऐसे उपसना करनी इत्यादि श्रुतिन्के उपदेशकरकेंहि साधन हीन अभीके मनुष्यनकूं ज्ञानसिद्धि क्यों नहिं होयजावेंहै और सत्ययुगादिकन्में जिनके सब साधन सिद्ध हते उनकूं उपदेशमात्र करके हीं कैंसे ज्ञान हो जातो हतो ॥६७॥

सर्वज्ञत्वं च तस्येष्टं लिङ्ग तेजोप्यलौकिकं ॥
तत्प्राप्तावपि नो मुक्तिर्जाग्रत्स्वप्नवदुद्भवः ॥
अविद्याविद्ययोस्तस्माद्भजनं सर्वथा मतम् ॥६८॥

तत्वदीपप्रकाशः

इदानींतनानामपि बोध इति चेत्तत्राह॥ सर्वज्ञत्वञ्च इति॥

स्वार्थं सर्वज्ञत्वं लिंगं परार्थमलौकिकं तेजः इति॥ ननु तथापि वाक्यार्थज्ञानेएव-ईश्वरप्रसादार्देभक्तेश्चोपयोग उक्त इति चेत्तत्राह॥ तत्वप्राप्तावपि नो मुक्तिरिति॥ उपनिषद्भिर्महावाक्यार्थविद्याप्राप्तावपि ब्रह्मभावः सायुज्यं वा न तस्य द्रष्टांतेन तथाभावस्य कालपरिच्छेदात्॥ यथा जागरणस्वप्नौ परस्परोपमर्दनेनाविर्भवतस्तिरोभवतश्च तथैव विद्याऽविद्ये। अतो विद्योपमर्दनेनाविद्या पुनराविर्भविष्यतीति व्यर्थः प्रयासः॥ तस्मात् स्वतंत्रभक्त्यर्थं सायुज्याद्यर्थं च सर्वथा भजनं मतम्॥६८॥

व्रजभाषाटीका

कदाचित् कहोगे के अभीके मनुष्यन्कूँ ज्ञान नहिं होवेंहै यह बात कैसे मालुम पड़ी ? ताको यह उत्तर है। सर्वज्ञता होयजानो तथा अलौकिक तेज होजानो ज्ञान होयवेको लक्षण है। अभी वेद पढवेवारेन्में सर्वज्ञता तथा अलौकिक तेज कछु भी नहिं होय है। तासों अभीके मनुष्यन्कूँ वेदार्थको बोध नहिं होयहै यह निश्चय भयो।

आशंका : वेदार्थके ज्ञान होयवेमें भगवत्कृपा कारण है और भगवत्कृपा भक्ति होय तब होय, या रीतिसों ब्रह्मके साथ अभेदको ज्ञान होयवेमें भक्तिको उपयोग भयो।

उत्तर : भगवत्कृपासों उपनिषदन् करिके महावा-क्यार्थ विद्याकी प्राप्ति भये पीछेभी अर्थात् वेदोक्त ज्ञान भये पीछेंभी अधिकारके अनुसार सायुज्यमुक्ति अथवा ब्रह्मभाव प्राप्त

होयवेकेलियें भक्ति अवश्य करनी चाहिये, क्योंकि ज्ञानको तिरोभाव होयके अज्ञान प्रकट होय जायतो ज्ञानके लिये कियो भयो परिश्रम व्यर्थ होयजाय। जैसे सतोगुणके उदय होतेंही मनुष्य जाग जावेंहै, तमोगुण के उदय होते ही सोय जावे है, तैसें ही सतोगुण के उदय सों तमोगुणके उदयसों ज्ञान होयजावेंहै। तमोगुणके उदयसों अज्ञान होजावेंहै। भक्तिसों तो ज्ञान- अज्ञान (विद्याअविद्या) के कारण मायाकी निवृत्ति हो जावेहै "मायामेतां तरन्ति ते" ऐसे या वाक्यमें स्पष्ट लिख्योहै। तासों ज्ञानीकूँ तथा अज्ञानीकूँ स्वतन्त्रभक्ति सिद्ध होयवेके लियें तथा सायुज्य ब्रह्मभावके लियें अवश्य भगवद्भक्ति करनी चाहिये। याप्रकार जीवप्रकरणकूं समाप्तकरकें परब्रह्मको निरूपण करेंहैं॥६८॥

*

ब्रह्मप्रकरण

सच्चिदानंदरूपं तु ब्रह्म व्यापकमव्ययम्॥
सर्वशक्तिस्वतंत्रं च सर्वज्ञं गुणवर्जितम्॥६९॥
सजातीयविजातीय स्वगतद्वैतवर्जितम्॥
सत्यादिगुणसाहस्त्रैर्युक्तमोत्पत्तिकैः सदा॥७०॥

तत्वदीपप्रकाशः

एवं जीवप्रकरणं समाप्य ब्रह्मप्रकरणाह॥ सच्चिदानंदरूपम् इति॥ 'ब्रह्म' इति धर्मिनिर्देशः परब्रह्मवाचकः॥ ब्रह्मपदार्थमाह॥ व्यापकमिति॥ गुणोपसंहारन्यायेन "अविनाशी वारेयमात्माऽनुच्छित्ति धर्मा" इति श्रुतेरव्ययम्॥ सर्वशक्तीति "यः सर्वज्ञः सर्वशक्तिः" इति श्रुतेः सर्वशक्तिः॥ निर्द्धर्मकत्वे सर्वेषामनुपास्योऽप्राप्योऽफलश्च स्यात्॥ अतएव स्वतंत्रम्॥ यो हि निरवधिज्ञानक्रियाशक्तियुक्तः स स्वतंत्रो भवति। चकारात् "सर्वस्य वशी सर्वस्येशानः" इति श्रुतेः॥ सर्वं वशे समानयति गुणवर्जितं प्राकृतगुणरहितम्॥ एवं षड् धर्माः निरूपिताः॥६९॥

तत्र व्यापकत्वं नाम देशाद्यपरिच्छिन्नत्वम्॥ तद्वस्तुपरिच्छेदेनोपपद्यत इति त्रितयपरिच्छेदाभावायाह॥ सजातीयइति॥

सजातीयाःजीवाः॥ विजातियाः जडाः। स्वगता अंतर्यामिणः। त्रिष्वपि भगवाननुस्यूतः॥ त्रिरूपश्च भवतीति तैः निरूपितं द्वैतं भेदस्तद्वर्जितम्॥ अत्र बुद्धिरतवारेष्विव कर्त्तव्या॥

एवं भगवत्त्वमुपपाद्य तंत्रोक्तान्गुणानाह।। सत्यादिगुणसाहस्त्रैरिति।। ''सत्यं शौचं दया क्षांतिः'' इत्यादिश्लोकैः सत्यादयो गुणा निरूपिताः।। ते चौत्पत्तिकाः सदा सृष्टिप्रलयादावपि।।७०।।

व्रजभाषाटीका

(ब्रह्मेति) ब्रह्म सच्चिदानंदरूप है, व्यापक है यासों अखंड ऐश्वर्य वारो है यह बात जताई। श्रुतिनमें ब्रह्म के परस्परविरुद्ध अनेक धर्म लिखेहैं। ब्रह्म जैसें छोटेसों छोटो है और बडेसोंभी बडो है इत्यादिक। परंतु उनधर्मन्के लियें न्यारे -न्यारे ब्रह्म मानेंजांय तो अनेक ब्रह्म होजावेंहैं, तासों उन सबगुणन्को एकब्रह्ममेंही उपसंहार माननो पडेहै। ''ब्रह्म अविनाशी है'' या पदसों ब्रह्म वीर्यवारो है यह बात जताई। और सर्वशक्ति है अर्थात् सब प्रकारकी सामर्थ्यवारो है या पदसों यशवारो है यह बात जताई।' स्वतन्त्र है' अर्थात् जाकी ज्ञानक्रियाकी अवधि नहिंहोयहै वहही स्वतन्त्र कहावेंहै, यों कहिके ब्रह्म श्री वारो है यह बात सिद्ध भई । 'सर्वज्ञ हैं 'सब पदार्थन्कूँ जानें है यापद सों ज्ञानवारो हैं यह बात जताई। और ''प्राकृत गुणन्करिके रहित हैं'' अर्थात् प्रकृतिके गुणनमें आपकी आसक्ति नहींहै यापदसों पूर्ण वैराग्य जतायो।। या प्रकार परब्रह्ममें छः ६ धर्म दिखाये।

जो ब्रह्मकूं निर्धर्मक- निराकार मानोंगे तो कोईभी मनुष्य ब्रह्मकी उपासना नहिं कर सकेगो। तथा उपासना प्रकरणके वेदभागमें ''एतस्यात्मनो वैश्वानरस्य मूर्द्धैव सुतेजाश्चश्रु-

र्विश्वरूपः'' इत्यादिक वाक्यनमें जो वैश्वानरको मूर्द्धा सुतेजा है, चक्षु विश्वरूप है, इत्यादि धर्म दिखायकें उपासना करनो कह्यो है सो सब व्यर्थ जायगो। निराकार होयवेकें कारण कोई ब्रह्मकी उपासना नहिंकर सकेंगे तो जीवकूं ब्रह्मकी प्राप्तिभी नहिंहोसकेंगी, तथा जीवनकूँ परब्रह्म कछु फलभी नहिं दे सकेगो। धर्मरहित-निराकार ईश्वरकूं मानोंगे तो ''सर्वस्येशानः'' या श्रुतिमें ईश्वर सबको स्वामी है यह बात लिखी है सो भी नहिं बन सकेगी। तासों श्रुतिके कहेभये सब धर्म ब्रह्ममेंहैं और जिन धर्मनकी श्रुतियें नाईं कररही हैं विनधर्मनकूं लौकिकधर्म जानने। वेद परम आप्त है, अपने कहेभये धर्मनकों अपनेही वाक्यनसों निषेध कभी नहिंकरें है, क्योंकि कहिके फेरि नटजानो मिथ्यावादीको काम है।

ब्रह्म है सो व्यापक है, अर्थात् देश-काल वस्तु करकें जाको नाप- तोल नहिंहोय सकें वा पदार्थको 'व्यापक' कहेहैं। जहां तांई नाप तोल करिवेवारो पदार्थ अलग होय तहां तांई व्यापकता नहिं होय सकें। ब्रह्मसों भिन्न तो कोईभी पदार्थ नहिं है, क्योंकि जगतमें जड़-जीव-अंतर्यामी ये तीन पदार्थ हैं। भगवानने इच्छाकरकें चैतन्य-आनन्द छिपाय लीनों तब विजातीय जडपदार्थ प्रकटभये। जब आनंद छिपायलीनो तब सजातीय जीव प्रकटभये। जब आपने सत्-चित्-आनन्द तीनों अंशनको प्रकट राखिके परिछिन्न रूपसों अर्थात् परिमाणवाले रूपसों नियतकार्य करवेके लियें

इच्छा करी तब स्वगत अन्तर्यामी प्रकटभये, इन तीनोंही पदार्थन्में भगवान् अनुस्यूत हैं, अर्थात् जडमें सद्रूपकरिकें विराजें हैं, चिद्रूपकरिकें जीवमें विराजें हैं, तथा प्रकट आनंदरूप करिके अंतर्यामीमें विराजेंहैं।। जड़-जीव-अंतर्यामीरूप आपही होयरहेंहैं, तासों इन तीनों पदार्थन्को भेद आपमें नहिंहै, अर्थात् ये तीनों पदार्थ भगवान्सों न्यारे हैं ऐसी बुद्धि नहिं राखनी। जैसें भगवान्के अवतारनकों भगवान्सों अलग नहिंमानें हैं तैसें जड़-जीव-अंतर्यामीकूंभी भगवान्सों न्यारे नहिं माननें, क्योंकि वेदमें "उदरमन्तरं कुरुते अथ तस्य भयं भवति" इत्यादि श्रुतिन्में भगवान्सों अलग कोई पदार्थकूं मानें है वाकूं भय होयहै यह बात लिखी है।

सत्य दया आदि हजारन् गुण आपमें सदाही रहे हैं, अर्थात् सृष्टिकालमें प्रलयकालमें तथा अवतारदशामें ये गुण जैसेके तैसे रहेआवेंहैं, तिनमेंसो कितनेक गुण श्रीभागवतमें वर्णन कियेहैं उनके नाम वर्णनकरें हैं। सत्य १, पवित्रता २, दया ३, क्षमा ४, दान ५, संतोष ६, सरलता ७, शम ८, दम ९, समता १०, तप ११, (तितिक्षा) अपराध सहलेनो १२, उपराम १३, (श्रुत) शास्त्रकुं विचारनों १४, स्वरूपज्ञान १५, वैराग्य १६, ईश्वरता १७, शूरता १८, तेज १९, बल २०, स्मृति २१, स्वतंत्रता २२, क्रियाकुशलता २३, कान्ति २४, धीरता २५, कोमलता २६, बुद्धिवैभव

२७, विनय २८, सुस्वभाव २९, इंद्रियमनशरीरकी सुंदरता ३०, भोगकी योग्यता ३१, गंभीरता ३२, स्थिरता ३३, श्रद्धा ३४, पूज्यता ३५, निरहङ्कारता ३६, इत्यादि अनन्तगुण अवतारमेंभी आपके संगही प्रकट होवेंहैं ॥७०॥

आप अनंतगुणके आधार हैं, यामें कहा आश्चर्य है, किंतु वेदमें "स सेतुर्विधरणः" इत्यादि श्रुतिनूमें सर्वपदार्थके आप आधार हैं यह बात लिखी है। सबके आधार होनो ब्रह्मधर्म है यह बात "धृतेश्च महिम्ना" इत्यादिसूत्रनूमें स्पष्ट लिखी है।

शंका- जब आपको एसो स्वरूप है तो सब जीवनकूं एसे स्वरूपको क्यों नहिं अनुभव होय है? ताको उत्तर गीताजीमें लिख्यो है "नाहं प्रकाशः सर्वस्य योगमायासमावृत्तः"। अर्थ-सबजीवनकूं मेरे स्वरूपको अनुभव नहिंहोयहै क्योंकि मैं योगमायाकरके ढक्योभयो हूं।

तहां यह शंका होयहै-मायाकरके ढकेभये आपहैं, तबतो मायाके आधीन भगवान् होंयगे ? एसो संदेह होवेहै ताके दूरकरवेके लिये श्रीवल्लभाचार्यजी आज्ञाकरें हैं "वश्यमायम्" अर्थ-वश है माया जिनके भगवान् मायाके आधीन नहिंहैं माया भगवान्के आधीन है। जैसे पाशवारे पुरुषकी पाश औरनूकूं बांधे है पाशवारेकूं नहिं बाँध सकेंहै। जैसें सूर्य मेघनूसों कभी ढकजावे है तासों मेघनूके आधीन सूर्य नहिं होवेंहै, क्योंकि सूर्यकी किरणद्वारा मेघ बनेंहै तासों मेघ सूर्यसों जुदे नहिं होय सकेंहैं। "याभिरादित्यः तपति

रश्मिभः ताभिः पर्जन्योवर्षति''या श्रुतिवचनसों मेघ के सूर्यसों अभिन्न होयवे की सिद्धि होवे है। याहीप्रकार मायाभी भगवान्को एकरूप है, यह बात एकादशस्कन्धमें ''तन्मायाफलरूपेण'' या श्लोकमें स्पष्टहै।

अब यह शंका होवें है कि वेदमें ''विश्वतश्चक्षुः'' ''सहस्त्रशीर्षा पुरुषः'' इत्यादिवाक्यन्में जो ब्रह्मके आकारको वर्णन है सो आकारभी मायाकोही बनायो होयगो, या शंकाके दूरकरवेके लियें कहेंहैं ''आनन्दाकारम्''। मुंडकश्रुतिमें ''आनन्दरूपममृतं यद्विभाति'' नृसिंहोत्तरतापिनीमें ''आनन्दरूपः सर्वाधिष्ठानः''

सर्वाधारं वश्यमायमानंदाकारमुत्तमम् ॥
प्रापंचिकपदार्थानां सर्वेषां तद्विलक्षणम् ॥७१॥

जगतःसमवायि स्यात्तदेव च निमित्तकम् ॥
कदाचिद्रमते स्वस्मिन्प्रपंचेऽपि क्वचित्सुखम् ॥७२॥

तत्वदीपप्रकाश :

पुनः श्रुत्युक्तान्गुणानुपसंहरति पूर्वोक्तानां वैदिकत्वाय॥ सर्वाधारम् इति॥

''सेतुर्विधरणः'' इति श्रुतेः॥ गीतायां मायासंबंधस्योक्तत्वान्मायाधीनो भवेदित्याशंक्याह॥ वश्यमायम्इति॥

साकारतामाह॥ आनंदाकरमिति॥ उत्तममक्षरादपि॥ यद्यपि कारणधर्मा एव कार्ये भवंति तथापि कार्यगतत्वेनाऽन्यथाप्रतीतेस्तद्व्यावृत्त्यर्थमाह॥ प्रापञ्चिकपदार्थानामिति॥७१॥

एवं स्वरूपधर्मानुक्त्वा कार्यमाह॥ जगतः समवायि स्यादिति॥

सर्वस्यापि जगतः कार्यरूपस्य ब्रह्मैव समवायिकारणं तस्मिन्नेवोतंप्रोतं गार्गीब्राह्मणे प्रसिद्धं तदेव निमित्तकारणम्॥ चकारात्कर्तृ च॥

तस्य प्रपञ्चनिर्माणे हेतुमाह॥ कदाचिद्रमत इति॥ यदा स्वस्मिन् रमते तदा प्रपञ्चमुपसंहरति॥ यदा प्रपञ्चे रमते तदा प्रपञ्चं विस्तारयति॥ प्रपञ्चभावो भगवत्येव लीनः प्रकटीभवतीत्यर्थः॥७२॥

ब्रजभाषाटीका

इत्यादिकन् में भगवान्को आकार आनन्दरूप है, आनन्दकेही आपके सब अङ्ग हैं यह लिख्यो है। पंचभूतनको रच्यो आपको अंग नहिं है, ताहीसों "विजरो विशोको विमृत्युः" या छांदोग्य-उपनिषदकी श्रुतिमें प्रभुस्वरूपमें जरा-मृत्यु- चिन्ता आदि लौकिक देहके धर्म नहिं हैं यह बात स्पष्टलिखी है। तासों यह सिद्ध भयो जिन श्रुतिन्में अङ्गन्को वर्णन है विनअंगन्कूं आनन्दके रचेभयेही जानने। जिनश्रुतिन्में अंगन्को निषेध है वहां पंचभूतन्के बने अंगन्की नांई करो है एसे समुझनो। क्योंकि "क्षरः सर्वाणि भूतानि" या गीतावाक्यके अनुसार पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश, ये पंचभूत क्षरब्रह्ममें गिने जावें हैं। क्षरब्रह्मसों उत्तम अक्षर ब्रह्म है, अक्षरब्रह्मसों उत्तम परब्रह्म पुरुषोत्तम है, पुरूषोत्तम को आकार पंचभूतन्को रच्योभयो सर्वथा नहिं होय सकेंहै। ताहीसों "अवजानन्ति मां मूढा मानुषीं तनुमाश्रितम्" या गीतावाक्यमें भगवान्के श्रीअंगकूं

मनुष्यदेहके समान रुधिरमांसादिकन्‌को बन्योभयो मानवेवारेन्‌कूं मूर्ख बताये हैं॥७१॥

अब यह शंका भई कि जगत्‌कूं भगवान्‌को कार्य मानो हो तथा भगवान्‌सों अलग नहिंमानोहो तब तो जगत्‌में जो जड़पदार्थ वे भी भगवान्‌कोही रूपहैं। तबतो तुमारे मतमें परब्रह्मभी जड़रूपही भयो। ताको यह उत्तर है- यद्यपि कारणकेही धर्म कार्यमें होवें हैं तथापि कार्यमें वे धर्म ओरही रीतिसों प्रतीत होवेंहैं। तात्पर्य यह है "तदेजति तन्नैजति" इत्यादिश्रुतिन्‌में ब्रह्मके जो "अनेजत्वादिधर्म" चेष्टारहितता आदि धर्म हैं वेही क्रीड़ाकी इच्छा करिके आनंदचैतन्यकूं छिपायलियेपीछें कार्यमें जडतारूपसों प्रतीतहोवें हैं। क्रीडाकर्ता जो प्रकट सच्चिदानंद पूर्णपुरुषोत्तम हें सो जगत्‌के जितने पदार्थ हैं उन सबन्‌सों विलक्षण है॥

संपूर्णजगत्‌को ब्रह्मही समवायिकारण है॥ समवायिकारण वासों कहेंहैं जामें कार्य ओतप्रोत होय अर्थात् पुररह्यो होय कि जासों कभी अलग नहिं होयसके। जैसे कपडा तागेनमें पुररह्योहै तागेनसो कपडा अलग नहिं होय सकेहै, ऐसेही जगत्‌भी ब्रह्मसों अलग नहिं होय सकेहै। यह समयावायि-कारणपनो गार्गीब्राह्मणमें वेदमें स्पष्टलिख्योहै। वहां गार्गीने प्रश्न कियोहै, "सब जगत् कोन पदार्थमें (ओतप्रोत) पुररह्योहै ?" तहां उत्तर दियो है : "सब जगत्‌में ब्रह्मही ओत-प्रोत होय रह्यो है। ब्रह्मही या

जगत्को निमित्तकारण है, तामें "तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः संभूतः" यह श्रुति प्रमाण है॥ ब्रह्मही या जगत्को कर्ता है, तामें "विश्वकृद्विश्वविदात्मयोनिः" "तथा तदात्मानं स्वयमकुरुत" इत्यादिश्रुति प्रमाण हैं॥७२॥

यत्र येन यतो यस्य यस्मै यद्यद्यथा यदा॥
स्यादिदं भगवान्साक्षात्प्रधानपुरुषेश्वरः॥७३॥
यःसर्वत्रैव संतिष्ठन्नंतरः संस्पृशेन्न तत्॥
शरीरं तन्न वेदेत्थं योऽनुविश्य प्रकाशते॥
सर्ववादानवसरं नानावादानुरोधि तत्॥७४॥

तत्वदीपप्रकाशः

कार्यादिभावःकश्चिदन्य इत्याशंक्य ब्रह्मवाद स्वरूपमाह॥ यत्र येन्इति॥

सर्वविभक्तीनां प्रकारस्य च भगवानेवार्थः॥ प्रकृतिपुरुषौ कालश्च स एव॥७३॥

एवं पूर्वस्थितिमुक्त्वा पश्चात्स्थितिमाह॥ यः सर्वत्रैव इति॥

सर्वेष्वेव पदार्थेषु कार्येषु स्वयं तिष्ठंस्तान्यंतरयति स्वमध्ये स्थापयतीत्यर्थः॥ तथा स्वयम् आधाराधेयभावं प्राप्नुवन्नपि तन्न स्पृशति॥ तर्ह्यज्ञानेन तथा भवतीतिचेन्नेत्याह। शरीरमिति। तत्सर्वमेव शरीरत्वेन मन्यते तस्य च ज्ञापकं भवति सर्वं तथापि न स्पृशति तर्हि शरीरमेव भगवन्तमानन्दनिधित्वात्स्पृशेदिति चेत्तत्राहुः। शरीरं कर्तृ ब्रह्म न वेदेति। इत्थममुना प्रकारेण योऽनुविश्य प्रकाशते। "यः पृथिव्यान्तिष्ठन्पृथिवीमन्तरो यमयति यस्य पृथिवी शरीरं यं पृथिवी न वेद स आत्मा अन्तर्याम्यमृतः यः पृथिव्यांतिष्ठन्" इत्यादिश्रुतेः।

ननु श्रुत्यादिभेदेषु नानाप्रकारेण प्रतिपादितत्वादन्योन्यविरोधान्न किञ्चित्प्रमाणं ब्रह्मणि भविष्यतीत्याशंक्याह॥ सर्ववादानवसरमिति॥

वस्तुतः श्रुतौ नानावाक्यानाम् एकवाक्यता निरूपित॥ सर्वभवनसामर्थ्येन विरुद्धधर्माश्रयत्वान्नैवंवादिनां वाक्यानि तत्तदंशवाक्यपराणि भवितुमर्हन्ति, तेषां तथा हृदयाभावात् अतः सर्वे वादाः स्वभ्रान्तिपरिकल्पितत्वेन वस्तुस्पर्शाभावाद् अनवसरपराहता-एव॥ अस्तुवादिनां हृदयं यथा तथा वाक्यानां सरस्वतीरूपत्वात्कथं नैकवाक्यतेत्याशंक्याह॥ नानावादानुरोधि तदिति॥ एकैको वादो ब्रह्मणः एकैकधर्मप्रतिपाद-कैकैकवाक्यशेष इति भगवांस्तान् सर्वनिवानुसरति॥७४॥

ब्रजभाषाटीका

शंका - भगवान्ने जो अपने स्वरूपसों जगत् बनायो है, जीवन्केलिये बनायो है अथवा अपने लिये बनायोहै, जो जीवन्केलिये भगवान्ने जगत् बनायो है ऐसे कहोगे तो जैसे स्वामीकेलिये अनेक पदार्थ सेवक सिद्ध करें है या प्रकार भगवान्कूं जीवनके आधीन माननेपडेंगे, तो पराधीन होयवेसों ईश्वरताकी हानि होवेगी॥ जो कहोगे के स्वार्थही जगत् बनायो है तो भगवान्को पूर्णकामपनो मिटेहै॥ ताको उत्तर देवेंहैं "देवस्यैष स्वभावोय-माप्तकामस्य का स्पृहा" परंतु "मैच्छत्" ("स द्वितीय मैच्छत "'क्रीडार्थमात्मन इदं त्रिजगत् कृतं ते" इत्यादि श्रुति-स्मृतिन को विरोध होयगो।) यद्यपि भगवान्कूं कोईप्रकारकी इच्छा नहिं है, तथापि भगवान्को क्रीडा करिवेको स्वभाव है; जैसे जलको

शीतलता करिवेको स्वभाव है, अग्निको जलायवेको स्वभाव है। जब आप अपने एकरूपमें रमणकरनो चाहेंहैं तब जगत्को उपसंहार अर्थात अपने स्वरूपमें तिरोधान करेंहैं। जब भगवान् आप इकल्ले रमण नहिंकरेंहैं दूसरे पदार्थकी इच्छा करके प्रपंचमें रमणकरेंहैं तब जगत्को विस्तार करेंहैं, अर्थात् अनेक-रूप नामके भेदकरिकें क्रीडाकी इच्छा होयहै तब भगवान्के स्वरूपमें छिपोभयो (प्रपंच) जगत् प्रकट हो जावेहै॥

शंका-कार्यकूं सत्य मानोंगे तो भगवान् और जगत् दो पदार्थ भये तो द्वैत भयो, शुद्धाद्वैत नहिं सिद्ध भयो, क्योंकि शुद्धाद्वैतज्ञान वाको नाम है जिस ज्ञानसुं भगवान्सों (भिन्न) न्यारो कोई पदार्थ प्रतीत नहिंहोय।

उत्तर- जगत्कूं सत्य मानेंहैं परन्तु भगवान्सों भिन्न नहिं मानेंहैं।

अर्थात् श्लोकार्थ-(जा ठिकाने, जा समय, जासुं, जा रूपमें,जो कछु भी होय हे अथवा रहे हे वो सब आप ही हो। प्रकृति के रूपमें भोग्य, पुरूष के रूपमें भोक्ता तथा इन दोनोंन् के नियामक ईश्वर हु साक्षाद् भगवान् आप ही हो।)

स्कंध १० श्रीभागवतअध्याय ८२ के यत्र येन यतो यस्येत्यादिश्लोकके अनुसार सबविभक्तिनको तथा प्रकारके भगवान्ही अर्थ हैं॥७३॥

शंका- अंतर्यामी जड़ जीवको स्पर्श नहिं करे तबतो अंतर्यामीको और जड़ जीवको परस्पर भेद भयो, सिद्धांत कहां रह्यो ?

उत्तर : सृष्टिदशामें लोकव्यवहार चलवेके लियें इच्छाकरके चैतन्य आनंदके तिरोभाव होयवेंसों जड़-जीव-अंतर्यामीमें परस्पर भेद प्रतीत होवें है परंतु ईश्वरके साथ कोइपदार्थको भेद नहिं है, तासों भगवानसों जड़ जीव अंतर्यामी अलग नहिं हैं। जैसें वृक्षकी शाखा परस्पर एकसों एक न्यारी मालुम पडेंहैं परंतु वृक्षसों कोई शाखाभी न्यारी नहिं हैं, तासों शुद्धाद्वैतमें कोईप्रकारको विरोध नहिं हे।

शंका-श्रुतिन्में अनेकप्रकार लिखें हैं और विनप्रकारन्में आपुसमें विरोध दीखेंहैं । जैसे "सदेव सौम्येदमग्र आसीत्" या श्रुतिमें ब्रह्म सद्रूप है ये बात लिखी है "असदेवेदमग्र आसीत्" या श्रुतिमें ब्रह्म असद्रूप है ये बात लिखी है, या प्रकार बहुतसी श्रुतिन्में परस्पर विरोध है तासों वेदकों प्रमाण नहिं माननों। उत्तर-कृष्ण द्वैपायन वेद-व्यासजीने परब्रह्मरूपवस्तुको स्वभाव जानिके श्रुतिनको विरोध दूरकरकें एकवाक्यता करीहै॥ तात्पर्य यह है कि वेदकों दोष नहिं लगावनों, वेदने तो जैसो ब्रह्मको स्वरूप हतो तैसोही निरूपण कियोहै। ब्रह्ममें सबरूप धारणकरवेकी सामर्थ्य जानके वेदनें ब्रह्मके अनेकरूप वर्णन कियेहैं, तथा लोकमें जिनधर्मन्को परस्पर विरोध दीखेंहैं

वैसे अनेक धर्मन्‌को ब्रह्मकूं आश्रय जानिकें लोकमें एकपदार्थमें नहिंसंभव सके ऐसें अनेकधर्मन्‌को वेदने ब्रह्ममें निरूपण कियो है ॥ जैसें लोकमें एकही पदार्थ हाथीके समान तथा मच्छरके समान नहिं होय सके हैं, वेदने एकही ब्रह्मको हाथीके समान तथा मच्छरके समान बतायोहै, और भी अनेक श्रुतिनमें ब्रह्मकी विरुद्धधर्माश्रयताको निरूपण कियोहै, परंतु विवादकरिवेवारेन्‌के वैसे शुद्धहृदय नहिं रहें हैं तासों भ्रममें पडकें अनेकप्रकारके वाद बनायलें हैं॥ वे उनके मनके बनाये भये वाद ब्रह्मके स्वरूपको स्पर्श भी नहिं कर सकें हैं। ताहीसों श्रीआचार्यचरण आज्ञा करेंहैं 'सर्ववादानवसरम्' अर्थ- मनके बनाये सब वादको जामें अवसर नहिं है ऐसो ब्रह्मको स्वरूप है॥

कदाचित् कहोगे वादीलोगनके हृदय मनिल होवो अथवा शुद्ध होवो परंतु वाक्यतो जितने हैं वे सब सरस्वती स्वरूप हैं, उनकी तो एकवाक्यता होनी चाहिये।

तहां समाधान करेंहैं "नानावादानुरोधि तत्" अर्थ - एक-एक वाद हैं सो ब्रह्मके एक-एक धर्म को प्रतिपादनकरिवेवारे जो एक- एक वाक्य उनके शेष अङ्गभूत हैं। भगवान् हैं सो सबधर्मन्‌को अनुसरण करेंहैं। जैसे कितनेक नास्तिकादिक ईश्वरकूं नहिंमानेंहैं और शून्य मानेंहैं, कितनेक तुच्छ मानेंहैं, कितनेंक ईश्वरको अभाव मानेंहैं, कितनेक वादी नाश्य मानेंहैं, कितनेक अदृश्य अर्थात् ज्ञानमें

तथा दृष्टिमें नहिंआयसकें ऐसे मानेंहैं, परंतु परमेश्वरमें ये सब बातें घटजावेंहैं, ताहीसों महोपनिषदमें "एष ह्येव शून्य एष ह्येवाव्यक्तोऽदृश्योऽचिन्त्यो निर्गुणश्चेति" ऐसे कह्यो हे । अर्थ- यह ईश्वरही शून्य है, यह ईश्वरही अभाव है, यह ईश्वरही तुच्छ है, यह ईश्वरही अदृश्य है, याहीरीतिके शब्द नास्तिकादिकनके मुखसों निकसें हैं, परंतु इनशब्दनके उनके विचारेभये उलटे अर्थ तो परमात्माको स्पर्शभी नहिं करेंहैं और वाणीरूपा सरस्वती तो ईश्वरमें सुलटीरीतिसों घटजावेंहै। जैसे ऊपरके लिखेभये मंत्रको अर्थ कूर्मपुराणमें लिख्योहै। "शमूनं कुरुते विष्णुरदृश्यः" सन् परं स्वयम्, तस्माच्छून्यमिति प्रोक्तस्तोदनात्तुच्छमुच्यते, नैष भावयितुं शक्यः केनचित्पुरुषोत्तमः, अतोऽभावं वदन्त्येनं नश्यत्वान्नाश इत्यपि"।

अर्थ-ईश्वरके सुखके आगें लोकको सुख बहुतही कम है तासों ईश्वरकों शून्य कहेंहैं। सबनके हृदयमें गुप्त होयकें प्रेरणा करेंहैं तासों तुच्छ कहेंहैं। भगवान्कूं कोई उत्पन्न नहिंकर सकें हैं तासों अभाव कहेंहैं। काल मृत्यु आपको भक्षण नहिं कर सकेंहैं तासों नाश्य कहेंहैं। ऐसेंही दोषवाले पुरुष भगवान्कूं अदृश्य अथवा शून्यरूप मानेंहैं। उनके मतको भगवान् अदृश्य शून्य अभावरूप होयके अनुसरण करेंहैं। अर्थात् उनकूं भगवान् अपने स्वरूपको ज्ञान नहिं करावेहैं। उनके लियें अदृश्य शून्य अभावरूपही रहेंहैं।। जे

पुरुष भगवान्कूं पूर्णज्ञानक्रियावान् सर्वेश्वर सच्चिदानन्दरूप मानेंहैं उनकूं ''रस ह्येवायं लब्ध्वाऽऽनन्दी भवति'' इत्यादि श्रुत्यनुसार रसरूपस्वरूपको अनुभव करायकें अनन्त आनन्द देंहैं।। या प्रकार नानावादके अनुरोधिहैं अर्थात् अनेक प्रकारके वादी-विवादीके वाक्य भगवान्में घटजावेहैं।।७४।।

अनन्तमूर्ति तद्ब्रह्म कूटस्थं चलमेव च।।
विरुद्धसर्वधर्माणामाश्रयं युक्त्यगोचरम्।।७५।।

आविर्भावतिरोभावैर्मोहनं बहुरूपतः।।
इंद्रियाणां तु सामर्थ्याददृश्यं स्वेच्छया तु तत्।।७६।।

तत्वदीपप्रकाशः

तत्र ब्रह्मणि विरुद्धधर्माः सन्तीति। ज्ञापनार्थमाह।। अनन्तमूर्तिइति।। अनन्ता मूर्तयो यस्य ब्रह्म एकं व्यापकं च तेनानेकत्वमेकत्वं च निरूपितम्। एवं गुणविरोधमुक्त्वा क्रियाविरोधमाह।। कूटस्थं चलमेवच इति।। 'एव'कारः सगुणादिभेदविज्ञापनार्थः।। 'च'कारोऽनुक्तविरुद्ध-धर्मसंग्रहार्थः।। वाक्येष्विवात्रापि स्वरूपे विरोधमाशंक्य समाधानार्थं स्पष्टमाह।। विरुद्धसर्वधर्माणामिति।। ब्रह्मैव हि सर्वाधारम्।। यथा भूमिः।। सहजविरुद्धानामपि मूषकादिजीवानां कारणगत एव धर्मः पृथिव्यां भासते।। विशेषेण लौकिकयुक्तिस्तत्र नास्ति।। तदगम्यत्वादित्याह।। युक्तयगोचरमिति।।७५।।

ननु अवतारेषु भगवत्वश्रुतेर्लौकिकप्रमाणविषयत्वमपि कुतो नेत्याशंक्याह।। आविर्भावतिरोभावैरिति।।

आविर्भावोऽवतारो मत्स्यादिरूपेण प्राकट्यम्।। तिरोभावोऽवतारसमाप्तिः।। ते च बहुप्रकाराः स्थावरेभ्यो जंगमेभ्यः स्वतोऽपि भवंति।। ते सर्वे प्रकारा मोहका एव नटवद्बहुरूपत्वात्।। अन्यथा लौकिकयुक्तेर्लंघनं न स्यात्।। नहि मत्स्योऽन्हा योजनशतं वर्द्धते।। नापि क्षणेन पर्वताकारो भवति वराहः।। अतो लौकिकप्रमाण-विषयत्वं नट इव भ्रांतम्।। अतो न लौकिकयुक्तिगोचरत्वमित्यर्थः।।

तथापि कृष्णादयः सर्वे दृष्टा इति कथं लौकिकप्रमाणाविषयत्वं तत्राह ।। इंद्रियाणां तु सामर्थ्यादिति।। चक्षुर्न स्वसामर्थ्येन भगवंतं विषयीकरोति।। किन्तु भगवदिच्छयैव मां सर्वे पश्यंत्वित्येतद्रूपया तद्दृश्यम्।।७६।।

ब्रजभाषाटीका

तहां शंका होवें है जो भगवान् विद्यमान हैं तो आपको अभाव अथवा शून्यरूप कैसें होसकेंहैं? जो वस्तु सर्वदा विद्यमान होयहै वाको अभाव नहिंहोयसकेंहैं।।

समाधान : भगवान्में लोकसों विरुद्ध धर्म है, लोकमें भावरूप घटादिक अभावरूप नहिं होयसकेहैं। भगवान् तो "यदस्ति यन्नास्ति च विप्रवर्य" इत्यादि वाक्यानके अनुसार अस्ति -भावरूपहै, तथा नास्ति-अभावरूपभी हैं। "यदेकमव्यक्तमनन्तरूपम्" अर्थ-ब्रह्मएक है, व्यापकहै, अनंतमूर्तिवारोहै, लोकमें एक होय सो अनेक नहिंहोय है। भगवान् एक है और अनेक है या प्रकार लोकविरुद्ध गुण दिखायकरकें लोकविरुद्धक्रिया दिखावेंहैं।। "तदेजति तन्नैजति" या श्रुतिके अनुसार भगवान् कूटस्थ हैं अर्थात्

अचल हैं तथा चलभी हैं। याहीप्रकारसें गुणादिभेदभी भगवान्में संभव होसकेंहैं॥ यहां विस्तारभयसों नहिं वर्णनकरे ऐसे औरभी वेदोक्त अनेक विरुद्धधर्म भगवान्में हैं।

परस्परविरुद्धधर्म एकपदार्थमें कैसे रहसकेंहैं यह शंका नहिं करनी, क्योंकि ब्रह्मही सबपदार्थन्को आधार है। जैसे भूमि सहजविरोध राखिवेवारे साँप मूषा नाहर-बकरी आदि अनेक पदार्थन्को आधार है॥ जैसे बुद्धि परस्परविरुद्ध (जाग्रत्अवस्था) जागनो तथा (स्वप्नावस्था) सोनो आदि वृत्तिको आधार है वैसेंही ब्रह्म सर्वपदार्थनको आधार है और पृथ्वी आदि पदार्थनमेंभी भगवान्कीही विरुद्धधर्माश्रयता भासमान होवे है। विशेषकरके ब्रह्ममें लौकिकयुक्तिकों पहोंच नहिं है। जैसे वेदमें हजारन मस्तक-कर-चरणारविंदवाले भगवान्कूं बतायेहैं यह बात लौकिकयुक्ति करके गम्य नहिं हैं परन्तु वेदोक्त है तासों अवश्य मानी जावें हैं। ऐसेंही वेदोक्त विरुद्ध धर्माश्रयताभी मानी जावें हैं॥७५॥

शंका-अवतारन्में हमारी लौकिक इंद्रिय बुद्धि आदिकरके भगवान् ग्रहणकरवेमें आवें हैं ऐसेही लौकिकयुक्तिनसों भगवान् जानवेमेंभी आजाने चाहियें।

उत्तर-लौकिक बुद्धि तथा लौकिक इंद्रियनकरिके भगवान् ग्रहण करिवेमें आजावें हैं यह केवल भ्रममात्र है।

जैसे नट अनेक रूप दिखावें हैं और देखवेवारेनकूं यह नाहर है, यह हाथी है, यह राजा है, ऐसो धोखा होजावे है ऐसेही अवतारनमें रामकृष्णादिकनमें यह साधारण मनुष्य है ऐसो धोखा होजावे है। तथा मत्स्यावतार वराहावतार आदिमें साधारण मच्छ तथा साधारण वराह है ऐसो मोह हो जावेंहै । और जितने (आविर्भाव) प्रकट होयवेके तथा (तिरोभाव) अवतारकूँ छिपायलेवेके प्रकार हैं उनमें लौकिकयुक्ति नहिं चलसकेहै। जैसें थंभासों प्रकटहोजानों तथा हंसावतारमें स्वतः प्रकट होजानों, मत्स्यावतारमें शीघ्रही सरोवरके समान होजानों, वाराहावतारमें क्षणमात्रमें पर्वताकार होजानों आदि। तासों लौकिकप्रमाण तथा लौकिकयुक्तिनसों भगवान् नहिं जाने जावें हैं।

यद्यपि लौकिक नैत्रादिकन्सों रामकृष्णादि अवतारके दर्शन होवें हैं तथापि लौकिकप्रमाण करके गम्य भगवान् नहिं हैं, क्योंकि नेत्र आदि इंद्रियनकी भगवान्कूं देखवेकी सामर्थ्य नहिं है। भगवान् की जब सबजीवनकूँ अपनो स्वरूप दिखायवेकी इच्छा होवे है तब ही नेत्रआदि इंद्रियद्वारा आप दीखवेमें आवेंहैं, नेत्र आदि इंद्रिय अपनी सामर्थ्यसों देवतानकोंभी नहिं देख सकेंहैं तब अवतारनको कैसे देखसकेंगे ॥७६॥

आनंदरूपे शुद्धस्य सत्वस्य फलनं यदा॥
तदा मरकतश्याममाविर्भावे प्रकाशते ॥७७॥

चतुर्युगेषु च तथा नानारूपवदेव तत्॥
उपाधिकालरूपं हि तादृशं प्रतिबिंबते॥७८॥

तत्वदीपप्रकाशः

ननु "रूपवद् द्रव्यं चाक्षुषम्" इति महत्त्वादुद्भुतरूपत्वाच्च कुतो न चाक्षुषत्वं तत्राह॥ आनंदरूपे इति॥

आनंदरूपे आनंदएव ब्रह्मणि रूपस्थानीयः॥ तत्र शुद्धस्य सत्वस्य देवतारूपस्य भगवदिच्छया भगवदासनत्वेन स्फुरितस्य श्यामत्वात्॥ तस्य प्रतिफलेनेनानंदो नीलमेघवद्भासते इत्यर्थः॥ तथा स्फटिको जपाकुसुमेन॥ श्वेतपाषाणेषु प्रविष्टोऽपि स्फटिको जपाकुसमलौहित्यं गृह्णन्पाषाणेभ्यो वैशिष्ट्यमात्मनः प्रतिपादयति॥ तथा ब्रह्मापि जगति पुराणेषु प्रकटीभवत्तच्छयामत्वादि गृह्णद् ब्रह्मत्वमपि ख्यापयतीतिभावः॥

सत्वरजस्तमसां नील-रक्त-श्वेतरूपतेति गुणावतारवाक्यैः निर्णीयते॥७७॥

उपपत्त्यंतरमाह॥ चतुर्युगेषु च तथेति॥

"कृते शुक्लश्चतुर्बाहुः" इति वाक्यात्॥ अन्यथा नित्यं रूपं न स्यात्॥ तत्रापि हेतुमाह॥ उपाधीति॥ उपाधिकालः सत्वादिदेवतारूपः॥ तस्य रूपं ब्रह्मणि प्रतिबिंबते कालविशेषे रूपविशेषस्तदाधारत्वेन ब्रह्मणि स्फुरितो ब्रह्मत्वं संपादयीत्यर्थः॥७८॥

व्रजभाषाटीका

शंका-जो प्रकटरूपवारो पदार्थ होवेहै वाकूं नेत्र देखसकेंहैं यह नियम है। भगवान् जो प्रकटरूपवारे हैं तो जरूर नेत्रकरिकें दीखने चाहियें।

उत्तर-जो मायिक लौकिक प्रकटरूपवालो पदार्थ होवे है वाकूं नेत्र देखसकें हैं यह नियम है, ब्रह्ममें तो लौकिक मायिक रूप नहिंहैं तासों नेत्र नहिं देखसकेंहैं। याहीसों कहीं कहीं अरूप ब्रह्मको नाम है, अर्थात् मायारचित रूप ब्रह्ममें नहिं है। ब्रह्मके विषें तो आनन्द है सोही रूपके स्थानमें समझनो। इच्छाकरकें आनन्दही रूपात्मक भासमान होवेहै। लौकिक रूप भगवान्में नहीं है ताहीसों नेत्र आदिक इंद्रिय अपनी सामर्थ्यसों भगवान्कूं नहिं देखसकेंहैं, तासों आसुर सब जीवनकूं नेत्रन्की सामर्थ्यकरके जो अवतारादिकनके दर्शन भये सो औपाधिकमायिक-रूपकेही भये आनन्दमयरूपके नहीं भये। आनन्दमय रूपके दर्शन उनही जीवनकूं भये जिनकूं अनुग्रहपूर्वक इच्छाकरके करवाये॥ तहां साधारण जीवनकूं जैसे दर्शन भये तामें दृष्टान्त दें हैं, जैसे श्वेत पाषाणके मध्यमें (जपाकुसम) लालफूलके ऊपर स्वच्छ स्फटिकमणि धरी होवे है तब देखवेवारेकूं स्फटिकमणिको स्वाभाविक रंग तो नहिंदीखे है लालरंगही मणिको दीखे है, तथापि और समीपके श्वेतपाषाणकी अपेक्षा मणिमें चिलक अधिक दीखे है, ऐसें ही साधारण जीवनकूं अवतारको आनंदमयरूप तो नहिं दीखे है इच्छा करकें भगवान्ने सत्वगुणके देवताकों आसनरूपसों स्फुरणकरि राख्यो है, वाकी जो आनंदमें झांई पडें है तासों वह आनंदनीलमेघके समान भासमान होवें है।

और जैसें लालफूलकरिके स्फटिकमणि लाल मालुम पडवे लागजावें है तथापि और पत्थरनबीच चिलक अधिक रहें है, ऐसेंही भगवान् ब्रह्मा-विष्णु-शिवादि गुणावतारन्में मायाके सत्वगुण रजोगुण तमोगुणकरिके श्याम लाल श्वेतरूपसों भासमानहोवेंहै, तथापि और जीवनकी अपेक्षा उनरूपन्में ब्रह्मत्व प्रकटराखेंहैं। क्योंकि भगवान् जा पदार्थमें स्थितरहेंहैं वापदार्थकूं अपने भीतर स्थितकरलेंहैं। जैसें अग्नि लोहके गोलामें स्थित होयके लोहके गोलाकूं अपने भीतर स्थितकरिके आप बाहिर प्रकटहोय जावे हैं, यह बात अन्तर्यामी ब्राह्मणमें लिखी है॥ या प्रकार (मायिक) औपाधिकरूपको ब्रह्ममें अंगीकार कियो जाय तो भी मायिकरूपमात्रही नेत्रन्की सामर्थ्यसों दीखसके हैं। भगवान्के तो दर्शन इच्छा आनंदकरिकेंही हो सकें हैं॥ लौकिकनेत्रादि इंद्रियन्की सामर्थ्यसों भगवान्को दर्शन नहिंहो सकें है। इतने विस्तार करके भगवान् इंद्रियन्के गोचर नहिं हैं यह बात सिद्ध भई।। या प्रकारही पृथ्वी में नीलरूपतासों आपको आविर्भाव है, जलमें प्राणमें श्वेतरूपतासों, तेजमें रक्तरूपतासों तथा वायुमें पीतरूपतासों आपको प्राकट्य समुझनो। युगावतारन्में भी याहीरीतिसों वर्ण विभाग आगेंके श्लोक में दिखावें हैं॥७७॥

सत्ययुगको अभिमानी देवता कालको जब भगवान्के आधाररूपसों स्फुरण होवें है तब वाकी श्वेत झांईसों

भगवान्को श्वेतरूप सत्ययुगमें भासमान होवेहैं। याहीप्रकार त्रेता-द्वापर-कलियुगके रक्त-पीत-श्यामदेवतान्की झांईकरिकें उन-उनयुगन्में भगवान् रक्त पीत श्यामरूपसों भासमानहोवें हैं और पहिले कहे अग्नि गोलाके दृष्टान्तानुसार अपने आधारभूत कालाभिमानी देवतान्कूं आप अपने भीतर स्थित करिकें वाकूंभी अवतीर्णब्रह्मत्व संपादनकरें हैं॥ या रीतिसों प्रतिफलनकरके ब्रह्मत्व सिद्ध कियो। तथा नेत्रन्की सामर्थ्यसों जो भगवान्को रूप दीखवेमें आवेंहै वाकूं प्राकृतता सिद्ध करी॥

अब भगवान्के आनन्दकारमें मायिकपणेकी शंका दूर करिवेकेलिये मुख्य सिद्धान्तके अनुसार "आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्" "शबलात् श्यामं प्रपद्ये" इत्यादि-श्रुतिनमें लिख्योभयो जो कृष्णको अप्राकृत अलौकिकरूप है ताको वर्णन करैंहैं॥७८॥

अथवा शून्यवद्गाढं व्योमवद् ब्रह्म तादृशम्॥
प्रकाशते लोकदृष्ट्या नान्यथा दृक् स्पृशेत्परम्॥७९॥

तत्वदीपप्रकाशः

एवं प्रतिफलत्वेन ब्रह्मत्वं प्राकृतरूपवत्वं च साधयित्वा प्रकारांतरेण रूपवत्त्वं साधयति॥ अथवेति॥

यथा मेघादिरहिते देशे आकाशे नीलिमा प्रतीयते॥ चक्षू रूपवद्द्रव्यं गृह्णत्तदभावे दूरंगतं सन् नीलमिव पश्यति॥ तथांधकारम्॥ नैतावता आकाशे अंधकारे वा रूपमस्ति॥ तथा ब्रह्माप्यतिगाढं गंभीरतया

नीलमिव भातीत्यर्थः ।। अनेनाचाक्षुषत्वमपि स्थापितं भवति ।। पूर्वापेक्षया अयं पक्षो महानिति ज्ञापयितुमाह ।। नान्यथा दृक् स्पृशेत्परमिति ।। ''परांचि खानि'' इति श्रुतेः ।। परं चक्षुर्न स्पृशत्यन्यथा परत्वमेव न स्यादिति ।। यद्वा एवं नीलरूपत्वेन निराकारत्वं ब्रह्मण्यायातीत्यरुच्या पक्षांतरमाह ।। अथवेति ।। उक्तव्याख्यानेपि तथा ।। एवं नीलिमभानोपपत्तावपि पीतवसनादिभानानुप - पत्त्यपरिहारादपसिद्धांतत्वाच्च व्याख्यानांतर-मुच्यते ।। ब्रह्म तादृशमिति । यादृशं दृश्यते तादृशमेव तद्वस्त्वित्यर्थः ।।

तत्रानेक रूपत्वेना ब्रह्मत्व माशंक्य निरस्यति दृष्टांतेन ।। गाढं घनीभूतं सैंधवं लवणमिति यावत् ।। तद्यथान्तर्बहि श्चैकरूपरसं तथा ब्रह्मानेकरूपत्वेन भासमानमपि शुद्धमेवेत्यर्थः ।। स यथा सैंधवघन इत्यादिधर्मिग्राहिकमानात्तत्तादृगेव मंतव्यमिति भावः ।। तर्हि ''पराञ्चिखानि'' इति श्रुतेर्दृग्विषयत्वानुपपत्तिरित्यत आह ।। शून्यवद्व्योम-वल्लोकदृष्ट्या ब्रह्म न प्रकाशत इति शून्यगृहादौ वस्त्वभावादेव यथा न किंचिद्दृश्यं भवति तथेत्यर्थः ।। दर्शनं हि द्वेधा तदर्थप्राकट्येन साधारण्येच्छया वा ।। तत्राद्याभाववत्स्वयं दृष्टांतस्तेषा-मासुरभावाद्यथोक्तब्रह्मानंगीकारात्तादृक् तत्तान्प्रत्यसदिवेति भावः ।।

यद्वा शून्यं तम उच्यते ।। तेन तद्वद्गृहादिर्लक्ष्यते तत्र यथा सदपि वस्तु प्रकाशकाभावन्न भाति तथेदमनुग्रहा-भावात्तथेत्यर्थः ।। अनवतारदशायां तथेच्छाभावाद्व्योमवत्तथेत्यर्थः । रूपाभावाद्यथा तदयोग्यं तथेदमपीति भावः ।। इच्छा तत्र रूपस्थानीया ज्ञेया ।। दर्शने हेतुमाह ।। अन्यथेति ।। अन्यथा उक्तवैपरीत्येन तदनुग्रह-तदिच्छाभ्यां दृक्परं हरिं स्पृशेदित्यर्थः ।। यद्वा ।। जलेन न शून्या अशून्याः ।। सजलमेघाः इति यावत् ।। तद्वद् व्योमवच्च श्यामं स्वरूपं लोकदृष्ट्या यत्प्रतीयते तद्ब्रह्म न तूराधिरौपाधिकं चेत्यर्थः ।

ननु अत्रउपपत्तिः केत्यत आह॥ तादृश-मिति ॥ तद्वस्त्वेव तथेत्यर्थः॥ न हि वस्तुस्वरूपमुपपत्तिमपेक्षत इति भावः॥ उपपत्तिम-प्याह॥ अन्यथा यदि शुद्धं ब्रह्म न स्यात्तदा अदृक् न विद्यते दृक् ज्ञानं यस्य स तथा पशु-पक्षि-वृक्षादिः परं प्रकृतिकालाद्यतीतं न स्पृशेत्न प्राप्नुयादित्यर्थः। अथवा। अन्यथा शत्रुत्वेन ज्ञानं यस्य स पूतनादिः प्रकृत्याद्यतीतं न स्पृशेत् न प्राप्नुयादित्यर्थः। अस्य तर्करूपत्वादापादकं यदि ब्रह्म न स्यादिति रूपमथदिव प्राप्यत इति नोक्तम्॥७९॥

व्रजभाषाटीका

"तस्य हैतस्य पुरुषस्य रूपं यथा महाराजानं यथा पाण्ड्वाविकं यथेंद्रगोपो यथाग्न्यर्चिः"॥ इत्यादिश्रुतिन्में इंद्रगोप मणि, अग्निज्वाला आदि पदार्थन्के समान परब्रह्म श्रीकृष्णको रूप लिख्यो है सो रूप मायारचित नहिं है किन्तु ब्रह्मात्मक कही है॥ "यन्मायया मोहिताश्च ब्रह्मा-विष्णुशिवादयः॥ एवं सर्वे प्राकृताश्च श्रीकृष्णं निर्गुणं विना" या ब्रह्मवैवर्तप्रकृतिखंडके वाक्यमें भी और देवतान्कूं ही प्रकृति लिखेंहैं॥ श्रीकृष्णको तो स्वरूप निर्गुणही है परंतु अत्यन्त गंभीर और अनवगाह्य है, अर्थात् जा स्वरूपको दृष्टि अन्त नहिंपायसके ऐसो आपको स्वरूप है, तासों लोकदृष्टिकरकें नील जैसो मालुम पडेहै। वस्तुतः नीलगुणवारो आपको स्वरूप नहिं है किन्तु वस्तुही वह वैसीही है। निजसामर्थ्यसोंही नील भासमान होवेहै॥

न्यायके चोईसगुणन्में जो 'रूप' नाम को गुण लिख्यो

है सो ब्रह्ममें नहिंहै। ब्रह्म 'रूप' गुणरहित है तोभी गंभीर है, तासों अपने स्वभावसोंही नील भासमान होवेहै, तामें दृष्टांत जैसे अन्धकार तथा आकाश 'रूप'गुण रहित है तोभी गंभीर है तासों अपनी सामर्थ्यकरकेंही नील भासमान होवेहै। दृष्टितो रूपकूं ग्रहण करवेवारी है, आकाशमें तो रूप नहिं दीखेहै, तब दृष्टि अत्यन्त दूरीगईभई नीलरूपकूं जैसो देखे है तैसें आकाशकूं देखेंहै, तासों आकाशमें रूप है ऐसे नहिं जाननों किन्तु रूप रहितही आकाश गंभीरतासों नीलरूप जैसो भासमान होवेहै। ऐसेही ब्रह्म गंभीर है तासों नीलरूप जैसो भासमान होवेंहै॥ जब आप गंभीरताकूं नहिंदिखावें हैं तब आपको स्वरूप जैसो श्रुतिमें लिखआयेहैं वेसोही दर्शन्में आवेंहै। जैसे "बदरपांडुवदनो मृदुगण्डम्" या भागवतके श्लोकमें वर्णन है॥ कृष्णचन्द्रके व्रजभक्तनकूं बेरके समान पांडुवदनके अर्थात् पीतगौरमुखारविंदके दर्शन भये॥ इतने विस्तारकरके भगवान् रूपरहित हैं तासों नेत्र अपनी सामर्थ्यसों भगवान्कूँ नहिं देखसकेंहैं, जो नेत्र और चीजनकूं जैसें देखसकेंहैं तैसें भगवान्कूँभी देख सकते होंय तो जैसें औरपदार्थ नेत्र आदि इंद्रियन्सों पर नहिंहैं तैसे भगवान्भी नेत्रादिइंद्रियन्सों पर नहिं कहावेंगे ! तासों नेत्र अपनी सामर्थ्यसों भगवान्कूं नहिंदेखसकेंहैं यह सिद्ध भयो॥ याहीसों "पराञ्चि खानि" या श्रुतिमें उलटी इंद्रियें ब्रह्मको स्पर्श नहिंकरसकेंहै यह बात लिखी है। यासों यह शंका

नहिं करनी कि भगवान्में रूप इंद्रिय कछु भी नहिं है। तब तो आप जा भक्तकूं दर्शन देनों चाहतेहोंयगे वाकूं भी कैसें दर्शन देतेहोंयगे, क्योंकि दर्शन देनो चाहेंहैं वाकूं तो हस्तचरणारविंदादिक इंद्रिय तथा रूपादिगुण सच्चिदानन्दात्मकही दीखेंहैं॥७९॥

आत्मसृष्टेर्न वैषम्यं नैर्घृण्यं चापि विद्यते ॥
पक्षांतरेऽपि कर्म्म स्यान्नियतं तत्पुनर्बृहत्॥८०॥

तत्वदीपप्रकाशः

एवं लौकिकत्वदोषं परिहृत्य कर्तृत्वेन वैषम्यनर्घृण्ये प्राप्ते परिहरति॥ आत्मासृष्टेरिति॥

"स आत्मानं स्वयमकुरुत" इतिश्रुतेः॥ जगति नानाविधान्सृजन्नपि न विषमो भवति। नापि क्रूरं कर्म कुर्वन्निर्घृणो भवति॥ चकारादन्येऽपि दोषाः परिह्रियंते॥

अत्र मतांतरमाशंक्य परिहरति॥ पक्षांतरेपीति॥ "वैषम्य-नर्घृण्येन सापेक्षत्वात्" इति बादरायणः॥ कर्मसापेक्षत्वान्न विषम इत्याह॥ तथा सति कर्म नियतं नियामकं भवेत्॥ परं तत्कर्म किमिति विचारणीयम्॥ ब्रह्म चेत्स दोषस्तदवस्थः॥ अन्यच्चेद्ब्रह्मणस्तत्सा-पेक्षत्वादसमर्थत्वम्॥ तद्धेतोरेवास्त्विति न्यायेन कर्मण एव तत्समाधाने ईश्वरकारणता न संभवेत्॥ हेतुव्यपदेशश्च विरुद्ध्येत॥

नापि लोकवद्दूषणस्थापनं युक्तम्॥ अत आत्मसृष्टेरित्येव हेतुः॥ सूत्रं तु लोकबुद्ध्यनुसारि॥ अन्यथा "फलमत उपपत्तेः" इत्यधिकरणं विरुद्ध्येत॥८०॥

याही श्लोककी श्रीगुसाँईजीने करीभई व्याख्याको वर्णन करेंहैं। भगवान्को स्वरूप जैसो अनुग्रहवारे कृपापात्र भक्त देखेंहैं तैसोही माननों चाहिये॥ अनेक रूप होयवेंसों ब्रह्मपणों नहिं मिटेहै, यामें दृष्टांत देतहैं॥ जैसो गाढो अर्थात् सघन सैंधव लवण बाहिर भीतरसों एकरस रहेहैं ऐसेंही अनेकरूपवारो ब्रह्मभी सदा एकरस तथा शुद्ध रहेहै।

"पराञ्चि खानि" या श्रुतिसों ब्रह्म नहिं दीखेहै ऐसो तात्पर्य निकसे है, तासों तो लोकदृष्टिसों नहिंदीखे है यह बात समुझनी। तामें दृष्टांत जैसें सूनेघरमें कोई पदार्थ नहिंदीखेहै, क्योंकि वहां दीखवेलायक कोई पदार्थ नहिंहै ऐसेंही लोकदृष्टिकरिकें दीखवेलायक पदार्थ लौकिकरूप है और ब्रह्ममें लौकिकरूप नहिंहै तासों लोकदृष्टिसों शून्यके समान ब्रह्म नहिं प्रकाशमान होवेहै।

अर्थात् दर्शनहोयवेके दो प्रकार हैं, एकप्रकार तो यह है कि जाकेलियें भगवान् प्रकट होंय वह दर्शन करि सकेहै, दूसरो प्रकार यह है कि जिन जीवनकूं और मनुष्यन्के समानही अपनोभी स्वरूप दिखायवेकी भगवान्की इच्छा होवेंहै तब और मनुष्य जैसेंही भगवान्भी दीखेंहैं और जिनकेलियें प्राकट्य नहिंहै ऐसे आसुरजीव शास्त्रोक्त ब्रह्मकूं असत् मानें है अर्थात् झूंठो मानेहैं उनकूं भगवान् असत् जैसेंही दीखेंहैं॥ सूनें घरमें कछु नहिं दीखें हे तैसें भगवान्

नहिं प्रकाशमान होवेंहैं, क्योंकि "मायेत्यसुरास्तं यथायथोपासते" या मंडलब्राह्मणकी श्रुतिमें जो जैसी उपासना करे है वाकूं वैसेही भगवान् भासमान होवेंहैं यहलिखी है॥ अथवा 'शून्य'नाम अंधकारको है जैसे अंधकारवारे घरमें दियाबिना धरीभई वस्तुभी नहिंदीखेंहै ऐसें अनुग्रहविना अवतारसमयमें विद्यमानभी भगवान् नहिंदीखें हैं॥ जासमय अवतार नहिंहोय वासमयतो स्वरूप प्रकट नहिंहैं तासों रूपरहित आकाश जैसें नहिंदीखेहैं तैसें भगवान्भी नहिंदीखेंहैं॥ वहां इच्छाकूंही रूपके ठिकाने समुझनो॥ जैसें रूप नहिंहोय तोपदार्थ नहिं दीखसकेंहै तैसें इच्छा नहिंहोयतो भगवान् नहिं दीखसकेंहैं॥ अन्यलोगन्को दृष्टिकरिकें ही जब आप अपनो रूप दिखानो चाहेंहैं तब भगवदनुग्रह-भगवदिच्छाकरिकें लोकदृष्टिभी हरिको स्पर्श करेहै॥ जैसें महाभारतमें अश्वमेधपर्वमें उत्तङ्ककूं लोकदृष्टिकरिकेंही भगवान्ने दर्शन कराये। उद्योगपर्वमें कौरवनकूंभी लोकदृष्टिकरिकें ही दर्शन कराये। या पक्षकूं हृदयमें राखिकें दूसरो अर्थ करेंहैं॥ जलसों भरे (मेघ) बादल जैसे श्याम तथा आकाश जैसों श्यामस्वरूप लोकदृष्टिकरिके जो प्रतीत होवेंहै वह ब्रह्मही है॥ उपाधि अथवा औपाधिक मायिक नहिं है, क्योंकि वह वस्तुही वैसी है॥ वस्तुस्वरूप युक्तिकी (उपपत्तिकी) अपेक्षा नहिं करेहै॥ ज्यो श्रीकृष्ण शुद्ध परब्रह्म न होते तो ज्ञानरहित पशु-पक्षी-वृक्षादिकन्कूं

प्रकृतिकालसों पर निजरूपकी प्राप्ति नहिंहोती। अथवा जो आप परब्रह्म न होते तो भगवान्कूं अपने शत्रु जानवेवारे पूतनादि दैत्य प्रकृति-कालातीत भगवान्के स्वरूपकूं नहिं प्राप्तहोते॥

इन कहेभये प्रकारन् को अपने- अपने अधिकारानुसार उपयोग है॥ उत्तमाधिकारीकूँ तो पुष्कल ज्ञान सिद्ध होयवे के लिये इन सर्वपक्षन्को ज्ञान होनों चाहिये, याप्रकार भगवान्में लौकिकदोषको परिहार कियो॥८०॥

स एव हि जगत्कर्ता तथापि सगुणो न हि॥
गुणाभिमानिनो ये वै तदंशाः सगुणाः स्मृताः॥
कर्ता स्वतंत्रएव स्यात्सगुणत्वे विरुद्ध्यते॥८१॥

तत्वदीपप्रकाशः

ननु अस्तु कर्मसापेक्षएव कर्ता सगुणत्वादित्याशंक्याह। स एव हि जगत्कर्तेति॥

यस्तूच्चावचं सृजति स एव जगत्कर्ता नापि सगुणः॥ हेतुसिद्ध्यर्थं सगुणस्य ल क्षणमाह॥ गुणाभिमानिनः इति॥ "गुणैः कृत्वाभिमानिनः" अनेन देंहेंद्रियाभिमानाभावेऽपि गुणाभिमानमात्रेणैव सगुणत्वम्॥ ते गुणाः सृष्ट्यादिहेतवोऽनधिष्ठिताः पुनर्न कुर्वंतीति गुणाधिष्ठात्र्यो देवताः ब्रह्मादयः सगुणाः उच्यंते तेषां स्वातंत्र्यमाशंक्याह॥ तदंशा इति॥ तत्र प्रमाणं स्मृता इति॥ स्मृतिपुराणेषु तथा प्रसिद्धेरित्यर्थः। भगवांस्तु सर्वात्मा सर्वनियंता मूलकर्तेति न सगुणः॥ बाधकमाह॥ कर्ता स्वतंत्र एव स्यादिति॥८१॥

अब भगवान् जगत्के कर्ता हैं तो कोई जीवकूं हंस तथा कोई जीवकूं काक बनावेंहैं ऐसी विषमता क्यों होनी चाहिये? तथा कोईकूँ सुखी, कोईकूँ दुःखी राखें हैं ऐसो निर्दयपणों क्यों होनो चाहिये ? इन दोनों दोषन्को परिहार श्लोकमें करेंहैं ।

''स आत्मानं स्वयमकुरुत'' या श्रुतिके अनुसार भगवान् अपने आत्माकूंही जगद्रूप करेंहैं । अर्थात् आपही सर्वरूप होरहेंहैं । तासों भगवान् ऊंची- नीची गज- गर्दभ आदि अनेक जाति रचते भयेभी विषम नहिं कहावें हैं, तथा कोईको सुखी कोईको दुःखी करतेभयेभी निर्दय नहिंकहावेंहैं, क्योंकि लोकमेंभी औरकूं दुःखदेवे-वारोही निर्दय कहावेहै ॥ जो समर्थ पुरुष क्रीडा के लियें कभी राजा कभी कंगाल बनजावे तथा कभी सुखी कभी दुःखी अपनी इच्छाकरकेही बनजावे वाकूं कोई विषम वा निर्दय नहिंकहेंहैं, ऐसेही अवतारन्में जो आसुर जीवन्कूं मोह करायवेकेलियें युद्धसों भागनो, कहिं अज्ञान दिखादेनों, कहिं भक्तवश होयकें बंधनमें आयजानों इत्यादि अनेक चरित्रन्कूँ दूषणरूप नहिं समुझनो, किन्तु ऐसे चरित्र क्रीडाके भूषणरूपहीहैं ॥

कितनेक मतवादी कर्मकूंही सुख-दुःखको देवेवारो मानें

हैं ईश्वरकों नहिं मानेंहैं, उनसों यह पूछनो चाहिये कर्म तो जडपदार्थ है, सुखदुःख कैसे देसकेहै। कर्मानुसार सुख-दुःख देवेवारो और चेतनपदार्थ मानलेनो चाहिये॥

कदाचित् कहोगे कर्मको नियम करिवेवारो और कोई नहिं है। पहिलीको कर्महीं कर्मको नियम करिवेवारो है। अर्थात् पूर्वजन्मको सुकर्म या जन्ममें सुकर्ममें प्रवृत्ति करावे है तथा पूर्वजन्म को कुकर्म या जन्ममें कुकर्ममें प्रवृत्ति करावे है। ताको यह उत्तर है पूर्वकर्मकरकेंहि कर्ममें प्रवृत्ति होजातीहोय तो वेदके विधिवाक्यन्को कर्ममें प्रवृत्तिकरवानो वृथा हो जायगो, तासों उन वाक्यन्कूं सार्थककरिवेकेलियें सुकर्ममें प्रवृत्ति करायवेवारे वाक्यन्के आधीन सुकर्मकूं माननो पडेगो॥ कुकर्मकी नाँई करवेवारे वाक्यन्के आधीन कुकर्मकूं माननों पडेगो तब तो सबही मनुष्य वेदवाक्यन्कूं पढकें वा सुनके सबही कुकर्म सूँ निवृत्त हो जायँगे और सुकर्ममें प्रवृत्त होजाँयगे, अधर्म कोईभी नहिं करेंगे । तो नरक बनानों भी वृथा होयगो, अधर्मके प्रायश्चित्त बतायवेवारी स्मृतियें वृथा जाँयगी, तथा लोककी अधर्ममें प्रवृत्ति होयरहीहै सोभी नहिंहोनी चाहिये। तासों धर्माधर्मके स्वरूप जानवेवारे मनुष्यकूंभी निज इच्छाके अनुसार पुण्यपापमें प्रवृत्तिनिवृत्ति करायवेवारो स्वतन्त्र कर्ता ईश्वर जरूर माननो चाहिये॥

शंका- कितनेक मतवादी कहेंहैं के ईश्वरतो कर्मके अनुसार सुख-दुःख देत है, उनके मतमेंभी कर्मके आधीन ईश्वर भयो ईश्वर समर्थ नहिंभयो, तासों सुख-दुःखके मुख्य हेतु कर्मकूं सुखदुःखकारण माननों उनके मतमें उचित भयो।

समाधान- यदि ये मत उचित है तब तो ईश्वरही सुखदुःको देवेवारो है या रीतसों कहवेवारी सब स्मृति व्यर्थ भई॥ जैसें गीताजीमें "सुखंदुःखं भवो भावो भयं चाभयमेव च॥ भवन्ति भावा भूतानां मत्त एव पृथग् विधाः" अर्थ कृष्ण कहे हैं प्राणि मात्रके सुखदुःख भय अभय मेरे करेभये होवें हैं। तथा "स एव साधु कर्म कारयति" या श्रुतिमें जीवकूं उ परके लोकमें लेजायवेकी इच्छा होवेहैं वासों सुकर्म करवावेंहैं॥ जा जीवकूं नीचेंके लोकमें लेजावेकी इच्छा होवेहै वासों कुकर्म करवावेंहैं यह लिखी है ताको विरोध आवेगो तासों आत्मसृष्टिपक्ष माननों और लौकिक ईश्वर राजादिकन्के समान सर्वेश्वर भगवान्में दोष नहिं लगावनो। "वैषम्यनैर्घृण्ये न सापेक्षत्वात्" तो यह सूत्रतो लोकबुद्धिके अनुसार है, जो या सूत्रको अर्थ वादीके मतके अनुसार मानोगे तो "फलमतः" या सूत्रमें भगवान्ही सुख दुःखादि सब फलके दाता हैं यह बात लिखी है तासों विरोध आवेगो॥

शंका-सगुण है तासों कर्मसापेक्ष ईश्वरही कर्ता होवे हे ।

अभिप्राय यह है गुणाधीन होयवेंसों जैसें ईश्वरताकी हानि नहिं तैसें कर्माधीन होयवेसोंभी ईश्वरताकी हानि नहिं होवे हे ॥

उत्तर- जो उच्चावच सृष्टिकों सृजें है वोही जगत्कर्ता है, परंतु सगुण नहिं है ॥ गुणन् करके अभिमानी जे ब्रह्मादिक देवता हें वेही सगुण कहावेंहैं ॥ यद्यपि हम देहेंद्रियवारे हैं ऐसो अभिमान ब्रह्मादिकन्कूं नहिंहै तथापि विना अधिष्ठाता देवताके सत्व-रजस्-तमोगुण स्वयं सृष्टिकार्य नहिं कर सकेंहैं तासों गुणके अभिमानी ब्रह्मादिक देवता हैं, वेही गुणन्के अधिष्ठाता देवता हैं, वेही सगुण कहावेंहैं, वे सब देवता ब्रह्म के अंशरूप हैं अतः परतन्त्र हैं, यह बात "यस्य प्रसादजो ब्रह्मा रुद्रः क्रोधसमुद्भवः" "आदावभूच्छतधृती रजसास्य सर्गे विष्णुः" इत्यादि पुराणस्मृतिमें प्रसिद्ध है ॥८१॥

परमतनिराकरण

केचिदत्रातिविमलप्रज्ञाः श्रौतार्थबाधनम्॥
कृत्वा जगत्कारणतां दूषयंति हरौ परे॥८२॥

तत्वदीपप्रकाशः

एवं स्वमतं स्थापयित्वा परमतनिराकरणाय भगवन्तं सगुणं मन्यमानानुपहसति॥ केचिदत्रेति॥

अतिक्रांता विमला प्रज्ञा येभ्यः॥ तत्र हेतुमाह॥ श्रौतार्थबाधनमिति॥ श्रुत्या अभिधया वृत्त्या योऽर्थ : प्रतिपाद्यते प्रकरणानुरोधेन स एव श्रुत्यर्थः॥ तत्र "सदेव सौम्येदमग्र आसीत्" "ब्रह्मविदाप्नोति परम्" "भृगुर्वै वारुणिः" इत्यादि ब्रह्मप्रकरणेषु निःसंदग्धेषु ब्रह्मण एव केवलस्य जगत्कारणत्वं प्रतिपादितं तत्सामान्यादितरेष्वपि संदिग्धेषु व्याससूत्रेषु तथैवार्थो निर्णीतः। तदुभयं बाधित्वा वाक्याभासं युक्त्याभासं च पुरस्कृत्य ब्रह्मणो जगत्कारणतां दूषयन्ति॥ परो हरिः पुरुषोत्तमः परं ब्रह्मेति यावत्॥८२॥

व्रजभाषाटीका

भगवान् तो सर्वात्मा रूप है तासों गुणरूपभी आपही है सबके नियंता है मूलकर्ता है तासों सगुण नहिं है जो भगवान् सगुण होवें तो गुणाधीन होयवेंसों स्वतन्त्र कर्तापनो जो श्रुतिपुराणन्में लिखो है तासों विरोध आवेगो॥

कितनेक अतिबिंबविमलबुद्धि व बारे अर्थात् निर्मलबुद्धि जिनको उल्लंघन करगईहै ऐसेपुरुष पहिले ब्रह्मकूं जगत्को कारण मानकरकें कारण-ताको खंडन करेंहैं। शुद्ध ब्रह्महि जगत्को कर्त्ता है येही श्रुतिनको मुख्य अर्थ है ताकूं नहिंमानें है॥

तहां छांदोग्य उपनिषद्में "सदैव सौम्येदमग्र आसीत्" या श्रुतिमें जगत्की उत्पत्तिके पहिले अप्रकटस्वरूप केवल सद्रूप एक परब्रह्महीको वर्णन करकें शुद्धब्रह्मसोंही तेज आदि पदार्थन्की उत्पत्ति कही है तासों शुद्धब्रह्मही जगत्को बीज है यह सिद्ध होवेहै। ऐतरेयउपनिषद्मेंभी परमात्मासोंही जल आदि पदार्थन्के क्रमकरके लोकपालादिकनकी सृष्टि कहीहै ऐसेंही तैत्तिरीयउपनिषद्में ब्रह्म सच्चिदानंदरूप है ऐसे लक्षण कहिकें "तस्मादात्मन आकाशः संभूतः"। वा ही शुद्ध सच्चिदानंदस्वरूप परब्रह्मसों आकाश आदि सबजगत्की उत्पत्ति वर्णनकरी हे॥ इनवाक्यन्में मायाशबलित ब्रह्मसों जगत्की उत्पत्ति कहीं नहिं वर्णनकरीहै । तासों व्यासजीने शुद्धपरब्रह्मकूंही जगत्कारण कह्योहै॥ तथा इनवाक्यान्के समान जिनवाक्यन्में आकाश प्राण आदिकन्सों सृष्टि वर्णनकरी है उन वाक्यन्मेंभी "आकाशस्तालिङ्गात् अतएवप्राणः" इत्यादि सूत्रनकरिकें "आकाश" "प्राण" आदि शब्दन्कों ब्रह्मके वाचक कहिकें शुद्धब्रह्मही जगत्को कारण है यह सिद्धांत जतायो॥८२॥

अनाद्यविद्यया बद्धं ब्रह्म तत्किल कारणम्॥
स्वाविद्यया संसरति मुक्तिः कल्पितवाक्यतः॥८३॥

तत्वदीपप्रकाशः

तर्हि किं कारणमित्याकांक्षायामाह॥ अनाद्यविद्येयेति।

अनादिरविद्या अहमज्ञ इत्यनुभवसिद्धाभावरूपा। तेन बद्धं चैतन्यं तदध्यासात्तदेतादृशं जगत्कारणं कार्यानुरूपस्यैव कारणस्य युक्तत्वात्॥ कार्यं तु जगज्जडात्मकं हेयं तुच्छनिष्ठम्॥ अतः कारणेनापि तथा युक्तेन भाव्यमिति युक्तयाभासः॥ वस्तुतस्तु "सत्यं चानृतं च सत्यमभवत्" इति "स आत्मानं स्वयमकुरुत" इति "प्रजायेय" इत्यादिवाक्यैः स्वतःप्रमाणभूतैर्निःसंदिग्धं प्रतिपाद्यते कार्यरूपस्य जगतोऽब्रह्मत्वम्॥

कुत्सितत्वं न क्वचिदपि ब्रह्मविदां हृदये भासते॥ यथा स्वांगेषु पुरुषस्य पृथग्भान एव तथा प्रतीतेः॥ अन्यथा बीजादीनां ब्रह्मत्वकथनं मलदृष्टांतेन बाधितं स्यात्। तथा सति सर्वसन्मार्गनाशः॥

तथा वाक्याभासाः॥ "इंद्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते" "अमृतापिधानाः" "वाचारम्भणं विकारः" "मायां तु प्रकृतिं विद्यात्" इत्यादयः॥

एतेषां पदार्थप्राया माया वाक्यविरोधेन न वाक्यार्थे संगच्छते॥ तथाच यथायथं 'माया'शब्देन क्वचिदिंद्रियवृत्तिः क्वचित्प्रथमं कार्यं सूक्ष्ममनृतशब्देन देहेंद्रियादिकम्॥ "सत्यं चानृतं च सत्यमभवत्" इति ब्रह्मण एव देहेंद्रियादिरूपत्वमात्मरूपत्वं च नत्वत्र स्वप्नादिदृष्टांतेन मिथ्यात्वं वक्तुं शक्यते॥ बाधश्रवणाच्च "मिथ्यादृष्टिर्नास्तिकता" "मायेत्यसुराः"॥ "असत्यमप्रतिष्ठं ते जगदाहुरनीश्वरम्" इत्यादिवाक्यैः साधकानि सहस्त्रशो वाक्यानि संति॥ "स सभूतं स भव्यम्" इति "हरिरेव जगद्" इत्यादीनि॥ अतो

बाधितोप्यविद्यावादः केषाञ्चिद् हृदये शमादिरहितानां चित्तदोषेण ''जगद्दुष्टम्'' इति पश्यतां प्रतिभातीत्याह॥ किल इति॥

तन्मते बंधमोक्षौ निरूपयति॥ स्वाविद्ययेति॥

चैतन्यमात्रनिष्ठया जलावरणमलरूपया॥ आत्मानं बहिर्मुखः संसारिणं मन्यते॥ तस्य च मोक्षस्तेनैव विद्यावत्त्वेन कल्पितगुरोरुपदेश-वाक्यदिति॥८३॥

व्रजभाषाटीका

मायावादीलोग श्रुतिसूत्रन्के मुख्य अर्थकों नहिं मानेंहैं याको बाधकरिकें मिथ्यावाक्य मिथ्यायुक्तिन्करिकें ब्रह्मके जगत्कर्तापणेमें दोष लगावेंहैं, परब्रह्मकुं कारण नहिं मानेंहैं तब वे लोग जगत् बनायवेवारो कौनकूं मानेंहैं या आशंकाकूं दूरकरिवेकेंलियें मायावादीमतको वर्णन करेंहैं।

अनादि जो अविद्या अर्थात् जाको आदि नहिं हे ऐसे भावरूप अज्ञानकरिकें बंध्यो भयो जो साकार चैतन्य वो या जगत्को कारण है, क्योंकि जैसो कार्य होवेहै कारणभी वाहीके अनुकूल वैसोही होवेंहै॥ कार्य जो जगत् है सो जड़रूप है और हेय है, कदर्य उत्पत्ति अन्तवालो है, तासों कारणभी वैसोही जड़- हेय तुच्छनिष्ठ होनों चाहिये, यह उनकी मिथ्यायुक्ति है॥

सिद्धांततो यह है वेदव्यासजी महाराजनें ब्रह्मसूत्रन्में श्रुतिनकूं ही प्रमाण मानीहै। लौकिकयुक्तिन्कूं प्रमाण नहि मानीहै॥ श्रुतिन्में ब्रह्मकूं कारण बतायोहै ''सत्यश्चानृतश्च

सत्यमभवत्'' या श्रुतिमें कार्यकूंभी ब्रह्मत्व कह्यो है ''स आत्मानं स्वयमकुरुत'' या श्रुतिमें भगवान्नें अपने आत्माकूंही जगत्रूप कियो ये बात लिखी है ''बहुस्यां प्रजायेय'' या श्रुतिमें भगवान्ही बहुतरूपवारे होयवेकी इच्छाकरते भये यह बात लिखी है।। उच्चनीचादिभाव जगत्में दीखें हैं तथापि ब्रह्ममें कोई प्रकारको दोष नहिंहै यह बात जताई।। स्वयं प्रमाण वेदवाक्यन्सों कार्यरूप जगत्कूं ब्रह्मपनो सिद्धकियो याहीकारण ब्रह्म ज्ञानीन्कूं जगत्को तुच्छपणो अथवा कुत्सितपणो नहिंदीखेहै, निर्दोषब्रह्मरूपही दीखेहै और जिनकी अविद्या दूर नहिंभई है उन मनुष्यन्कूंही जगत्में कुत्सितपणो आदि अनेक दोष दीखेंहैं।। जैसें सफेद शंख पीलीयावारेमनुष्यकूं पीलो दीखेहै परंतु संख तो सफेदही है याहीप्रकार जगत्तो ब्रह्मरूपही है, अज्ञानीलोगनकूं अविद्याकरिकें अनेकदोषवारो दीखेहै।। जैसें पुरुषकूं अपने अंगनमें कुत्सितपणो नहिंमालुम पडेंहै ऐसेंही ब्रह्मके साथ जगत्को अभेद मानवेवारे ज्ञानीन्कूं जगत् कुत्सित नहिं प्रतीतहोवेहै।। जहां भेद है तहांही कुत्सित्वादिदोष प्रतीत होवेंहैं।। जो जगतकूं कुत्सित मानोगे तो छांदोग्यमें तथा गीतामें (बीजं मां सर्वभूतानाम्) याश्लोकमें बीजन्कूं ब्रह्मरूपता लिखी है सो नहिं बन सकेगी, क्योंकि जो जगत्रूपी वृक्षकूं यदि कुत्सित तुच्छ मानोगे तो जीवज अंडज अन्नमय बीजकी मलतुल्यताभी

कहसकेंगे तो ब्रह्मपणो नहिंहोयगो, अर्थात् जगत्रूप वृक्षकुं तुच्छ मानोगे तो जगत्को बीज ब्रह्मभी तुच्छ भयो॥ तबतो ब्रह्मज्ञान होयवेके लियें पंचाग्निविद्याके साधक जो श्रौतयज्ञादिकर्म तथा स्मृतिके बनाये ज्ञान होयवेके उपाय वृथाही होंयगे, तो सब सन्मार्गको नाश होयगो इति॥

आगे ईश्वरकों मायाकृत बंध होयवेमें मायावादीके मतानुसार प्रमाण दिखावेंहैं॥ "इंद्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते" मायाकरके बहुतरूप जाके होरहेंहैं ऐसो परमेश्वर दृष्टिगोचर होवेंहै, या रीतिको या वाक्यको अर्थ मायावादी करेहैं परन्तु याको ऐसो अर्थ नहिंहै, बोहोत रूपवारो परमेश्वर मायाकरिकें अर्थात् नेत्रादि इंद्रियजन्यबुद्धिकी वृत्तिन् करिकें दर्शनमें आवें है या रीतको अर्थ है, क्योंकि या श्रुतिमें पहिलीके दोयपदमें विनाही माया बहुत रूप धारणकरनो लिख्योहै तासों बहुतरूप धारणकरिवेमें माया कारण नहिंहै, बहुतरूपवारे परमेश्वरके देखिवेमें माया सहायकमात्र है॥

ऐसेंही "मायान्तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनन्तु महेश्वरम्" अर्थ-माया प्रकृतिसों कहेंहैं, प्रकृति-सहित परमेश्वरकूं मायी जाननो। या वाक्यमें सत्यप्रकृतिको ग्रहण करनो मिथ्यामायाको ग्रहण नहिंकरनो, क्योंकि एकादशस्कंधमें "प्रकृतिर्ह्यस्योपादानम्" याश्लोकमें प्रकृतिपुरुषकालकूं भगवद्रूपता लिखीहै। "अनृतापिधानाः" यह श्रुतिभी जगत्कूं मिथ्यात्व नहिंकहेहै किन्तु दहरज्ञानीके (काम)

मनोरथ अनृतकरके अर्थात् देहेंद्रियादिकन्‌करिकें ढकेभये इत्यादि अर्थकों कहेंहै।

ऐसेंही 'वाचारम्भण' श्रुतिकोभी कार्यकूं कारणात्मा मानकें वाकूं सत्यकहवेमेंही तात्पर्य है॥ 'माया'शब्दके क्रिया, दम्भ, बुद्धि आदि अनेक अर्थ अनेकार्थकोशमें लिखेहैं॥ वेदनिघण्टुमें माया अभिख्या, वयुन इनकूं बुद्धिके नाम कहेंहैं, बुद्धि है सो न्यारी- न्यारी इंद्रियन्‌करिकें नानाप्रकारकी होवेंहै तासों "मायाभिः" यह बहुवचनहै॥ "मायांतु प्रकृतिम्" या वाक्यमें 'माया'नाम सृष्टिके आरंभमें जो सूक्ष्म कार्य हे वाको नाम है॥ अनृतनाम देहेंद्रियादिकको है॥ जो यहां 'अनृत' नाम यदि मिथ्याको होय तो मिथ्या होयसो सत्य नहिंहोयसके है॥ यहां तो आगेकी श्रुतिमें "सत्यश्चानृतश्च सत्यमभवत्" या वाक्यमें अनृत और सत्यरूप दोनों सत्यरूप होतेभये यह बात लिखीहै। तासों या वाक्यको ऐसो अर्थ करनो "अनृत जो देहेंद्रियादिक, सत्य जो जीवात्मा दोनोंरूप सत्य जो ब्रह्म है सोही होतोभयो"॥ याकि आदिमें भगवान् बहुरूप होयवेकी इच्छाकरतेभये ऐसें लिखीहै॥ अन्त्यमें "सत्यमभवत्" अर्थात् सत्यही होतो भयो यह लिखी है॥ जो 'अनृत'शब्दकों मिथ्यावाची मानोंगे तो आद्यन्तसों विरोध आवेगो। तासों स्वप्नके दृष्टांतसों जगत्कूं भ्रमरूप नहिं मानलेनों "असत्यमप्रतिष्ठन्ते जगदाहुरनीश्वरम्" या गीतावाक्यमें जगत्कूं असत्य

मानवेवारेकूं आसुरजीव कह्योहै॥ तथा "यद्भूतं यच्च भाव्यम्" "हरिरेव जगत्सर्वम्" इत्यादि सहस्त्रवाक्यन्में जगत् भगवद्रूप मान्योहै॥ याप्रकार अनेकप्रमाणसों खंडन कियो भयो भी अविद्यावाद है सो चित्तदोषकरिकें जगत्कूं दोषसहित मानवेवारे शमदमआदिसाधनरहित पुरुषनके हृदयसों दूर नहिं होवेहै उनके हृदयमें वैसोही भासमान होतो रहतहै॥

मायावादीके अनुसार बंधमोक्ष दिखावेंहैं॥

उनके मतमें प्रदेशविशेषमें जलको जो आवरण मल ताके स्थापनापन्न अविद्याकरिके निष्फल ब्रह्म अपने स्वरूपको ज्ञान भूल जावेहै तब बहिर्मुख होयके आपुनको संसारी मानेहै येही बंध है॥ मूल अज्ञानसों छूटजानोही मोक्ष मानेंहै। कल्पना करिके ज्ञानवान् मानेगये गुरुके उपदेशवाक्यकोही मोक्षको साधन मानेंहैं और जितने लौकिक वैदिक यज्ञ भक्ति आदि साधनकूँ भ्रमात्मक जगत्मध्यपाति मानके मिथ्या बतावेंहैं॥८३॥

एवं प्रतारणाशास्त्रं सर्वमाहात्म्यनाशकम्॥
उपेक्ष्यं भगवद्भक्तैः श्रुतिस्मृतिविरोधतः॥
कलौ तदादरो मुख्यः फलं वैमुख्यतस्तमः॥८४॥

तत्वदीपप्रकाशः

ननु एवमेवास्तु शास्त्रार्थः को दोषः ? इति चेत्तत्राह। एवं प्रतारणाशास्त्रमिति॥

यथा प्राणिनो भगवद्विमुखा भवंति तथोपायो रचितः। नत्वत्र किंचित् ज्ञातव्यमस्ति॥ त हेतुमाह॥ सर्वमाहात्म्यनाशकमिति॥ यद्धि सर्वोपास्यं तस्य माहात्म्यं नाशयति सर्वेश्वरः सर्व कर्त्ता सर्वकारणरूपः इत्यादिरूपम् । तर्ह्येतन्मतं सर्वं लिखित्वा दूषणीयमिति चेन्नेत्याह॥ उपेक्ष्यमिति॥ असद्भावनया स्वसयापि बुद्धिनाशःस्यादतस्तत्रोपेक्षैव कर्तव्या सुतरां भगवद्भक्तैर्भक्तिमार्गविरोधात्॥ तद्दूषणमाह॥ श्रुतिस्मृति विरोधतः इति॥ स्वप्रकरणपठितैः "आनंदाद्ध्ये वखल्विमानि भूतानि जायंते" इति "अहं सर्वस्य जगतः प्रभवः प्रलयस्तथा" इति वाक्यसहस्रैः-र्मायावादो विरुद्ध्यते॥

सर्वेषामादरान्यथानुपपत्तिं परिहरति॥

कलौ तदादरो मुख्यः इति॥

तत्रापि हेतुः फलं वैमुख्यतः इति॥ भगवद्वैमुख्यात्तमो भावि॥८४॥

व्रजभाषाटीका

या रीतिको मोह करायवेवारो शास्त्र प्राणिन्कूँ भगवान्सों विमुखकरिवेकेलिये बनायो है, या रीतिके शास्त्रमें कोईभी बात जानवेयोग्य नहिं है॥ भगवान् सबके ईश्वर हैं, सबके कर्ता हैं, कारणकेभी कारण हैं, या रीतके सर्वोपास्य पुरुषोत्तमके माहात्म्यकूँ नाश करिवेवारो यह मायावादशास्त्र है, भक्तिमार्गको विरोधि है, तासों भगवद्भक्तनकूंभी या मतकी उपेक्षा करदेंनी चाहिये॥ या मायावादमें "आनन्दाद्ध्येवखल्वि-मानि भूतानि जायन्ते" "अहं सर्वस्य जगतः प्रभवः प्रलयस्तथा" इत्यादि हजारन् वाक्यको विरोध है॥ कलियुगमें या मतको बहुत आदर है,

या करिकें आसुरजीव भगवान्सों विमुख होयकें तम के भागी होंयगे ॥८४॥

ज्ञाननाश्यत्वसिद्ध्यर्थं यदेतद्विनिरूपितम् ॥
तदन्यथैव संसिद्धिं विद्याविद्यानिरूपणैः ॥८५॥

तत्वदीपप्रकाशः

ननु स्वात्मज्ञानान्मोक्षः सिद्ध्यत्विति प्रपंचनिवृत्त्यर्थं प्रपंचस्याज्ञानकार्यत्वमुच्यते ॥

यतो ज्ञानमज्ञानस्यैव नाशकमिति ॥ सकार्यामविद्यां विद्या नाशयत्विति जगतो मायिकत्वं प्रतिपाद्यते इति चेत्तत्राह ॥ तदन्यथैव संसिद्धमिति ॥ नहि ब्रह्मविद्यायां प्रपंचविलयोपेक्ष्यते तथासति प्रलयवत्सर्वेषां अनादरणीयता स्यात् ॥ अतो विद्याविद्यानिरूपणैः साधनशास्त्रैरेवान्यथासिद्ध-मिति न तदर्थं प्रपंचविलयो वक्तव्यः ॥

"विद्यांचाविद्यां च" इत्यादिश्रुतयोऽत्रा-नुसंधेयाः ॥ हृदये स्वयं भासमानो भगवान्मोक्षं दास्यति किं प्रपंचविलयेनेति भावः ॥८५॥

व्रजभाषाटीका

शंका - आत्मज्ञानसों मोक्ष होवे है यासों विद्या अर्थात् ज्ञान है सो जगद्रूप कार्यसहित अविद्याको नाश करेहै। यासों जगत्कूँ मायिक अर्थात् अविद्याको कार्य मानेंहैं, क्योंकि जो अविद्याको कार्य न होय तो ज्ञानसों कैसें निवृत्त होय ॥

उत्तर- अविद्याको कार्य अहंता-ममतारूप संसारही है, जगत् अविद्याको कार्य नहिं है । और विद्या अर्थात् ज्ञानकरकेभी अहंता-ममतारूप संसारकोही नाशहोवे है ॥

जगत्को ज्ञानसों नाश नहिंहोयहै, ब्रह्मज्ञानमें जगत्के लय होयवेकी अपेक्षा नहिंहै, ऐसेंही होयतो जैसें प्रलयकों कोई पुरुषार्थ नहिं समुझेहैं ऐसेही ब्रह्मविद्याभी अनादर करिवेयोग्य होजायगी! तासों विद्यासों अविद्याकी निवृत्ति करिवेवारे शास्त्रन्सों ज्ञान है सो अज्ञानात्मक अहंताममता-रूप संसारकी निवृत्ति करेहै यहही बात सिद्ध होयहै, अतः मोक्षकेलिये जगत्को लय होनो नहिं कहनो चाहिये॥ ''विद्याश्चाविद्याश्च'' याश्रुतिके अन्तमेंभी ''विद्यामृतमश्नुते'' या वाक्यमें ब्रह्मसाक्षात्कारकरिके अमृत-मोक्षकी प्राप्ति लिखी है। तासों हृदयमें भासमान भये भगवान् स्वयं मोक्ष देंयगे, जगत्के लय होयवेसों कहा प्रयोजन है॥८५॥

यन्मायिकत्वकथनं पुराणेषु प्रदृश्यते॥
तदैंद्रजालपक्षेण मतान्तरमिति ध्रुवम्॥
नास्ति श्रुतिषु तद्वार्ता दृश्यमानासु कुत्रचित्॥८६॥

तत्वदीपप्रकाशः

ननु पुराणेषु मायिकत्वं श्रूयते प्रपंचस्य ''विद्धि माया मनोमयम्'' ''त्वय्युद्धवाश्रयति'' इत्यादिषु ततो लाघवात्मायावाद एव बुद्धिसौकर्यादंगीकर्तव्यः इत्याह॥ यन्मायिकत्वकथनमिति॥

एव मनूद्य परिहरति॥ तदैंद्रजालपक्षेणेति॥ सृष्टिभेदेषुएन्द्रजालपक्षो निरूपितः॥ स एव पुराणेषु वैराग्यार्थं निरूप्यते॥ अतो न वस्तुनिरूपकम्॥ किंतु तन्मतांतरमसुरव्यामोहजनकम्॥ पुराणानि भगवल्लीलाप्रतिपादकानि भगवच्चरित्रवद्दैत्यानां मोहमुत्पादयंति॥

एवमेवेत्यत्रोपपत्तिमाह॥ नास्ति श्रुतिष्विति॥

यदि जगतो मायिकत्वं ज्ञानार्थं कमार्थं वाभिमतं स्यात्तदा काण्डद्वयमध्ये क्वचिदुक्तं स्यात्॥ ननु सर्वे वेदास्त्वया न ज्ञायंत इति कथं ज्ञायते नोक्तेति तत्राह॥ दृश्यमानास्विति॥ एकादश शाखाः सांप्रतं प्रचरंति तासु न दृश्यते इति अर्थः ॥८६॥

व्रजभाषाटीका

पुराणन्में जो कहाँ-कहाँ "विद्धि मायामनो-मयम्" "त्वय्युद्धवाश्रयति यस्त्रिविधो विकारः" इत्यादि स्थलनमें जगत्कूं मायिक बतायोहै सो या ग्रन्थमें पहिले कहेभये वैदिकसृष्टिके प्रकारन्में इन्द्रजालके समान जो सृष्टिको प्रकार लिख्यो है- जा सृष्टिके भगवान् उपादान कारण नहिं हैं केवल मायाद्वाराही होय हैं - वाको निरूपण भगवान्को वैराग्यगुण दिखायवेके लिये कियो है॥ वाही मिथ्यासृष्टिको निरूपण पुराणन्में कहीं है सो जगत्कूं मिथ्या समुझिके अहंता ममता छोडदेंगे तो मनुष्यनकूँ वैराग्य सिद्ध हो जायगो याकेलिये कियोहै॥

यापक्षसों पदार्थको ज्ञान नहिं होयहै किन्तु यह मतांतर है, आसुर जीवन्कूं मोहजनक है॥ भगवल्लीलाके कहिवेवारे पुराण जैसे अवतारन्में आसुरजीवन्की भक्ति जा तरेहसुं नहिं होय वा तरेहसुं मोहकचरित्रको वर्णनकरेंहैं, जैसे शाल्व दैत्यके लायेभये मिथ्या वसुदेवके मस्तक को खंडन देखिके श्रीकृष्णको शोच करनो भागवतमें शुकदेवजीनें मतान्तरके

अभिप्रायसों लिखिकें वाको खंडन करदीनो है, ऐसेही जगन्मिथ्यापक्ष लिखिके दैत्यनकूं मोह करावें हैं ॥ जगत्के मिथ्यापणेंको ज्ञानमें अथवा कर्ममें उपयोग होय तो वेदके दोनों काण्डमें लिख्यो दीखवेमें आनों चाहिये ॥ कदाचित् कहोगे सब वेदकों आप जानों नहिंहो तब कैसें मालुम पडी वेदमें नहिंलिख्यो है ?

तहाँ आप आज्ञाकरें हैं यासमयमें ग्यारह शाखा को प्रचार है उनमें नहिं लिख्योहै ॥ उन शाखान्के नाम या प्रकार हे :?

१तैत्तिरी २काण्वी ३माध्यन्दिनी ४मैत्रायणी ५मानवी यह पांच यजुर्वेदकी शाखा हें । हिरण्य-केशी तैत्तिरीकोही नाम है ॥

६ शांखायनी ७ आश्वलायनी ऋग्वेदकी दो शाखा हैं ॥

८ कौथुमी ९ राणायनी यह दो सामवेदकी शाखा हैं।

१० शौनकी ११ पैप्पलादी यह दो शाखा अथर्ववेदकी हैं ॥८६॥

वाचरंभणवाक्यानि तदनन्यत्वबोधनात् ॥
न मिथ्यात्वाय कल्प्यंते जगतो व्यासगौरवात् ॥८७॥

तत्वदीपप्रकाशः

ननु अस्ति सामशाखायामुत्तरकांडे वाचारंभणवाक्यमिति चेत्तत्राह ॥ वाचारंभणवाक्यानीति ॥

अत्रोपक्रमे "कतमः स आदेशः" इति प्रश्ने "यथैकेन मृत्पिण्डेन"

इत्यादिदृष्टांतैः सामान्यलक्षणप्रत्यासत्तिरिव निरूपिता॥ दृष्टांते कार्यकारणयोरुभयोरपि प्रत्यक्षत्वम्॥ दार्ष्टांतिकेषु कार्यं प्रत्यक्षसिद्धं कारणं श्रुतिसिद्धम्॥ कारणताप्रकारश्च तत्र कार्यकारणयोरभेदो बोधनीयः॥ अन्यथैकविज्ञानेन सर्वविज्ञानं न स्यात्॥ प्रकारभेदानाम-ज्ञानात्॥ अतः कार्यप्रकाराःव्यवहारार्थं वाचा संकेतिता घटः, पटः इत्यादयो नतु तेन रूपेण तेषां वस्तुत्वम्॥ तथा सत्येकविज्ञानेन सर्वविज्ञानं न भवेत्॥ सत्यता तु "मृत्तिकेत्येव" कारणत्वेनैव॥ अतः कार्याणां तदनन्यत्वमेव श्रुत्या बोध्यते नतु मिथ्यात्वं शुक्तिरजतवत्॥ अन्यथा शुक्तिरजतादिकमेव दृष्टांती-क्रियते॥ नापि तत्र सामान्यलक्षणा संभवति भ्रमाणामनंतरूपत्वात्॥ तस्माद्वाचारंभण-वाक्यानि जगतो मिथ्यात्वाय न कल्प्यंते॥ तथैवाह सूत्रकारः॥ "तदनन्यत्वमारंभणशब्दादिभ्यः" इति॥ ननु यथा व्यासो महांस्तथा शंकरादिरपि ततस्तद्विरोधात्कथमेवं निर्णयस्तत्राह॥ व्यासगौरवादिति॥ व्यासोऽस्माकं गुरुरतो व्यासाभिप्रेतविरुद्धं नांगीक्रियते इत्यर्थः॥८७॥

ब्रजभाषाटीका

सामवेदकी शाखामें "वाचरंभण" श्रुतिसों जगत्को मिथ्यात्व सिद्ध होयहै एसे कहिवेवारे मायावादीके प्रति वाचारंभणश्रुतिको ठीक- ठीक अर्थ दिखावेंहैं॥

या "वाचारंभणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्" श्रुतिके उपक्रममें अर्थात् आरंभके पूर्व मृत्तिकापिंडको दृष्टांत दियो है, जैसें एक मृत्तिकापिण्डके जानिवेसों जितने माटीके बने पदार्थ हैं उनको ज्ञान होवेहै, या प्रकार सामान्यरीतिसों ब्रह्मको लक्षण दिखायो॥ दृष्टांतमें कारण मृत्तिका तथा कार्य

घडा-चप्पन आदि प्रत्यक्ष दीखवेमें आवें हैं ॥ जाकेलिये दृष्टांत दियो वा दार्ष्टांतिकमें कार्य- जगत्के पदार्थ तो दीखवेमें आवेंहैं॥ कारण जो ब्रह्म है सो केवल शास्त्रमात्रसों जान्यो जायहै और जैसें मृत्तिकासों घटको भेद नहिंहै या प्रकार ब्रह्मसोंभी जगत् अलग नहिं हे, जो अलग होय तो ब्रह्मज्ञानसों जगत्को ज्ञान नहिं होयसके॥ अनेक घट-पट आदि पदार्थन्कूं व्यवहारमें लायवेके लियें "ऐसो होय तासों घडा कहनो" "ऐसो होय तासों कूँडा कहनो" या रीतिसों नाम धरि दीनें हैं॥ विचार पूर्वक देख्यो जाय तो ये सब मृत्तिकाही है, तासों "मृत्तिका सत्य है" या श्रुतिकरके कार्य कारणसों अलग नहिं है यह बात जताई है॥

जगत् मिथ्या है यह बात श्रुतिन्सों नहिं सिद्ध होय सकेहै, जो ऐसो श्रुतिको अभिप्राय होय तो "छीपमें जो चांदीको धोका होवे है यह चांदी मिथ्या है" वाहीको दृष्टांत देनों योग्यहतो॥ जो जगत् मिथ्या होय तो सत्य ब्रह्मज्ञानसों मिथ्या जगत्को ज्ञान कैसे संभव होय सकेहै॥ तथाच एकज्ञानसों सर्वपदार्थको ज्ञान हो जायवेकी जो प्रतिज्ञा है ताकी हानि होय है तासों जगत्कूं मिथ्या बनायवेके लियें यह श्रुति नहिं है॥ सूत्रकार वेदव्यासजीनेंभी "तदन्यत्वमारंभण-शब्दादिभ्यः" या सूत्रमें जगत्को ब्रह्मके साथ अभेदही सिद्धकियो है॥

शंका - कदाचित् कहोगे जैसें व्यासजी बडे हैं वैसे